राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 324
लखनऊ, बुधवार 16 जुलाई, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जरूरतमंद किसानों को केसीसी ऋण का समय पर लाभ दें बैंक : सूर्य प्रताप शाही 03

राज्यमंत्री ने किया रोजगार मेले का उद्घाटन, 300 कर्मियों का चयन 12


**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

सोना प्रति 10 ग्राम

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 24 कैरेट | = 99,920/ |
| | 22 कैरेट | = 91,600/ |
| | 18 कैरेट | = 74,950/ |
| चांदी प्रति किलो | | = 1,15,000/ |



# इतिहास रचकर धरती पर लौटे शुभांशु शुक्ला

## आईएसएस पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु तीन अन्य साथियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान से दोपहर तीन बजे समुद्र में उतरे

**▸ शुक्ला ने कई अनुसंधान मिशनों को दिया अंजाम जिनमें इसरो के तैयार किए गए मिशन भी शामिल**

समृद्धि न्यूज

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एएक्स-4 मिशन के अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को धरती पर लौट आये।

स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे के करीब समुद्र में उतरा। ग्रुप कैप्टेन शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताये। इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक



अनुसंधानों को अंजाम दिया।

चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर यान भारतीय समय के अनुसार सोमवार दोपहर बाद चार बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से रवाना हुआ था। बाइस घंटे से ज्यादा के सफर के बाद यान अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरा। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किये गये मिशन भी शामिल थे। भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गये हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। एएक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। ग्रुप कैप्टेन शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं।



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर हार्दिक स्वागत है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम मिशन 4 के संचालन में उनकी भूमिका ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के साथ-साथ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए नया मील का पत्थर स्थापित किया है। **द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**



मैं देशवासियों के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का पृथ्वी पर ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से लौटने पर स्वागत करता हूं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने समर्पण, साहस और पायनियरिंग स्पिरिट के जरिए देश के एक अरब सपनों को प्रेरणा दी है। **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवपूर्ण कदम है। **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**



वेलकम बैक टू अर्थ! ऐतिहासिक एक्सियोम मिशन 4 को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला व उनकी टीम को हार्दिक बधाई। आपकी उपलब्धि साहस व विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है। **योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफलता देश के लिए अपार हर्ष, गर्व व गौरव की बात है। शुभांशु शुक्ला का योगदान न केवल राष्ट्र को गौरवान्वित करता है, बल्कि उनके परिवारजन भी इस गौरवगाथा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। शुभांशु ने देश का झंडा बुलन्द किया है। शुभांशु की सफलता से देश में जश्न का माहौल है। **केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, यूपी**

## संक्षिप्त समाचार

### महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैचों का शेड्यूल घोषित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के वार्म-अप मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली आठ टीमें 25 से 28 सितंबर के बीच बेंगलुरु और कोलंबो के चार मैदानों पर अभ्यास मैच खेलेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपने पहले वार्म-अप मुकाबले में 25 सितंबर को 2017 की उपविजेता इंग्लैंड से भिड़ेगी। टूर्नामेंट से पहले कुल नौ डे-नाइट मैच खेले जाएंगे, जिनके आयोजन स्थल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 1 ग्राउंड (बेंगलुरु) और आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (कोलंबो) होगें। महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होगी और यह टूर्नामेंट 2 नवंबर 2025 तक चलेगा। यह विश्व कप 12 साल बाद एक बार फिर उपमहाद्वीप (सबकॉन्टिनेंट) में लौट रहा है। मुख्य टूर्नामेंट के आयोजन स्थल एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु, एसीए स्टेडियम, गुवाहाटी, होलकर स्टेडियम, इंदौर, एसीए-वीडीसीए स्टेडियम, विशाखापत्तनम और आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो होंगे।

### सेंट स्टीफन कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज और द्वारका इलाके में स्थित सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस के अनुसार दिल्ली के द्वारका इलाके में स्थित सेंट थॉमस स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज को मंगलवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद स्कूल और कॉलेज को एहतियात के तौर पर खाली करा लिया गया। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और खोजी स्वान मौके पर पहुंच परिसर की जांच की हालांकि फिलहाल पुलिस को स्कूल या कॉलेज में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के तीन स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने के धमकी मिली थी, हालांकि पुलिस जाँच स्कूल परिसर में कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिले हैं।

### बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को बम से उड़ाने की धमकी, सतर्कता

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में स्थित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के ई-मेल पर मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी अज्ञात शख्स ने दी। इसकी जानकारी मिलते ही मुंबई पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज परिसर की गहन छानबीन कर रही है। मंगलवार को सुबह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को मिले धमकी भरे ई-मेल में दावा किया गया था कि बीएसई टावर की इमारत में चार आरडीएक्स आईईडी बम लगाए गए हैं और ये दोपहर 3 बजे फटेंगे। यह धमकी भरा ई-मेल भेजने वाले शख्स ने अपना नाम कॉमरेड पिनाराई विजयन बताया था। धमकी मिलने पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद बम निरोधक दस्ते और स्थानीय पुलिस इकाइयां घटनास्थल पर पहुंची और परिसर का गहन निरीक्षण किया।

### भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की यमन में फांसी टली

**नई दिल्ली।** यमन में हत्या के मामले में मौत की सजा पाने वाली केरल की निमिषा प्रिया की फाँसी को स्थगित कर दिया गया है। उसे कल यानी 16 जुलाई को फांसी दी जानी थी। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। उनके अनुसार भारत सरकार इस जटिल मामले से शुरू से ही सक्रिय रूप से जुड़ी रही है और निमिषा प्रिया के परिवार को व्यापक सहायता प्रदान कर रही है। भारतीय अधिकारियों ने परिवार को विरोधी पक्ष के साथ पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तक पहुँचने के लिए अतिरिक्त समय पर बातचीत करने के अपने प्रयास तेज़ कर दिए हैं। भारतीय राजनयिकों ने जेल अधिकारियों और अभियोजक कार्यालय के साथ नियमित संपर्क बनाए रखा है।

## यौन शोषण के आरोप में फंसे क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए आईपीएल के क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर आज रोक लगा दी। यश पर एक महिला ने पांच साल तक कथित तौर पर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनिल कुमार-एक्स की खंडपीठ ने क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर फिलाहल रोक लगाने के आदेश दिये। न्यायमूर्ति ने मौखिक रूप से टिप्पणी की, आपको एक दिन, दो दिन, तीन दिन तक मूर्ख बनाया जा सकता था लेकिन किसी को 5 साल तक मूर्ख नहीं बनाया जा सकता है। आप 5 साल तक रिश्ते में रहे हैं। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख तक यश को गिरफ्तारी से बचे रहने की राहत दे दी।

## यतीमखाना मामले में आजम खान की याचिका पर 28 को होगी सुनवाई

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व सांसद मोहम्मद आजम खान और मोहम्मद इस्लाम उर्फ इस्लाम ठेकेदार सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ साल 2016 के चर्चित यतीमखाना मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने दिया है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी व एनआई जाफरी तथा राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व एजीए जेके उपाध्याय उपस्थित हुए थे।

आजम खान और मोहम्मद इस्लाम उर्फ इस्लाम ठेकेदार की याचिकाओं में मांग की गई है कि मुख्य गवाहों, विशेष रूप से सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के



चेयरमैन ज़फर अहमद फारूकी की दोबारा गवाही कराई जाए और महत्वपूर्ण वीडियो फुटेज को रिकॉर्ड में लाया जाए, जो उनकी घटनास्थल पर अनुपस्थिति साबित कर सकती है। यतीमखाना प्रकरण में आजम खान व अन्य के खिलाफ रामपुर कोतवाली 12 एफआईआर दर्ज हुई थीं। इनमें आजम खान और अन्य पर डकैती, गृह में अनधिकृत प्रवेश और आपराधिक षड्यंत्र जैसे गंभीर आरोप हैं। याचिकाओं में कहा गया है कि मुकदमा राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## पिथौरागढ़ में भीषण सड़क हादसा, आठ की मौत, छह घायल

**देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के मुलाली में एक मैक्स वाहन थल नदी में जा गिरा। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घाय हुए हैं। सभी का इलाज जारी है। वाहन में कितने लोग सवार थे, इसकी आधिकारिक जानकरी नहीं मिली है। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने मौके की ओर टीम रवाना की है और मौके पर पुलिस, राजस्व, आपदा प्रबंधन टीम के साथ ही स्थानीय लोग रेस्क्यू में जुटे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दुर्घटना पर दुख जताया है। पुलिस कन्ट्रोल से मिली जानाकारी के मुताबिक मंगलवार शाम 5.20 बजे तहसील देवलथल अन्तर्गत थल मुवानी मोटर मार्ग पर स्थान मुवानी पुल के समीप एक मैक्स वाहन (संख्या K05 T 0193) मुनस्यारी से पिथौरागढ़ को आ रहा था। मुवानी पुल के समीप अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा।

## अवैध धर्मांतरण : छांगुर के करीबियों पर शिकंजा कसने की तैयारी में ईडी व एटीएस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/बलरामपुर।** बलरामपुर जिले में अवैध धर्मांतरण मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के खिलाफ पीड़ित लड़कियों के लगाए गए आरोपों की जांच शुरू हो गई है। ईडी, एटीएस पुलिस छांगुर के गिरोह के उन करीबियों पर शिकंजा कस रही हैं, जिनकी मदद से उसने करोड़ों की चल-अचल संपत्ति का साम्राज्य खड़ा किया था। ईडी ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

ईडी के अधिकारियों के अनुसार छांगुर और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन और उनकी संस्थाओं के 30 से ज़्यादा खातों में 68 करोड़ से ज़्यादा के लेन-देन का पता चला है। उतरौला क्षेत्र में तीन-चार लोग ऐसे पाए गए जो कभी विदेश नहीं गए पर उनके खातों में पैसे आए हैं। ये लोग छांगुर के करीबी हो सकते हैं। एटीएस बैंक स्टेटमेंट के साथ ही अन्य साक्ष्य जुटा रही है। इन पर नजर रखा जा रहा है।

### सरकारी जमीन कब्जा कर बनी करोड़ों की कोठी

उतरौला के मधपुर गांव में बनी आलीशान कोठी की कीमत 12 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है, जो अवैध कमाई से सरकारी जमीन पर कब्ज़ा कर बनाई गई थी। इसे धवस्त कर दी गई है। इस कार्रवाई में लगे खर्चें को भी आरोपित से वसूलेगी। कोठी का निर्माण करवाने वाले वसीउद्दीन ने पूछताछ में एटीएस को बताया कि निर्माण कार्य वर्ष 2022 में शुरू हुआ था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। पूरी कोठी को खंभों पर खड़ा किया था, ताकि छांगुर उसे अपनी इच्छानुसार कमरों में बांट सके। उसने बताया कि छांगुर ने उनसे कहा था कि वह एक स्कूल खोलना चाहता है। एक अस्पताल भी खोलेगा, लेकिन निर्माण के दौरान उसे देखने आने वाले और उनके कहने के हिसाब से निर्माण कार्य कराये जाने से उन्हें आभास हो गया था कि कोठी किसी गलत काम के लिए बनवाई जा रही है।

### छांगुर के मददगार नेपाल सीमा पर भी मौजूद

जांच के दौरान पाया गया है कि छांगुर के कई मददगार नेपाल सीमा के पास भी मौजूद हैं। नवीन और नीतू उनसे अक्सर मिलते थे। इन लोगों के भी बैंक खातों की जांच की जा रही है। ईडी छांगुर और नीतू के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं और लव जिहाद के आरोपों की जांच कर रही है। जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं, जिनमें हवाला के जरिए लेन-देन और धर्म परिवर्तन के लिए प्रशिक्षण शामिल हैं। ईडी इस मामले में जल्द ही बड़ी कार्रवाई कर सकती है।

## यूपी बोर्ड : 10वीं, 12वीं के छात्र पांच अगस्त तक जमा करें परीक्षा शुल्क

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले संस्थागत परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर आज ऑनलाइन अपलोड करने का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके साथ ही यूपी बोर्ड में परीक्षा शुल्क भी घोषित किया है।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने शेड्यूल और परीक्षा शुल्क की जानकारी देते हुए बताया कि शेड्यूल के अनुसार संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा संस्थागत छात्र छात्राओं का कक्षा 10 और 12 वीं में प्रवेश लेने और परीक्षा शुल्क प्राप्त करने की की अंतिम तिथि 5 अगस्त तय की गई है। संस्था के प्रधान द्वारा सभी अर्ह

**10 अगस्त के बाद विलम्ब शुल्क 100 रुपए प्रति छात्र करना होगा जमा, 21 से 31 अगस्त तक होगा छात्रों के विवरण का मिलान**

छात्र, छात्राओं से प्राप्त परीक्षा शुल्क को एकमुश्त चालान के माध्यम से कोषागार में 10 अगस्त तक जमा किया जा सकेगा। संस्था के प्रधान द्वारा कोषागार में जमा किए गए परीक्षा शुल्क की सूचना छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त रात 12 बजे तक तय की गई है। 10 अगस्त के बाद प्रति छात्र 100 रुपए विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त तय की गई है ।

## डोडा में यात्री वाहन खाई में गिरा, महिला सहित पांच की मौत, 17 घायल

**डोडा।** जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिले डोडा में मंगलवार को एक ओवरलोड यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद ने इस दुखद दुर्घटना में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया है। टैम्पो ट्रैवलर के यात्रियों मोहम्मद अशरफ (35), मंगता वानी (51), अत्ता मोहम्मद (33), तालिब हुसैन (35) और रफीका बेगम (60) को डोडा के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। यह दुर्घटना पोंडा के पास डोडा-भरथ रोड पर सुबह करीब 9 बजे हुई।

## सेना पर टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी ने लखनऊ कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

**एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार के दो बॉन्ड पर राहुल गांधी को दी जमानत**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार दोपहर को लखनऊ कोर्ट में सरेंडर किया। इसके 5 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार के दो बॉन्ड पर राहुल को जमानत दी। राहुल के वकील ने जमानत याचिका डाली थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया।

राहुल कोर्ट के अंदर करीब 30 मिनट तक रहे। राहुल दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट आने के बाद सीधे



एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे थे।

भारतीय सेना पर की गई टिप्पणी को लेकर कोर्ट ने उन्हें पेश होने का आदेश दिया था। पिछली 5 सुनवाई के दौरान राहुल हाजिर नहीं हुए। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें समन जारी किया था। जमानत मिलने के बाद राहुल कोर्ट से सीधे अमौसी एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। राहुल के वकील प्रांशु अग्रवाल ने कोर्ट से राहुल की पेशी पर छूट की मांग की थी। मगर कोर्ट ने राहुल को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। कोर्ट गेट पर गाड़ियों का काफिला पहुंचते ही पुलिस ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और आराधना मिश्रा की कार रुकवा दी। पुलिस से नोकझोंक के बाद दोनों लोग पैदल चलकर अंदर गए। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने 11 फरवरी को सीजेएम कोर्ट में राहुल के खिलाफ केस दायर किया था। इसमें कहा- राहुल ने 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना पर टिप्पणी की थी। उन्होंने 9 दिसंबर 2022 को भारत-चीन सीमा पर हुई झड़प का जिक्र किया। राहुल ने कहा था कि चीनी सैनिक भारतीय सेना के जवानों को पीट रहे थे। पूर्व निदेशक ने दावा किया था कि राहुल का यह बयान तथ्यों के विपरीत और भ्रामक था।

## एलसीए तेजस मार्क 1ए विमान के लिए भारत को अमेरिका से मिला दूसरा जीई-404 इंजन

**नई दिल्ली।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भारत को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क 1ए लड़ाकू विमान के लिए अमेरिका से दूसरा जीई-404 इंजन मिल गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 12 जीई-404 इंजन मिलने की उम्मीद है। ये इंजन एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों में लगाए जाएंगे। भारतीय वायु सेना ने 83 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों के ऑर्डर दिए हैं और रक्षा मंत्रालय की मंजूरी के बाद 97 और ऐसे विमान खरीदने का प्रस्ताव अंतिम चरण में है। भारत ने फरवरी 2021 में एचएएल के साथ 48 हजार करोड़ का एक समझौता किया था। इस अनुबंध में 73 तेजस मार्क 1ए जेट और 10 प्रशिक्षक विमान शामिल थे।

**उद्घाटन** | सीएम योगी ने कौशल मेले का शुभारंभ करते हुए कहा

## स्केल को स्किल में बदलने के किए जा रहे प्रयास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ में आज विश्व युवा कौशल दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पर कौशल मेले का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन प्रदेश के 75 जिलों से कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में एआई नवाचार से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों के लिए किया गया।

इस मौके पर एमएनआईटी इलाहाबाद के साथ कौशल विकास मिशन ने एमओयू किया। इससे कौशल प्रशिक्षण में स्मार्ट प्रौद्योगिकी



को बढ़ावा और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इंडस्ट्री पार्टनर को सम्मानित किया गया। 262 राजकीय आईटीआई को अपग्रेड करने के लिए टाटा के सुशील कुमार समेत कई ट्रेनिंग पार्टनर को सम्मानित किया गया। माध्यमिक में भी युवाओं को ट्रेंड कर रहे हैं। पहले हमें अपने युवाओं को प्रदेश, देश में ही रोजगार के लिए तैयार करना है। इसके बाद भी अगर वह बाहर जाना चाहते हैं तो आईटीआई, कौशल विकास केंद्र में उन्हें भाषा की ट्रेनिंग दी जाए। ताकि, जर्मनी, जापान जैसे देशों में उनको सेवायोजित करने में कोई दिक्कत न हो। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सीएम युवा आइकन हैं। उनका आगमन हमें ऊर्जा देगा।

### यूपी में कार्य और मानव संसाधन की कमी नहीं

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में कार्य और मानव संसाधन की कोई कमी नहीं है। हमारे पास स्केल है, लेकिन उसे स्किल में बदलने के लिए ये सभी प्रयास प्रारंभ किए गए हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश सरकार दो करोड़ युवाओं को सक्षम बनाने के लिए स्मार्ट फोन और टैबलेट उपलब्ध करा रही है। यूपी ही नहीं देश, दुनिया में कौशल युक्त मैन पॉवर की जरूरत है। आप हर क्षेत्र में ए-टू-जेड की जानकारी लें। तकनीकी की जानकारी लें। बाजार की मांग के अनुरूप स्किल्ड हों। कोई भी ताकत आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती है। इंडस्ट्री, बाजार के अनुरूप मांग को पूरी नहीं कर पा रही है। ए ईपी-2020 के तहत हर छात्र को पढ़ाई के साथ कौशल विकास का कोर्स करना अनिवार्य किया गया है।

## पहला स्वदेशी गोताखोरी पोत निस्तार समुद्री बेड़े में शामिल होने को तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में विशेष श्रेणी के पहले गोताखोरी सहायता पोत (डीएसवी) निस्तार को शामिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जलावतरण के बाद यह जहाज गहरे समुद्र में गोताखोरी और पनडुब्बी बचाव कार्यों में सहायता के लिए पूर्वी नौसेना कमान में शामिल हो जाएगा।

इसके शामिल होने से न केवल समुद्र के भीतर भारत की सैन्य ताकत बढ़ेगी, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में इसकी सामरिक समुद्री स्थिति भी पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी।



पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निस्तार' 08 जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था।

अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंहकी उपस्थिति में 18 जुलाई को यह पोत भारत के समुद्री बेड़े का हिस्सा बनेगा। इस पोत को विशाखापत्तनम के हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और तैयार किया है।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार पिकअप ने मासूम को मारी टक्कर, हालत गंभीर, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग



ईसानगर, (खीरी)। ईसानगर थाना क्षेत्र के नवरंगपुर के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने घर के बाहर खड़ी 8 वर्षीय मासूम बालिका को रौंद दिया। बच्ची अपने नाना के घर सेमराना आई हुई थी। गंभीर रूप से घायल बच्ची को पहले सीएचसी खमरिया और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना सोमवार की बताई जा रही है जब फूलपुर निवासी मुंशीलाल की पुत्री अंजली सेमराना गांव में अपने नाना के घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान ईसानगर से खमरिया की ओर जा रही पिकअप (यूपी31बीटी5282) तेज रफ्तार में आई और अंजली के ऊपर से गुजर गई। चीख-पुकार सुन ग्रामीण दौड़े और पिकअप का पीछा कर उसे काफी दूर जाकर रोका, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को कब्जे में ले लिया। हालांकि, ग्रामीणों का गुस्सा कम नहीं हुआ। वे घायल बच्ची के तत्काल इलाज के लिए पिकअप स्वामी से आर्थिक मदद की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए स्थिति को संभाला।

### प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ में सकुल शिक्षक बैठक सम्पन्न



मितौली (खीरी)। विकास खण्ड मितौली अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ में जुलाई माह की संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन गत दिवस किया गया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान एआरपी प्रशांत पाण्डेय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना व पूजन के साथ हुआ। इसके उपरांत संकुल में हाल ही में नियुक्त तीन नए शिक्षकों का परिचय कराया गया, जिसे सभी उपस्थित जनों ने स्वागतभाव से स्वीकार किया। बैठक में नोडल संकुल शिक्षक सुनील कुमार सिंह ने शिक्षण व प्रशासनिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान शब्द संकेत, ACER Framework, PEER Framework, प्रात:कालीन प्रार्थना सभा, UDISE, तथा प्रेरणा पोर्टल जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शिक्षकों को जानकारी दी गई। अंत में प्रशांत पाण्डेय ने शिक्षकों को नवाचारों और शैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराया और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में नवाचारों को लागू कर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएं। बैठक में संकुल क्षेत्र के सभी विद्यालयों से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विचार-विमर्श के उपरांत जलपान के साथ बैठक का समापन किया गया।

### बच्चों के विवाद में मारपीट, ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

ईसानगर, खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के फुसही गौढ़ी गांव में बच्चों के मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। बच्चों के बीच कहासुनी के बाद परिजनों के बीच हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए 40 वर्षीय सुमिरन पुत्र रामपति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया गया कि गांव में दो बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। बात जब परिजनों तक पहुंची तो दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान सुमिरन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर पहले ईसानगर थाना पहुंचे और वहीं पर सुमिरन की तहरीर के आधार पर गांव के ही बालकरन व राजन पुत्रगण जनार्दन के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया, जहां सोमवार शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ईसानगर थाना प्रभारी निरीक्षक निर्मल तिवारी ने बताया कि घटना के संबंध में पहले ही मुकदमा दर्ज किया जा चुका था। अब सुमिरन की मौत के बाद संगीन धाराएं मुकदमे में जोड़ी गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बमहौरी गांव में दिव्यांग युवक ने लगाई फांसी, गांव में सनसनी

धौरहरा (खीरी)। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के बमहौरी गांव में एक 28 वर्षीय दिव्यांग युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी पहचान रामाधार पुत्र महेश प्रसाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बीते कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। घटना के बाद गांव में शोक और चर्चाओं का माहौल है ग्रामीणों के अनुसार, रामाधार सोमवार को गांव से निकलकर गड़रियन पुरवा के पास धौरहरा-बसंतापुर मार्ग के किनारे एक पेड़ के नीचे जाकर बैठ गया। खेतों से लौटते समय कुछ लोगों ने उसे अकेले बैठे देखा और घर चलने को कहा, लेकिन उसने बाद में आने की बात कहकर मना कर दिया। जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान पास के आम के पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका मिला। घटना से पहले रामाधार ने एक ग्रामीण से अपने मोबाइल की रिकॉर्डिंग चालू करने को कहा था और कहा था कि अगर मैं जीवित न रहूं तो यह सुन लेना। सूचना मिलने पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### पुलिस की गश्ती से टली चोरी की घटना

मैगलगंज (खीरी)। कस्बे के औरंगाबाद रोड स्थित एक हीरो एजेंसी को चोरों ने बीती रात निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सक्रिय गश्त के चलते वे वारदात को अंजाम देने में नाकाम रहे। चोर एजेंसी के बाहर लगे बड़े जेनरेटर से अल्टेनेटर खोलने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस की गश्त वहां पहुंच गई, जिससे चोर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि नियमित गश्त के चलते चोरों की कोशिश नाकाम रही। उन्होंने बताया कि अब तक इस घटना के संबंध में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी पुलिस सतर्कता बनाए हुए है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रिय उपस्थिति से व्यापारियों व आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना और विश्वास मजबूत हुआ है।

### संकुल बैठक में नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर मंथन



रेहरा बाजार/बलरामपुर। शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार अंतर्गत 10 न्याय पंचायतों में संकुल शिक्षकों की सामूहिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के 20 उच्च प्राथमिक विद्यालय (यूपीएस), 36 कंपोजिट विद्यालय और 97 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षण कार्य को नवाचार व रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के लिए सरल, रोचक व प्रभावी बनाना आवश्यक है। उन्होंने सभी शिक्षकों से गणित शिक्षण में गतिविधि आधारित विधियों, विज्ञान विषय में प्रयोगात्मक शिक्षण, तथा शिक्षक संदर्शिता (टीचिंग एड्स) के समुचित उपयोग पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा नवाचारों के माध्यम से छात्रों की सीखने की क्षमता में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को नियमित रूप से बच्चों के शैक्षिक मूल्यांकन, कक्षा प्रबंधन, और समावेशी शिक्षा के सिद्धांतों को अपनाने की सलाह दी। अंत में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विद्यालय में मासिक गतिविधि, बाल विज्ञान क्लब, और पाठ आधारित क्रियाशीलता को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके।

### संकुल बैठक में उभरे शिक्षा के नए आयाम, शिक्षकों ने साझा किए अनुभव



उतरौला(बलरामपुर)। मंगलवार को न्याय पंचायत उतरौला ग्रामीण के प्राथमिक विद्यालय अमया प्रथम में माह जुलाई का शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में न्याय पंचायत के प्रधानाध्यापक, इं. प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र और अनुदेशक उपस्थित हुए। मनोरंजक गतिविधि शब्द संकेत, छुट्टी के बाद बच्चों को सीखने की लय में लाना, फेमवर्क के साथ विज्ञान किट का उपयोग, स्मार्ट क्लास टैबलेट एवं आईसीटी लैब का प्रभावी उपयोग, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ, समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी प्रकार न्याय पंचायत बिरदा बनिया भारी के प्राथमिक विद्यालय अल्लानगर, बढ़या पकड़ी के उच्च प्राथमिक विद्यालय रेहरा माफी, पनवा रमवा के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा एकडगां, मनापार बहेरिया के कंपोजिट विद्यालय बिलरिया, तिलखी बढ़या के कम्पोजिट वि मोहनजोत, रेडवलिया के कंपोजिट विद्यालय महिला जंगली, इमलिया बनघुसरा के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय भैरमपुर में शिक्षक संकुल बैठक संपन्न हुआ। संकुल शिक्षक देश रत्न, कुलदीप कुमार, संजय कुमार, अमीर अलतमश बेग, आयशा, कमल मोहन वर्मा, सुनीता वर्मा, आरती पांडे, राशिदा, शहनाज़ बेगम, शमशाद बेगम, नाहिद अख्तर, आरती, असद फातमा, प्रिया पालीवाल, रेहाना यासमीन समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## स्वच्छता को नया आयाम

# गोला में 25 सफाईकर्मियों को मिलीं नई ठेलियां

- पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने किया वितरित
- कहा- संसाधनों से बढ़ेगी सफाई व्यवस्था की गति

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।




स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा 25 सफाई कर्मियों को नई ठेलियां वितरित की गई। यह वितरण कार्यक्रम पालिका परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने अधिशासी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा तथा नगर के कई सभासदों की उपस्थिति में सफाई कर्मियों को ठेलियां सौंपीं। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा, सफाई कर्मियों की मेहनत, नगरवासियों की जागरूकता और समुचित संसाधनों की उपलब्धता से ही स्वच्छता अभियान को सफल बनाया जा सकता है। आज ठेलियों का वितरण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि यह पहल सफाई कर्मचारियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में की गई है, जिससे वे अपने कार्य को अधिक दक्षता के साथ कर सकें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका भविष्य में और भी संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि शहर को 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत एक आदर्श नगर बनाया जा सके। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक एवं सभासद भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभासद नानक चन्द्र वर्मा, अनिल गुप्ता, रियाजुद्दीन, साहिद अंसारी, कफील अहमद, सुफियान खान, अल्लू सैनी, आशीष अवस्थी, राजेश अवस्थी, धर्मेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, राजेश वर्मा, हरिओम वर्मा, हर्ष अवस्थी, इजरान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में




बेलरायां खीरी। तिकुनियां कोतवाली क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा से सटे एक गांव में अनुसूचित जनजाति की एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म की नामजद तहरीर किशोरी के पिता ने पुलिस को दी थी। नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। रविवार शाम को पीड़िता के पिता ने तिकुनियां कोतवाली पहुंचकर गांव का ही युवक विकास बारी उसकी नाबालिग बेटी को बहलाकर गांव के बाहर ले गया। सुनसान स्थान पर उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और वारदात के बाद युवक ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी और विरोध करने पर जातिसूचक गालियां भी दीं। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। विवेचना अधिकारी सीओ महक शर्मा ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस अब घटनास्थल की जांच और साक्ष्य संकलन करने में जुटी है। साथ ही पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपपत्र तैयार किया जाएगा।

## गन्ने के खेत में तीन दिन तक पड़ा रहा मासूम, महिला ने दिखाई ममता

धौरहरा (खीरी), समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली धौरहरा क्षेत्र की सरसवां ग्राम पंचायत में एक भावुक कर देने वाली घटना सामने आई है। गांव के पास स्थित गन्ने के खेत में तीन दिन से एक मासूम बच्चा अकेला पड़ा था, लेकिन किसी ने उसे यह सोचकर नहीं उठाया कि शायद वह किसी घास काटने वाले के साथ आया होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10 बजे गांव की महिला सीता देवी पत्नी शियाराम जब खेत पहुंचीं तो उन्होंने बच्चे को अकेले पड़ा देखा। मां की ममता जागी और उन्होंने बच्चे को घर ले जाकर भोजन कराया और देखभाल शुरू की। इसके बाद उनके रिश्तेदार रामगोपाल पुत्र श्रीपाल निवासी सरसवां ने चौकी सरसवां पहुंचकर पुलिस को सूचना दी।



सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी एसआई सतीश कुमार द्विवेदी व एसआई बृजलाल मौके पर पहुंचे और बच्चे से जुड़ी जानकारी जुटाई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में बच्चे की तस्वीरें भेजकर परिजनों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस का कहना है कि यदि बच्चे के परिजन नहीं मिलते तो उसे बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया जाएगा। वहीं अगर जिनके पास बच्चा है, वे उसकी देखरेख की जिम्मेदारी लेना चाहें, तो नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर उन्हें ही बच्चा सौंपा जा सकता है।

सीता देवी के परिजनों ने बताया कि अब तक कोई बच्चा लेने नहीं आया है। यदि कोई आएगा तो दे दिया जाएगा, लेकिन यदि कोई नहीं आया तो हम इस मासूम की परवरिश खुद करेंगे। उन्होंने कहा, जिसने इसे खेत में छोड़ दिया, उनके पास भले ममता न रही हो, पर हमारे पास है। इसे अब हमसे नहीं छोड़ा जाएगा।

## खुशबू वर्मा को प्रदेश में प्रथम स्थान, विद्यालय और जनपद को दिलाया गौरव

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कहानी प्रतियोगिता में कुटुंब विषय पर आयोजित रचनात्मक प्रतिस्पर्धा में श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी की छात्रा खुशबू वर्मा ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जनपद दोनों का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में जनपद लखीमपुर-खीरी से विद्यालय के 30 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। खुशबू वर्मा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ-साथ यशस्वी सिंह, प्राची वर्मा, अनुष्का राज, तनुष्का सिंह, अलीशा और विद्यालय के शिक्षक शशिकान्त मिश्र को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक मिश्र ने सभी सम्मानित प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक व विधायक अमन गिरि तथा निदेशक मोहित पुरी ने बच्चों को बधाई देते हुए भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में और अधिक भागीदारी हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



### नकब लगाकर 5 लाख की चोरी, अलमारी तोड़कर उड़ाए नकदी और जेवरात

ईसानगर (खीरी)। खमरिया थाना क्षेत्र के चक मजरा मूसेपुर गांव में बीती रात चोरों ने एक मकान में नकब लगाकर करीब 5 लाख रुपए की संपत्ति चुरा ली। वारदात के दौरान घर के लोग आंगन और छत पर सो रहे थे। चोर दीवार में सेंध लगाकर भीतर घुसे और कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गृहस्वामी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अलमारी में रखे लाखों के जेवरात और नकदी गायब है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल की है, और आश्वासन दिया है कि जल्दी खुलासा होगा। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## विद्यालय में छात्र संसद का शपथग्रहण समारोह संपन्न

- आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज, लखीमपुर-खीरी में हुआ आयोजन

लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।




आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज, राजाजीपुरम-राजापुर में मंगलवार को छात्र-छात्रा सांसदों, विद्यालय प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री तथा प्रधान अनुशासक सहित अन्य पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र संसद के निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्रधानमंत्री पद की शपथ शौर्य तिवारी ने ग्रहण की, वहीं उप प्रधानमंत्री अनुराग वर्मा बने। प्रधान अनुशासक के रूप में प्रशांत वर्मा और योगेश कश्यप ने पदभार संभाला। शपथग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि युवराज दत्त महाविद्यालय, लखीमपुर-खीरी के प्राचार्य हेमंत कुमार पाल रहे। अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक राकेश वर्मा ने की। अपने संबोधन में प्रबंधक ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र जीवन में इस प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ना भविष्य के लिए एक सशक्त नींव रखता है। मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में कहा कि सभी छात्र प्रतिनिधि अपने उत्तरदायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करें और विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनें। समारोह का संचालन आशीष सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर हिंदी विभाग की समन्वयक कामिनी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को लेकर हुई बैठक, डीजे संचालन और अनुशासन पर दिए गए निर्देश

मैगलगंज खीरी। श्रावण मास के अवसर पर निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर मंगलवार को मैगलगंज कोतवाली परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र सिंह परिहार ने की, जिसमें कांवड़िया समितियों और डीजे संचालकों ने भाग लिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय और मढ़िया चौकी प्रभारी संदीप यादव भी उपस्थित रहे क्षेत्राधिकारी परिहार ने यात्रा के दौरान अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने पर ज़ोर देते हुए कुछ आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी डीजे संचालक साउंड सिस्टम की ऊंचाई कांवड़ में कम से कम 8 से 10 फीट ऊंची रखें। डीजे पर अश्लील या आपत्तिजनक गीतों का संचालन पूरी तरह वर्जित रहेगा। साथ ही, डीजे पर खड़े होकर किसी भी प्रकार का प्रदर्शन करने की सख्त मनाही की गई है। डीजे संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे माइक के माध्यम से श्रद्धालुओं को कतार में चलने हेतु प्रेरित करें, ताकि यात्रा में अनुशासन बना रहे। साथ ही यात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया कि वे दवाइयां साथ रखें, ताकि स्वास्थ्य संबंधी कोई असुविधा न हो। प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को सभी समितियों से सहयोग की अपील की है।



## पांच सदी तक लड़े अनवरत, लाखों हैं बलिदान दिए

- छोटी काशी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, रचनाओं से गूंजा साईं मैरिज लॉन

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



नगर के प्रतिष्ठित साईं मैरिज लॉन में बुधवार की रात काव्य रस में डूबी रही, जब बीसलपुर तहसील पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष पातीराम गंगवार के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। देश के कोने-कोने से पधारे नामचीन कवियों ने अपनी ओजपूर्ण, श्रृंगारिक व हास्य रचनाओं से श्रोताओं को रातभर बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसे विधायक अमन गिरि, राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, तथा जिला पंचायत सदस्य पटेल शिखा अशोक कनौजिया ने संपन्न किया। आयोजनकर्ता पातीराम गंगवार व पटेल अशोक कनौजिया द्वारा मंचासीन अतिथियों और आमंत्रित कवियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। लखनऊ से आई सुप्रसिद्ध श्रृंगार कवयित्री हेमा पाण्डेय ने मंच से आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता ठाकुर प्रसाद गंगवार, डॉ. कौशल वर्मा, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. देवराज वर्मा, महेश कनौजिया, डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. राकेश वर्मा, सुभाष वर्मा, सतीश वर्मा, रामकुमार वर्मा, संजीव वर्मा, पटेल सुशील वर्मा, सीपी वर्मा, राम सेवक, पंकज वर्मा, रीना वर्मा, शिवांगी वर्मा, कृष्णा देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। कविता के माध्यम से न केवल श्रोताओं का मनोरंजन हुआ, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रप्रेम व सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का संदेश भी मिला। कार्यक्रम अंत तक दर्शकों से खचाखच भरा रहा और तालियों की गूंज में कवियों ने रात को काव्य पूर्णिमा बना दिया।

## निर्धारित दर से अधिक दरों पर उर्वरकों की बिक्री एवं अन्य उत्पादों की टैगिंग पर होगी कार्रवाई

बलरामपुर। उपनिदेशक कृषि श्याम नारायण राम ने बताया हैं कि कृषकों को उनकी जोत/कृषित भूमि के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराना एवं उर्वरकों की ससमय व्यवस्था कराना, उर्वरको की बिकी/वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिग रोकने, ओवर रेटिंग, कालाबाजारी तथा तस्करी की सतत निगरानी किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय एवं शासन से निर्देश प्राप्त हुए है। साथ ही वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में निर्देश दिये गये है कि उर्वरकों का वितरण निर्धारित दर से अधिक दर पर विकी एवं किसी भी प्रकार के अन्य उत्पाद की टैगिंग न की जाए। अतः समस्त खाद खुदरा एवं ठोक विक्रेताओं निर्देशित किया जाता है कि यदि निर्धारित दर से अधिक दरों पर उर्वरकों की बिक्री एवं अन्य उत्पादों की टैगिंग स्थलीय निरीक्षण के समय किसी भी थोक / खुदरा उर्वरक विक्रेता द्वारा करते हुए पाया गया तो बिना कोई नोटिस दिये ही उसके विरुद्ध उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश 1985, आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के अन्तर्गत् निहित प्राविधानानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी जायेगी. जिसके लिए सम्बन्धित थो/खुदरा उर्वरक विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा।



### जमीन पर पड़े विद्युत तार के चपेट में आने से वृद्धा की मौत, ग्रामीण आक्रोशित



रेहराबाजार /बलरामपुर। जमीन पर पड़े बिद्युत तार के चपेट में आने से सुबह 65वर्षीय सीतादेवी की मौत हो गयी, मृतका के देवर के तहरीर पर बिद्युत विभाग के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही में जुटी। आक्रोशित ग्रामीणों ने बिद्युत विभाग के लापरवाही से नाराज़ विरोध प्रदर्शन कर हंगामा काटा। मृतका सीतादेवी के देवर जगन्नाथ थाना क्षेत्र के ग्राम सभा किरतापुर मजरा प्रानपुर निवासी ने दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि सुबह हमारी भाभी थाना क्षेत्र के ही सोनापार त्रिमुहानी बाजार में अपने घर के सामने झाड़ू लगा रही थी। जहां रेहराबाजार पावर हाउस से वहां से होते हुए बनकटवा के लिए 11हजार लाइन नया बन रहा है जो निर्माणाधीन है और तार जमीन पर 6 माह से पड़ा था अचानक विद्युत प्रवाहित होने लगा जिसके चपेट में आ गयी। आनन-फानन में सीएचसी रेहराबाजार ले जाया गया जहां डा ने मृत घोषित कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर विद्युत विभाग के खिलाफ खूब हंगामा काटा। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि मृतका सीतादेवी के देवर जगन्नाथ के तहरीर पर विद्युत विभाग के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर शव को पीएम के लिए भेजकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। एसडीओ रेहराबाजार एसके वर्मा ने बताया कि लाइन निर्माणाधीन है एनसीसी संस्था द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। एक उपभोक्ता का घरेलू केबिल पोल से गया था जो जर्जर था तार से टेच होने पर बिद्युत प्रवाहित हो गया, घटना की जांच की जा रही है।

## बाल संसद का गठन, प्रीतम यादव बनीं पीएम

सादुल्लानगर/बलरामपुर। शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार के प्राथमिक विद्यालय मौहरवा में बाल संसद का हुआ गठन बच्चों ने लिया लोकतंत्र की पहल प्राथमिक विद्यालय मौहरवा शिक्षा क्षेत्र रेहराबाज़ार में पहली बार बाल संसद की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक समझ और विद्यालय प्रबंधन में भागीदारी बढ़ाना है। सभी प्रविष्ट कक्षा 4 और 5 के छात्रों ने प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री और विभिन्न मंत्रियों के लिए नामांकन हासिल किया। बच्चों ने कक्षा और स्कूल में अपने एजेंडे (स्वच्छता, पौधे, स्वास्थ्य, खेल-कूद आदि) पर प्रचार-प्रसार किया। सभी छात्रों ने गोपनीय मतदान के जरिए अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुना। जिसमें प्रधानमंत्री× कक्षा (4) के प्रीतम यादव जीतीं, जिन्हें कुल [मत संख्या26] मत प्राप्त हुए। उप-प्रधानमंत्री- कक्षा (20) की अंजली यादव चुनी गयी।इसके साथ शिक्षा मंत्री अंजली यादव,स्वास्थ्य मंत्री पिन्केश,उप स्वास्थ मंत्री विनोद कुमार, खेल-कूद मंत्री अरविन्द यादव,खाद्य सुरक्षा मंत्री शनि देवल को चुना गया। इं.प्रधानाध्यापक कामता प्रसाद ने बच्चों को उनके-उनके पदों की माल्यार्पण करके सम्मानित किया। सभी को गोपनीयता और ईमानदारी बनाए रखने की शपथ दिलाई गई और मंत्रिमंडल की जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया। बच्चों से अपेक्षा है कि वे विद्यालय स्वच्छता, बागवानी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, मिड-डे मील, पढ़ाई-लिखाई इत्यादि में सक्रिय योगदान दें।

## छांगुर बाबा की कोठी से मिले लाखों की कीमत के विदेशी नस्ल के पालतू पशु

- प्रशासन ने स्थानीय लोगों के सुपुर्द किए

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

उतरौला में धर्मांतरण और अन्य गंभीर आरोपों के चलते एटीएस की निगरानी में रिमांड पर चल रहे छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन की आलीशान कोठी पर प्रशासन द्वारा की गई ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

कोठी की तलाशी और ध्वस्तीकरण के दौरान प्रशासन को एक अरेबियन नस्ल के घोड़े सहित कई विदेशी नस्ल के पालतू पशु मिले हैं। अधिकारियों के अनुसार, अकेले अरेबियन घोड़े की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा भी विदेशी नस्ल के कई पालतू कुत्ते, बकरी और अन्य जानवर बरामद हुए हैं, जिनकी कुल कीमत लाखों रुपये में आंकी जा रही है।प्रशासन ने बरामद किए गए इन महंगे और संवेदनशील पशुओं को फिलहाल देखभाल के उद्देश्य से स्थानीय जिम्मेदार नागरिकों के सुपुर्द कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पशुओं की देखरेख, भोजन और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और आगे की कानूनी कार्यवाही के बाद आवश्यक निर्देश के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां छांगुर बाबा की संपत्तियों की गहन जांच कर रही हैं। पहले ही उनकी करोड़ों की अवैध कोठी को ध्वस्त किया जा चुका है और अब बारी अन्य चल-अचल संपत्तियों की है। लोगों का कहना है कि बाबा की कोठी के अंदर की चकाचौंध और ऐश्वर्य ने सबको चौंका दिया है। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की ओर से आगे भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सभी जब्त सामग्रियों और पशुओं का पूरा विवरण तैयार किया जा रहा है और कानूनी प्रक्रिया के तहत उनकी स्थिति तय की जाएगी।

# संभव अभियान कुपोषण मुक्त बचपन की दिशा में एक और कदम

**स्टंटिंग की दर में कमी लाने को 100 आंगनवाड़ी केंद्रों पर निरीक्षण अभियान**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु राज्य में कुपोषण को समाप्त करने और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संभव अभियान 5.0 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य में 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों में अतिगम्भीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन एवं चिकित्सीय उपचार तथा स्टंटिंग (नाटापन) की दर में प्रभावी कमी लाना है। कुपोषण की समस्या न केवल बच्चों के शारीरिक विकास को बाधित करती है, बल्कि उनके मानसिक विकास को भी प्रभावित करती है। राज्यव्यापी संभव अभियान के पाँचवें संस्करण संभव 5.0 (2025) का शुभारंभ महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य तथा राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने लखनऊ में किया था।

14 जुलाई 2025 को समस्त नोडल अधिकारियों को निदेशालय द्वारा जूम वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। समस्त जिलाधिकारियों के नेतृत्व में इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिये मंगलवार को पूरे राज्य में स्टंटिंग की पहचान, निगरानी और न्यूट्रिशन ट्रैकिंग पर विशेष मापन एवं निगरानी अभियान संचालित किया जा रहा है।

नोडल अधिकारियों द्वारा चयनित आंगनवाड़ी केन्द्र पर जाकर ग्रोथ मॉनिटरिंग प्रक्रिया की सघन निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न जनपद के जिलाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व अन्य अधिकारी भी आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। नोडल अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रतिमाह आयोजित होने वाली जिला पोषण समिति की बैठक में नोडल अधिकारी के साथ स्टंटिंग के सम्बन्ध में विस्तार से समीक्षा की जायेगी एवं स्टंटिंग की दर में सुधार के सकारात्मक परिणाम के आधार पर आंगनवाड़ी केंद्रों को चिन्हित कर अन्य केंद्रों के लिए मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

> राज्यव्यापी संभव अभियान के पाँचवें संस्करण संभव 5.0 (2025) का शुभारंभ महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य तथा राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने लखनऊ में किया था। 14 जुलाई 2025 को समस्त नोडल अफसरों को निदेशालय द्वारा जूम वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

# जरूरतमंद किसानों को केसीसी ऋण का समय पर लाभ दें बैंक : सूर्य प्रताप शाही

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को विधानभवन में बैंकों तथा कृषि बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की अद्यतन स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक की।

उन्होंने लीड बैंक तथा अन्य सभी संबंधित बैंकों द्वारा केसीसी पर अपनाई गई कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैंकों को 31 जुलाई तक युद्ध स्तर पर कार्य कर जरूरतमंद किसानों को केसीसी का लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान श्री शाही ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से उनके बैंकों द्वारा अब तक किये गये केसीसी ऋण की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। बैंक प्रतिनिधियों की ओर से संतोषजनक प्रत्युत्तर न मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कृषि मंत्री ने 31 जुलाई, 2025 तक केसीसी ऋण उपलब्ध कराने के लिए विशेष महाभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिए मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की भी आवश्यकता है, जिससे जरूरतमंद किसानों तक सम्पूर्ण जानकारी पहुंच सके। बीमा कम्पनियों द्वारा प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यालय न खोले जाने तथा किसानों के प्रति उनके उदासीन रवैये पर भी मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि बीमा कम्पनियां प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यालय खोलकर किसानों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करायें।

## खबरें एक नजर में

### बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सहादतगंज थाना इलाके में बिजली विभाग की टीम पर उस वक्त हमला हो गया, जब वे बकाया बिल की वसूली और बिजली चोरी की जांच करने पहुंचे थे। आरोप है कि मोहल्ला तोप दरवाजा में एक उपभोक्ता ने 10-15 लोगों को बुलाकर टीम को घेर लिया, गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कर्मचारी किसी तरह जान बचाकर मौके से भागे। टीम में शामिल संविदाकर्मी कुशल ने इस मामले को लेकर के सआदतगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एफआईआर के मुताबिक चौपटिया स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र से कुशल, इंद्र बहादुर, लाइनमैन अजीत कुमार और प्रभात वर्मा विभागीय कंट्रोल रूम के लिए सुबह 10 बजे निकले थे। दोपहर करीब 2.10 बजे टीम मोहल्ला तोप दरवाजा स्थित उपभोक्ता सज्जन हुसैन के घर पहुंची। कनेक्शन जांच के दौरान हुसैन ने विरोध किया और देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। इंद्र बहादुर ने बताया कि सज्जन हुसैन ने जानबूझकर भीड़ इकट्ठा की और हमला करवा दिया। कर्मचारियों को पीटा गया, अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया और कहा गया कि जान से मार देंगे, यहां दोबारा दिखना मत। घटना के बाद इंद्र बहादुर ने सहादतगंज थाने में तहरीर दी है। शिकायत में बताया गया कि घटना में सज्जन हुसैन समेत 10-15 अज्ञात लोग शामिल थे।

### पति को फंसाने के लिए गला दबाकर बेटी की हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एक मां ने पति को फंसाने के लिए अपनी 6 साल की बेटी की हत्या कर दी। वह लिव-इन में प्रेमी के साथ रहती थी। वारदात के बाद मां ने पुलिस को कॉल की। कहा पति ने बेटी की हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की मां बार-बार बयान बदल रही थी। पुलिस ने सख्ती की तो उसने गुनाह कबूल लिया। वारदात 14-15 जुलाई की रात कैसरबाग के खंदारी बाजार इलाके की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मां का नाम रोशनी उर्फ नाजा है। करीब 10 साल पहले उसकी शादी शाहरुख खान नाम के युवक से हुई थी। दोनों की 6 साल की बेटी सायनारा उर्फ सोना थी। कुछ साल पहले रोशनी का उदित जायसवाल नाम के युवक के साथ अफेयर हो गया। रोशनी ने मई में पति को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। सास, दोनों ननद और जेठ को अलग-अलग मुकदमों में जेल भिजवा दिया था। उसके बाद से अपने ही घर में उदित के साथ लिव-इन में रहने लगी थी। इंस्पेक्टर कैसरबाग ने बताया कि रोशनी ने बेटी की हत्या की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम में दी। उसने कहा कि पति शाहरुख ने बेटी की हत्या कर दी। मौके पर जांच पड़ताल की गई तो रोशनी की बात झूठ निकली।

### प्रेम प्लाजा की लिफ्ट में दो युवक फंसे, दमकल कर्मियों ने निकाला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में जवाहर भवन के पीछे स्थित प्रेम प्लाजा की पांचवीं मंजिल पर मंगलवार को लिफ्ट खराब हो गई, जिसमें 2 युवक फंस गए। पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद लिफ्ट खोलकर दोनों को बाहर निकाला। दोनों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हजरतगंज एफएसओ के मुताबिक सदर निवासी अपूर्व वर्मा और सआदतगंज के ओजस्वी वर्मा प्रेम प्लाजा स्थित निजी कंपनी में काम करते हैं। मंगलवार तड़के दोनों लोग नाइट शिफ्ट करके लिफ्ट से उतर रहे थे। लिफ्ट पांचवीं मंजिल पर अटक गई। लिफ्ट न खुलने पर पुलिस को सूचना दी गई। इस बीच मैकेनिक ने लिफ्ट सही करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुआ। लिफ्ट में दो युवकों की फंसे होने की सूचना पर एमडीआरवी वाहन के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने काफी प्रयास के बाद लिफ्ट खोलकर अपूर्व और ओजस्वी को बाहर निकाला। इसके बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### श्रीपंच परमेश्वर मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मंगलवार को गणेशगंज के वसीरतगंज वार्ड में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम श्रीपंच परमेश्वर मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जहां उन्होंने हनुमान महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता की ओर से ष्विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें स्थानीय नेताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे, जिन्होंने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं और गणमान्य जनों की भागीदारी ने इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को बढ़ावा मिलता है।

### रालोद अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय का हुआ स्वागत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय को योगा यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका द्वारा हनुमान जी के स्वरूप और शक्तियों पर आधारित शोध के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। इस गौरवशाली उपलब्धि के पश्चात जब वे पहली बार लखनऊ स्थित रालोद प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, तो वहां भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।इस आयोजन में पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह की विशिष्ट उपस्थिति रही। मंच पर राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, रजनीकांत मिश्र सहित अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह ने कहा,रामाशीष राय ने अपने कार्य, विचार और संगठन क्षमता से उत्तर प्रदेश में रालोद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनकी यह डिग्री पूरे संगठन का सम्मान है और हम सभी के लिए प्रेरणा है। डॉ. रामाशीष राय ने कहा, यह उपाधि मेरा नहीं, आप सबका सम्मान है।

**लखनऊ नगर निगम में पार्षदों ने जमकर किया हंगामा, डिप्टी सीएम ने पार्षदों को नगर आयुक्त से बात करने का दिया आश्वासन**

# जनसुनवाई में नगर आयुक्त के न पहुंचने पर पार्षद आक्रोशित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम में पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। जनसुनवाई में नगर आयुक्त गौरव कुमार के नहीं पहुंचने पर पार्षद बिफर गए। उन्होंने पार्षद पस्त अधिकारी मस्त के नारे लगाए। नगर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा से पार्षदों की बहस भी हुई।



इसके बाद पार्षद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलने पहुंचे। मौके पर डिप्टी सीएम ने पार्षदों को नगर आयुक्त से बात करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षदों ने ठाकुरगंज थाना प्रभारी के हटाए जाने पर डिप्टी सीएम का आभार जताया। पार्षदों का कहना है कि उनके क्षेत्र में कोई काम नहीं हो रहा। जनसुनवाई में क्षेत्र के लोग समस्या लेकर आए थे, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। लगातार लोगों को दौड़ना पड़ रहा है। पार्षद हरीश अवस्थी का कहना है कि उनके क्षेत्र के आदर्श नगर, कमता चिनहट में एक बाहुबली ने सड़क पर ही सीढ़ी बना ली है। इसके कारण समस्या हो रही। उनका कहना है कि कई बार इसके लिए गुहार लगाई है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। वहीं, शिकायतकर्ता बृज किशोर पाल ने कहा कि घर के सामने 15 फीट की रोड है, जिस रोड की दूसरी तरफसे रहने वाले शिवकुमार पाल ने अवैध रूप से आधे से ज्यादा सड़क पर जीना बना दिया है, जिससे आवागमन अवरुद्ध होता है। कई बार पुलिस की मदद से जीने का कार्य रोका गया, नगर निगम की नोटिस के बावजूद भी मेरे बाहर जाने पर थोड़ा-थोड़ा करके जीना बना दिया गया है। पार्षद अमित चौधरी ने कहा बारिश आज भी हो रही है। मुझे डर लग रहा है। क्षेत्र में ढक्कन और नाले खुले हुए हैं। जनता हैरान और परेशान है। कोई काम नहीं हो रहा है। समस्या बनी हुई है। हम लोग क्या करें। डर लगा हुआ है। पार्षद प्रतिनिधि संतोष राय ने कहा एक दिन पहले ही पार्षदों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था।

**जनसुनवाई के दिन भी नगर आयुक्त कार्यालय में नहीं बैठते : शैलेन्द्र**

पार्षदों का कहना है कि घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी नगर आयुक्त ने पार्षदों से कोई बातचीत नहीं की। पार्षदों ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पार्षद नगर आयुक्त के ऑफिस में भी गए, जहां पर डे ऑफिसर डॉक्टर अभिनव वर्मा मौजूद रहे। पार्षदों ने कहा कि डे अफसर सिर्फ कागजों को इधर से उधर करता है, जबकि उसके पास में कोई अधिकार नहीं है। ऐसे में वह कैसे काम करवा सकते हैं। पार्षद शैलेंद्र वर्मा ने कहा जनसुनवाई के दिन भी नगर आयुक्त गौरव कुमार कार्यालय में नहीं बैठते। उनका कहना है कि हम लोगों के वार्ड की शिकायतों का समाधान नहीं हो रहा। ऐसे में आज जो लोग शिकायत करने आए हैं। उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा है।

## एलडीए ने 43 बीघा पर चलाया बुलडोजर, चार अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया गया। प्रवर्तन टीम ने गोसाईंगंज व सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान 43 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 5 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि रामजी लाल, नीरज गोसाईंगंज के ग्राम-मलौली में 16 बीघा में अनधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह राजकुमार, शंकर व सुरेन्द्र कुमार 3 बीघा और विजय मौर्या व पंकज सिंह 8 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग कर रहे है। वहीं, हंसराज, कल्याण सिंह, नीतू मिश्रा 6 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।

# ठाकुरगंज थाना प्रभारी लाइन हाजिर पार्षद पर दर्ज किया था मुकदमा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्रीकांत राय को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उन्होंने क्षेत्र में बारिश के दौरान नाले में बहने से 42 वर्षीय सुरेश लोधी की मौत के मामले में स्थानीय भाजपा पार्षद सीबी सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके विरोध में पार्षदों ने सोमवार को नगर निगम का घेराव करके जमकर प्रदर्शन किया था।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और गृह सचिव संजय प्रसाद से मिले थे। मेयर सुषमा खर्कवाल ने पुलिस कमिश्नर से बात की थी। पूछा था कि आखिरकार किस आधार पर पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसके बाद नगर निगम मुख्यालय में काफी देर तक पुलिस अधिकारियों, मेयर और पार्षदों की बैठक हुई थी। मंगलवार को इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया गया। सोमवार में सोमवार को पार्षदों ने नगर आयुक्त के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया था। उनका कहना था कि राधा ग्राम में नाले में बहने से हुई सुरेश की मौत के मामले में नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही है। अधिकारियों ने अपनी गर्दन बचाने के लिए गलत ढंग से स्थानीय पार्षद सीबी सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। सीबी सिंह तो पहले से ही नगर निगम के अधिकारियों से टूटे स्लैब को सही कराने की मांग कर रहे थे।

## दहेज उत्पीड़न का केस न वापस लेने पर पति ने तेजाब फेंकने की दी धमकी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कैंट थाने में एक महिला ने पति पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा वापस न लने पर तेजाब फेंकने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। उसका आरोप है कि आरोपी ने घर में घुसने की कोशिश की और नाकाम होने पर गेट तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। कैंट निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि ठाकुरगंज बर्फखाना निवासी कुलदीप के खिलाफमहिला थाने में केस दर्ज कराया था। तब से आरोपी उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था। सोमवार रात घर के बाहर आकर हंगामा शुरू कर दिया। बाहर निकलने पर देखा कुलदीप घर का गेट तोड़ने का प्रयास कर रहा था।

# राजस्व परिषद के डिजिटलीकरण की तरफ बढ़े कदम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में राजस्व तंत्र को आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में एक व्यापक परिवर्तन की शुरुआत राजस्व परिषद से हो रही है।

इसका मुख्य उद्देश्य लेखपालों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर राजस्व प्रशासन को और अधिक सुलभ, पारदर्शी बनाना है। अध्यक्ष राजस्व परिषद अनिल कुमार ने बताया कि इस पहल से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नागरिकों को राजस्व विभाग से जुड़ी सेवाएं जैसे-प्रमाण पत्रों की संस्तुति, भू-अभिलेखों को अद्यतन करना और वरासत संबंधी कार्य को समयबद्ध, त्रुटिरहित और ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध हों ताकि जनमानस को अनावश्यक रूप से तहसीलों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रदेश के लेखपालों को तहसील स्तर पर एक निश्चित कार्यस्थल दिया जा रहा है, जहाँ उन्हें उच्चगति इंटरनेट और आधुनिक डेस्कटॉप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लेखपालों के कार्यों में न केवल तीव्रता आएगी बल्कि प्रमाणपत्रों की संस्तुति, वरासत, भू-अभिलेख, निरीक्षण रिपोर्ट जैसे कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता से संपन्न हो सकेंगे। एकीकृत डिजिटल लॉगिन प्रणाली सिंगल विंडो लॉग इन सिस्टम विकसित की जा रही है, जिससे सभी कार्य एक ही पोर्टल से किए जा सकेंगे। कार्यालय संबंधी प्रक्रियाओं को सरल और केंद्रित किया जा सकेगा। लेखपालों की उपस्थिति को ग्रामस्तर तक सुलभ बनाने के लिए तहसील और ग्रामसभा स्तर पर स्पष्ट रोस्टर प्रणाली लागू की जा रही है, जिससे नागरिकों को पूर्व जानकारी होगी कि उनके हलके का लेखपाल किस दिन उपलब्ध रहेगा। लेखपाल को टैबलेट और मोबाइल इंटरनेट की सुविधा दी जा रही है जिससे वे ग्राम सचिवालय या पंचायत भवन से सीधे नागरिकों को सेवाएं दे सकेंगे।

1- समयबद्ध, त्रुटिरहित और पारदर्शी ढंग से ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध होंगी राजस्व परिषद की सेवाएं
2- तहसील व ग्राम स्तर पर लागू होगी रोस्टर प्रणाली

# यूपी के पंचायत चुनाव में होगी पारदर्शिता

**बीएलओ हर घर जाकर लिस्ट करेंगे तैयार**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो चुकी हैं। ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण और नए वोटर जोड़ने के लिए बड़े अभियान का फैसला लिया है।

अभियान 14 अगस्त से शुरू होकर 29 सितंबर तक चलेगा, जिसमें चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन और दुरुस्त किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक 800 मतदाताओं पर एक बूथ लेवल ऑफिसर तैनात होगा। बीएलओ नए




मतदाताओं को सूची में जोड़ेंगे, पहले से मौजूद नामों का सत्यापन भी करेंगे। प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य, कोई भी पात्र मतदाता चुनाव से बाहर न रहे। लोग प्रक्रिया के बारे में जागरूक होंगे और उन्हें ऑनलाइन आवेदन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। अभियान विशेष रूप से उन युवाओं पर केंद्रित रहेगा जो 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके होंगे क्योंकि वे इस बार पंचायत चुनाव में मतदान योग्य होंगे।मतदाता सूची में अनियमितता से बचने के लिएबीएलओ घर घर जाकर ऑनलाइन आवेदनकर्ताओं के दस्तावेजों की जांच करेंगे ताकि पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे। मतदाता बनने के लिए लोगों को विभिन्न पोर्टल्स और ऐप्स के माध्यम से भी सहायता दी जाएगी।उत्तर प्रदेश में कुल 57,694 ग्राम पंचायतें, 826 क्षेत्र पंचायतें और 75 जिला पंचायतें हैं, जिनके लिए चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को अद्यतन करने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी हैताकि चुनाव की प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी हो। वहीं यह अभियान लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्राम स्तर से शुरू होने वाली इस प्रक्रिया से ही लोकतंत्र की ताकत को महसूस किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग इस पूरे अभियान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और चुनावी मैदान में सक्रियता बनाए हुए है।

## कार्यदायी संस्था एलएसए पर एक लाख जुर्माना

**लखनऊ।** एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही सामने आने के बाद नगर निगम प्रशासन ने लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड पर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह कार्रवाई जोनल सेनेटरी अधिकारी, जोन-7 की संस्तुति पर की गई है।

9 जुलाई 2025 को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में कुकरैल वन क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रस्तावित था। इस उच्चस्तरीय कार्यक्रम के लिए सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का दायित्व एजेंसी एलएसए को सौंपा गया था। प्रारंभिक सफाई कार्य की सूचना तो दी गई, लेकिन सफाई नहीं की गई। स्थलीय निरीक्षण में यह पाया गया कि जगह-जगह कूड़े के ढेर, गंदगी और जलभराव की स्थिति बनी रही।

# वाराणसी के शहंशाहपुर में बनेगा 188 एकड़ जमीन पर नया इंडस्ट्रियल एरिया

समृद्धि न्यूज

**औद्योगिक क्षेत्र व टेक्सटाइल पार्क बनने से हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार**

**लखनऊ/वाराणसी।** योगी सरकार बनारस के शहंशाहपुर में इंडस्ट्रियल एरिया बनाने की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक प्राधिकरण ने योजना तैयार की है। हैंडलूम विभाग ने संत कबीर टेक्सटाइल एंड एप्रेल पार्क बनाने के लिए निदेशालय को प्रस्ताव भेजा है। हैंडलूम विभाग ने पार्क के लिए बतौर एजेंसी यूपीसीडा का चयन किया है।

यूपीसीडा के सर्वे में शहंशाहपुर में पशुधन विभाग की 188 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। दोनों प्रोजेक्ट पर शासन से प्रस्ताव मिलने के बाद काम शुरू हो जाएगा। इंडस्ट्रियल एरिया और टेक्सटाइल पार्क बनने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। शहंशाहपुर में ही पीएम मित्र पार्क की तर्ज पर संत कबीर टेक्सटाइल एंड एप्रेल पार्क का निर्माण होगा। टेक्सटाइल से संबंधित सारे उत्पाद और वस्त्रों की वैरायटी मौजूद होगी।

सभी इंडस्ट्री के उत्पाद यहां पर होंगे। इससे वाराणसी समेत चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर और भदोही समेत यूपी के बुनकरों को बड़े स्तर पर रोजगार मिलेगा। उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। बुनकर यहां पर विभिन्न प्रकार तरह के उत्पाद आदि तैयार कर सकेंगे। इस योजना से काशी के बुनकरों को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्हें रोजगार और उद्योग के लिए अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा।

# पुलिस ने बाइक चोर गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ की पीजीआई पुलिस ने बाइक चोर गैंग का खुलासा किया। पांचवीं पास गैंग के सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं।



डीसीपी ने पुलिस टीम को दस हजार रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया 8 जुलाई को कृष्ण कुमार शुक्ला की बाइक सेक्टर 12 कहलोन के सामने से चोरी हुई थी। 14 जुलाई को मंजुदेवी के पुत्र शाहिद की अपाचे बाइक मलौली देशी शराब के ठेके के पास से चोरी हो गई थी। उसी दिन अंकुर अवस्थी की फोनेक्स बाइक सेक्टर 12 सरदार गेट के पास से चोरी हो गई थी। पुलिस ने तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपियों को बरौली फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान प्रिंस यादव, शैलेंद्र यादव और सूरज के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे तीनों दोस्त हैं। पैसे की लालच और शौक पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल चोरी करते थे। पुलिस ने आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। गैंग का लीडर सूरज पांचवीं पास है। शटरिंग का काम करता हैं। शैलेंद्र 12वीं पास है। वह सिक्योरिटी गार्ड है। प्रिंस एक कंपनी में चाय पिलाने का काम करता है।

**निर्देश** | **दिव्यांगों के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई : नरेन्द्र कश्यप**

# योगी सरकार का लक्ष्य, गरिमामय बने दिव्यांगजनों का जीवन

**मंत्री ने की अध्यक्षता में हुई राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने आज योजना भवन में उत्तर प्रदेश राज्य सलाहकार बोर्ड की छठवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिव्यांगजनों के हितों में कई निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी सहभागिता के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। नगर निकाय



क्षेत्रों के सार्वजनिक भवनों, स्थलों, पार्कों, सुलभ शौचालयों आदि को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजन अनुकूल बनाया जाए।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों को चढ़ने-उतरने में ड्राइवर-कंडक्टर द्वारा सहायता दी जाए और उनके साथ मित्रवत व्यवहार किया जाए। शिकायत की स्थिति में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दिव्यांगजन की अधिकता वाले रूटों पर बसों में चार से अधिक सीटें आरक्षित करने पर भी विचार करने के निर्देश दिये। बैठक में विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी, विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव सुभाष चन्द्र शर्मा, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। मंत्री ने स्कूल मर्जिंग के दौरान दिव्यांग बच्चों के सर्वे की आवश्यकता बताई और उनके आने-जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग को दिव्यांग विद्यार्थियों को आरक्षण के अनुरूप निःशुल्क प्रवेश और सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**सभी सरकारी वेबसाइटों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया जाए**

मंत्री ने कहा कि राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक प्रत्येक छह माह में अनिवार्य रूप से की जाए तथा सक्षम स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो। अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण लिया जाए। बोर्ड के निर्णयों का अक्षरशः पालन अनिवार्य होगा। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी सरकारी वेबसाइटों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया जाए। बताया गया कि अब तक 44 वेबसाइटों को अनुकूल बनाया जा चुका है। बेसिक शिक्षा विभाग को विशेष शिक्षकों की नियुक्ति पर बल देने का निर्देश मिला, जिससे दिव्यांग विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके। नियुक्ति प्रक्रिया प्रगति पर है तथा प्राथमिक विद्यालयों में रैम्प भी बनाये जा चुके हैं।कुष्ठावस्था पेंशन योजना के तहत 11,671 लाभार्थियों को राशि प्रेषित की गई। कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण योजना में 10,229 उपकरण वितरित किए गए हैं। शल्य चिकित्सा अनुदान योजना के अंतर्गत 165 दिव्यांगजनों को लाभ प्राप्त हुआ है। 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को यूपीएसआरटीसी की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है, जिसका व्यय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**▸ चयनित प्रशिक्षार्थियों को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र एवं शिक्षुता अनुबंध**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गोण्डा में विश्व युवा कौशल दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों तथा कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल एवं जॉब्स की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने तकनीकी कौशल का परिचय दिया।

कार्यक्रम में दिनांक 14 जुलाई 2025 को आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले में चयनित प्रशिक्षार्थियों को नियुक्ति पत्र एवं शिक्षुता अनुबंध (Apprenticeship Contracts) प्रदान किए गए। साथ ही, जनपद में उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्य करने वाले संस्थानों, स्थानीय उद्यमियों एवं स्किल यूथ आइकन को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जिसने सभी दर्शकों को प्रभावित किया। इस आयोजन का नेतृत्व जिला समन्वयक (कौशल विकास) एवं नोडल



प्रधानाचार्य राम सिंह ने किया। उनके साथ प्रधानाचार्य प्रभुनाथ मिश्रा (करणैलगंज), राकेश कुमार शुक्ला (मनकापुर), एवं अनिल कुमार पाठक (तरबगंज) का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में अन्य प्रमुख उपस्थितगण में जिला विद्यालय निरीक्षक, उपायुक्त उद्योग, जिला सेवायोजन अधिकारी, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी भूपेन्द्र प्रकाश आर्य (जिलाध्यक्ष), शिव कुमार सोनी (महामंत्री), मंयक श्रीवास्तव (साइबर सुरक्षा प्रभारी), एमआईएस मैनेजर दीपक खरे एवं अविनाश प्रताप सिंह, अशोक कुमार अनुदेशक निजी आईटीआई पंडित दीनदयाल उपाध्याय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पीडीयू आईटीआई सिविल लाइन विष्णुपुरी कॉलोनी गोंडा हरीश गुप्ता मॉडर्न आईटीआई योगेंद्र कुमार सैनी, श्रीमा आईटीआई अंशुल ,अनिल शर्मा ,साधना आईटीआई गौरव श्रीवास्तव, सविता आईटीआई अरविंद श्रीवास्तव दीनदयाल आईटीआई हनुमंत लाल पांडे आरबीटीएम आईटीआई डीपी आईटीआई नरेंद्र देव मेमोरियल आईटीआई नितेश श्रीवास्तव केवड़ा देवी आईटीआई नरेंद्र कुमार समस्त निजी आईटीआई के प्रबंधक प्रधानाचार्य मीडिया प्रतिनिधिगण तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यदेशक विजय बरवार द्वारा किया गया, और यह सभी संस्थानों के कार्यदेशकों एवं अनुदेशकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# श्रावण मास में शिव मंदिरों की सफाई व्यवस्था को लेकर डीएम गंभीर

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

श्रावण मास के दौरान जिले में शिव मंदिरों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर रुख अपनाया है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी श्री लालजी दुबे को एक कड़ा पत्र जारी कर लापरवाही पर गहरी नाराज़गी जताई है। पत्र में जिलाधिकारी ने कहा है कि जनपद के प्राचीन शिव मंदिरों - जैसे पृथ्वीनाथ, दुखहरननाथ, करोहानाथ, बलेश्वरनाथ, बरखण्डीनाथ आदि - पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है, विशेषकर श्रावण के सोमवारों को। इसके बावजूद, मंदिर परिसर और मार्गों की सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रतिदिन सुबह और शाम वार रूम% के माध्यम से सफाई अभियान की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष बल दिया कि शिव मंदिरों के प्रांगण और उनके रास्तों पर किसी भी प्रकार की गंदगी न रहनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान यदि निर्देशों का अनुपालन संतोषजनक नहीं पाया गया, तो प्रतिकूल कार्रवाई की जाएगी। इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है, जिससे नगर क्षेत्र में भी साफ-सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके।

## आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नव चयनित सन्दर्भदाता

**बहराइच। समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर में नव चयनित सन्दर्भदाताओ का पांच दिवसीय ( एफएलएन) मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता व (एनसीईआरटी ) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रभारी दशरथ यादव व प्रशिक्षक आशीष कुमार,इस्तियाक अहमद, मनोज कुमार दीक्षित,सुधीर मेहरोत्रा के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उपरोक्त पांच दिवसीय आधार भूत प्रशिक्षण में नव चयनित सन्दर्भदाताओं को कक्षा 01 से 03 तक के बच्चों में मौखिक तर्कशीलता विकसित करना,ब्लेंडिंग और ग्रिड के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शब्द पठन, पाठ्यपुस्तक एवं कार्य पुस्तिका की गतिविधियों पर बच्चों की सहायता करने की रणनीतियां, रिमीडियल शिक्षण पर कार्य की रणनीति,शिक्षण के दौरान समावेशी वातावरण का निर्माण करना आदि प्रमुख बिन्दुओ पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# गला दबाकर की थी विशाल की हत्या, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई पुष्टि

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के टिकरिया ग्राम के निवासी विशाल पुत्र गोविंदा का शव गन्ने की खेत में सोमवार की सुबह मिला था जिसकी हत्या गला दबाकर की गई थी। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ 14 वर्षीय विशाल के शव को हत्या के बाद गन्ने के खेत में फेक दिया था। मृतक विशाल बीते 12 जुलाई को अचानक घर से गायब हो गया था। जिस की लाश सोमवार की भोर में घर से करीब दो किलो मीटर दूर स्थित एक गन्ने के खेत में क्षत विक्षिप्त हालत में मिली। लाश मिलने की सूचना मिलते ही एसपी विनीत जायसवाल सीओ, आनंद राय, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजवाया था। मृतक बालक के बड़े पिता मिथुन ने बताया कि उसका भतीजा बीते 12 जुलाई की दोपहर में अपने फूफी सोनम के घर गया था वहां से फिर देर शाम को फूफी के घर पहुंचा और फिर अपने घर को आने के लिए पैदल ही निकला था। लेकिन घर पर नहीं पहुंचा। देर शाम को आसपास और नात रिश्तेदार के यहां खोजबीन किया परंतु कही पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह बालक की मां सालिया सहित घर के आधा दर्जन लोग उस की खोज कर रहे थे तभी उस की लाश गन्ने की खेत में मिली थी। जान लेवा हमले का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। जिस की पेशी 17 जुलाई को लगी है। उस में मृतक बालक विशाल की गवाही होनी थी। इसके पहले उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है।

# भारत स्काउट व गाइड जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय गोंडा के सभागार में जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद गोंडा के आदेश पर जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्य आयुक्त भारत स्काउट और गाइड जनपद गोंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस बैठक में जनपद के कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। नवीन सत्र 2025-26 का प्रस्तावित कार्यक्रम, पंजीकरण एवं नवीनीकरण, यूपी बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड को भी संस्था से जोड़ना, जनपदीय रैली पर विचार के साथ 23 नवंबर 2025 से 27 नवंबर 2025 को नेशनल जंबूरी लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी जो स्काउट और गाइड का महाकुंभ माना जाता है। विशेष तैयारी की बात कही गई। कार्यकारिणी के सदस्यों ने आय को बढ़ाने पर भी चर्चा किया। मंडलीय सहायक कमिश्नर राकेश सैनी ने कहा कि जनपद में स्काउट भवन का होना जरूरी है जिसके लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

मुख्य आयुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ रामचंद्र ने स्काउट गाइड के गतिविधियों को बढ़ाने हेतु एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु, अच्छे प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि समस्त यूनिट लीडर सभी छात्र-छात्राओं का आईडी जेनरेट करते हुए अच्छा प्रशिक्षण प्रदान करें। कार्यकारी के सभी पदाधिकारी का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हम सभी लोग मिलकर भारत स्काउट और गाइड जनपद गोंडा के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करायेगे। जनपदीय सचिव मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया, जिला संगठन कमिश्नर ज्ञानेश गुप्ता ने बैठक का एजेंडा सबके सामने रखा। वरिष्ठ पदाधिकारी अजीत सिंह, जनपद सहायक कमिश्नर धर्मवीर सिंह, उपाध्यक्ष सहदेव सिंह, ने अपना विचार व्यक्त किया। गाइड कमिश्नर गीता त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, बेसिक से राजेश मिश्रा, ममता चौधरी ,डॉक्टर शिवानंद सुनीता रानी ,चंद्रशेखर ,अनूप सिंह , अनुज,तुफैल खानअजय श्रीवास्तव ,रमेश चंद्र वर्मा, मेजर राजाराम उपस्थित रहे।



## कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक दल द्वारा मक्का प्रक्षेत्र का भ्रमण

**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वैज्ञानिक दल ने आज मंगलवार को ग्राम–पर्वती विकास खंड– नवाबगंज जनपद गोंडा में मक्का फसल के प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। मक्का की फसल में लगने वाले कीट एवं रोग के समाधान के उपाय बताए साथ ही साथ कृषकों के मध्य समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के माध्यम से तिल की प्रजाति जीटी– 6 का वितरण किया एवं तिल की वैज्ञानिक खेती पर विस्तृत जानकारी दी । डॉ हनुमान प्रसाद पांडे एवं डॉ दिनेश पांडे के द्वारा कृषकों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक नीरज सुमित अन्ना लल्लू देवशरण मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# फर्म में साझेदारी के नाम पर हड़पे 21 लाख, चार पर मुकदमा दर्ज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

एक फर्म में साझेदारी के नाम पर 21 लाख रूपए हड़पा लिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के विष्णु पूरी कालोनी निवासी संजय कुमार सिंह पुत्र कुंवर बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किए कि उस के घर पर सहबान अली पुत्र अली हसन निवासी नारे महरी इटियाथोक आता जाता था। उस ने कहा कि मुझे सरसों का तेल का पराई का काम आता है। मेरे पास एक फर्म एम ऑयल मिल जो सुपर एम ऑयल मिल के नाम पर पंजीकृतक है। मुझे कुछ पैसे की आवश्यकता है जिस में तुम्हे भी साझेदारी बना लेगे। इस पर इस ने 16 जुलाई 2022 को यूपी ग्रामीण बैंक से चार लाख और चार लाख केनरा बैंक से फर्म के नाम ट्रांसफर किया। सहबान ने साझेदारी का नाम बता कर मुझे पचास हजार रुपए वापस कर दिया। बाद में उस ने मुझे कहा कि फर्म में लगाने के की मुझे कुछ और पैसे की आवश्यकता है। इस के बाद 21 अक्टूबर 2023 को साहबान ने आठ लाख रुपए जगदीश सिंह पुत्र रंग बहादुर निवासी बदले पुर तरब गंज और तीन लाख रुपए अमित गुप्ता निवासी तोपखाना और दो लाख रुपए राम बहादुर रानी पुरवा के नाम पर लिए और बंधक बैंक के नाम पर तीन चेक लिया। उस समय भाई सज्जाद माता जमीला और पिता अली हसन मौजूद थे। वर्ष 2024 में फर्म को बंद कर के साहबान मुंबई भाग गया। फोन नंबर बंद कर लिए। एस पी के आदेश पर नगर कोतवाली में साहबान उस के पिता अली हसन भाई सज्जाद और माता जमीला के नाम पर धोखाधड़ी का मुकदमा लिखा गया।

# गोंडा रेलवे जंक्शन पर हुई विशेष अभियान की शुरुआत

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस (30 जुलाई) के अंतर्गत 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले विशेष अभियान की शुरुआत आज गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर की गई। यह पहल अपराजिता सामाजिक समिति, रेलवे पुलिस फोर्स, चाइल्डलाइन, जीआरपी तथा अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से संपन्न हुई।

इस अवसर पर अपराजिता सामाजिक समिति की टीम ने स्टेशन अधीक्षक, आरपीएफ पोस्ट कमांडर, जीआरपी निरीक्षक तथा जिला चाइल्ड लाईन कोऑर्डिनेटर के साथ बैठक कर अभियान की रणनीति तय की। अपराजिता व चाईल्ड हेल्प लाईन टीम द्वारा स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर भ्रमण कर यात्रियों को मानव दुर्व्यापार की विभीषिका और इससे जुड़े खतरों के बारे में जागरूक किया गया। यह अभियान रेलवे मंत्रालय के अधीनस्थ रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स द्वारा जारी एक महीने की राष्ट्रीय अधिसूचना के अंतर्गत चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ट्रेनों और रेलवे परिसर में यातायात कर रहे बच्चों और महिलाओं की पहचान कर उन्हें बचाना है। अभियान के अंतर्गत जागरूकता फैलाने के लिए रेलवे प्लेटफार्मों पर कियोस्क, बैनर, आईईसी सामग्री, वीडियो और सार्वजनिक घोषणाएं के माध्यम से संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य है कि आमजन और रेलयात्रियों को मानव तस्करी के खिलाफ सजग किया जा सके और वे जरूरत पड़ने पर त्वरित सहायता हेतु संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करें। जागरूकता अभियान के तहत अपराजिता सामाजिक समिति से कार्यक्रम प्रबंधक अभय पांडेय, समन्वयक आत्रेय त्रिपाठी, रमाकांत, चाईल्ड हेल्प लाईन समन्वयक आशीष मिश्रा, केस वर्कर पारुल गुप्ता आदि आज जगरुकता अभियान मे शामिल रहे।

## अधिकारियों के आदेश पर एसडीएम की मनमानी पड़ रही भारी, फरियादी हो रहे निराश



**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** उप जिलाधिकारी मनकापुर की मनमानी से शासन समेत मंडलायुक्त व जिलाधिकारी के निर्देश मनकापुर में फेल नजर आ रहे हैं, जिससे आम जनता को मिलने वाली न्याय दुरूह होती जा रही है। और ऑफिस से लेकर तहसील के विभिन्न पटलों पर दलालों का बोलबाला चल रहा है। चाहे तहसीलदार का कंप्यूटर कक्ष हो या पूर्ति विभाग और चाहे नायब साहबान की ऑफिस चारों तरफ तहसील में कारखास घूमते मिलेंगे। ऐसे ही मंगलवार की सुबह करीब 10 :50 पर मनकापुर तहसील कार्यालय में सूत्रों द्वारा पता किया गया तो उप जिलाधिकारी मनकापुर की कुर्सी खाली थी, तथा मौके पर साइड की कुर्सी पर एक नायाब तहसीलदार बैठे थे,ऐसे में जनता दर्शन को पहुंच रहे प्रत्येक फरियादी दरवाजा देखकर वापस लौट रहे थे। वहीं करीब 11 बजे के बाद उप जिलाधिकारी मनकापुर पहुंचकर अपनी अटेंडेंस लगा कर दायित्वो की पूरी पूर्ति करते हुए कागजी कोरम पूरा कर दिया। मौके पर अधिवक्ता श्यामलाल शुक्ल ने बताया कि शासन समेत उच्च अधिकारियों का सख्त निर्देश है कि जनता की सुनवाई में कोई कोताही न वर्ती की जाए तथा निर्धारित समय में बैठकर प्रत्येक फरियादी की समस्या सुनकर निस्तारण किया जाए। लेकिन इसके विपरीत यहां पर उप जिलाधिकारी मनकापुर रात्रि विश्राम नही करते हैं ऐसे में अपनी फरियाद लेकर पहुंच रही जनता अधिकारी के न मिलने से निराश होकर वापस लौट जाती है। जिससे शासन प्रशासन समेत अधिकारियों के आदेश की यहां जमकर अवहेलना हो रही है।

## सरयू नदी में बहता मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** बेलामकन गांव के पास सरयू नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस जांच एवं शिनाख्त में जुटी।जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलामकन गांव के पास बह रही सरयू नदी में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे अज्ञात व्यक्ति का शव उतरता हुआ स्थानीय लोगों ने देखा। सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। जांच एवं शिनाख्त शुरू की। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रहा है। शव की शिनाख्त के लिए आस पास के लोगो से संपर्क किया जा रहा है। मौके पर हल्का लेखपाल पंकज कुमार यादव व पुलिस टीम मौजूद रही।

# आवारा कुत्तों ने बालक पर बोला हमला, हालत खराब

**▸ बालक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कमहरिया गांव निवासी छब्बन का 12 वर्षीय बालक नूरुद्दीन मंगलवार सुबह करीब सात बजे मटेरा नहर के पास खेत से चप्पल लाने गया था। तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। नूरुद्दीन के सिर, कमर, जांघ, पैर आदि कई स्थानों पर कुत्तों ने हमला किया। गंभीर हालत में परिजन सीएचसी शिवपुर लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत



गंभीर होता देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ नलिन राजा ने बताया कि बालक के सिर, कमर , पैर पर गंभीर जख्म हैं। बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व सेमरिया गांव निवासी सात वर्षीय दिलशाद पर भी कुत्तों के झुंड ने हमला कर घायल किया। जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। कुछ माह पूर्व मटेरा कला गांव में एक मासूम बच्ची की कुत्तों के झुंड ने हमला कर जान लेली है।

# नवाचार शिक्षण का प्रयोग करें शिक्षकः चैतन्या

**जिले के समस्त न्याय पंचायतो में आयोजित हुई शिक्षक संकुल की बैठक**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

प्राचार्य डायट व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद के समस्त न्याय पंचायतो में शिक्षक संकुल की बैठक आयोजित की गई।

इसी क्रम में पयागपुर विकासखंड के शिवदहा न्याय पंचायत के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा के बैठक हाल में न्याय पंचायत के समस्त शिक्षकों की बैठक संपन्न हुई। शिक्षक संकुल बैठक की अध्यक्षता पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने किया। पूर्व एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक नवाचार के माध्यम से कक्षा शिक्षण नवीन गतिविधि के साथ




शिक्षण कार्य करें, शिक्षक संकुल बैठक में सहज -सरल तरीके से पढ़ने- पढ़ाने की गतिविधि, प्रिंटरिच मटेरियल, शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग, शिक्षक डायरी, गणित विज्ञान किट, सहज पुस्तक आदि के कक्षा शिक्षण में प्रयोग करने पर विशेष बल दिया गया। शिक्षक संकुल बैठक का पर्यवेक्षण राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा नामित जनपद निपुण नोडल चैतन्या तथा एसआरजी प्रीति श्रीवास्तव द्वारा किया गया। नवाचार शिक्षण पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। शिक्षक संकुल बैठक में राजेश कुमार मिश्र, अखिलेश यादव,आदित्य विद्यार्थी, हरिओम गौड़, अनिल कुमार सिंह,पेशकर तिवारी, प्रदीप तिवारी, दिनेश कुमार, संजय, मधु, महिमा दुबे , मनोज लता, रतना सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव, मोहन, नीलम, मोनिका, चंद्रशेखर तिवारी, अजय, रामनरेश यादव, आदि शिक्षक मौजूद रहे। इसी तरह विकासखंड के न्याय पंचायत,लालपुर,त्रिकोलिया, सोहरियावा, पयागपुर, बभनियावा, हंसुवापरा, खुटेहना, कुशभौना मे भी शिक्षक संकुल की बैठक संपन्न की गई।

# अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई, चार सील

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने जिले में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। विभाग की टीम ने छापेमारी कर तीन अस्पताल और एक पैथोलॉजी सेंटर को सील कर दिया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग वर्मा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर गठित टीम ने गायघाट और मटिया मोड़ क्षेत्र में स्थित असगरी पैथोलॉजी सेंटर और चंदन हॉस्पिटल को सील कर दिया। वहीं तेजस हॉस्पिटल और लखनऊ हॉस्पिटल पर विभागीय ताला जड़ दिया गया, क्योंकि




संचालक छापेमारी की भनक लगते ही अस्पताल बंद कर फरार हो गए थे। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध संस्थानों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पंचायत राज विभाग के कर्मचारियों का धरना खत्म

**▸ उप निदेशक ने एक सप्ताह में मामले के निस्तारण का दिया आश्वासन**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले में पंचायत राज विभाग के कर्मचारियों द्वारा विकास भवन में चल रहा धरना मंगलवार को समाप्त हो गया। कर्मचारियों ने डीएम पर अभद्रता का आरोप लगाया था। तीन दिन पहले कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम मोनिका रानी ने विभागीय अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी थी। सूचना न मिलने पर उन्होंने कुछ अधिकारियों को बैठक से बाहर जाने को कहा। जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश पांडे ने डीएम पर



अभद्रता का आरोप लगाया। इस घटना से नाराज होकर उत्तर प्रदेश राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, पंचायत सचिव और ग्राम विकास अधिकारी ने सोमवार से धरना शुरू किया। मंगलवार को भी प्रदर्शन जारी रहा। दोपहर लगभग 12 बजे उप निदेशक पंचायती गिरीश चंद्र रजक मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को मामले के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। धरने में सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, एडीओ डीपीआरओ समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। उप निदेशक के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिया।

# कोटेदारों ने की लाभांश बढ़ाने की मांग, कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले में मंगलवार को कोटेदारों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के बैनर तले कोटेदारों ने जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिव गोविन्द गौड़ के अनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार कोटेदारों को 90 रुपए प्रति कुंतल लाभांश दे रही है। अन्य राज्यों में यह राशि 200 रुपए प्रति कुंतल है। कोटेदारों ने राशन वितरण की वर्तमान फीडबैक प्रणाली पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि फोन द्वारा ली जा रही फीडबैक में विपक्षी लोग गलत



जानकारी दे रहे हैं। कई बार ऐसे लोग भी फोन उठा लेते हैं जिन्होंने राशन लिया ही नहीं। कोटेदारों ने दुकानों की जांच एक ही विभाग से कराने की मांग की। उनका कहना था कि कई विभागों द्वारा जांच से उनका शोषण होता है। साथ ही उन्होंने बकाया भुगतान की मांग भी की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में कोटेदार मौजूद थे।

**अमृत सरोवर बना कूड़ा सरोवर**

# योजना की सरेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

**विशेश्वरगंज,बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

विशेश्वरगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत लखनगोंडा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना की सरेआम धज्जियाँ उड़ रही हैं। लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया यह सरोवर अब गंदगी और भ्रष्टाचार की दलदल में तब्दील हो चुका है।

चारों ओर कूड़े के ढेर लगे हैं, जलाशय सड़ांध मार रहा है और मच्छरों की भरमार से बीमारियाँ फैलने का खतरा मंडरा रहा है। जिस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सुंदरता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था, वहीं अब यह अमृत सरोवर गाँव के लिए विष बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जब कोई इस दुर्दशा पर आवाज़ उठाता है तो ग्राम प्रधान की दबंगई सामने आ जाती है। विरोध करने वालों को धमका दिया जाता है। पंचायत में प्रधान के खिलाफ बोलना तो दूर, लोग डर के मारे मुंह नहीं खोलते। ग्राम सचिव सुशील कुमार का



व्यवहार भी किसी 'सीडीओ' से कम नहीं है। न वे शिकायतें सुनते हैं, न जनता से संवाद करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई, गुणवत्ताहीन कार्य हुआ और अब देखरेख के नाम पर कोई जिम्मेदार नहीं है। लाखों का सरकारी धन बहाकर जो सरोवर बना, वह अब भ्रष्टाचार का आईना बनकर रह गया है - जहाँ विकास नहीं, सिर्फ बदबू और गंदगी की बस्ती है। इस विषय पर ग्राम सचिव से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला।

# सड़क निर्माण कार्य शुरू होते ही झूम उठे ग्रामीण

- पूर्व विधायक राकेश सिंह की पहल लाई रंग
- दलित बस्ती की बदहाल सड़क पर पूर्व विधायक ने दिखाई तत्परता



**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**

हरचंदपुर विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश सिंह ने एक बार फिर जनसेवा का उदाहरण पेश करते हुए जनता के दिल में जगह बना ली है। 30 जून की रात एक व्यापारी की हत्या के बाद पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे राकेश सिंह ने परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर पीड़ित परिवार की सभी मांगों को शासन तक पहुंचाएंगे।

इसी क्रम में उनका काफिला खीरों ब्लॉक क्षेत्र के बेहटा सातनपुर गांव पहुंचा, जहां दलित बस्ती की जर्जर सड़क देख वे खुद भी सोच में पड़ गए। उन्होंने कहा, जब मुझे एक दिन निकलने में इतनी परेशानी हो रही है, तो ग्रामीण रोजाना कैसे गुजरते होंगे।

पूर्व विधायक ने मौके पर ही अधिकारियों से संपर्क कर अगले दिन से सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया। यह खबर फैलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि राकेश सिंह जब विधायक थे, तब उन्होंने क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य कराए थे। सड़कों का जाल बिछा दिया था, जिससे लोग उन्हें 'विकास पुरुष' कहने लगे थे।

### वर्तमान विधायक पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

वहीं ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक राहुल लोधी पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक बनने के बाद राहुल लोधी क्षेत्र में केवल फोटो खिंचवाने और गेट लगवाने तक ही सीमित रह गए हैं। जनता की समस्याओं से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। ग्रामीणों ने कहा, विधायक केवल किसी बड़ी घटना का इंतजार करते हैं, और जब कोई घटना घटती है, तो उसी पर राजनीति करने के लिए क्षेत्र में नजर आते हैं। विकास कार्यों से उनका कोई वास्ता नहीं है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि राहुल लोधी अपने कार्यकाल में अब तक कोई ठोस विकास कार्य नहीं करवा सके हैं, जबकि पूर्व विधायक राकेश सिंह आज भी बिना पद के जनसमस्याओं को प्राथमिकता दे रहे हैं।

जब पूर्व विधायक राकेश सिंह से विकास योजनाओं को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मैंने संकल्प लिया है कि पूरे सावन मास में अपनी विधानसभा का भ्रमण करूंगा। जहां भी समस्या मिलेगी, उसका तत्काल समाधान कराया जाएगा। मुझे जनता की समस्या अपनी लगती है। मैं चाहूंगा कि जनता एक बार फिर सोच-विचार करे और खुद तय करे कि सही कौन है और गलत कौन। पूर्व विधायक की सक्रियता और संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता एक बार फिर बढ़ती दिखाई दे रही है। वहीं, वर्तमान नेतृत्व पर लोगों का भरोसा लगातार डगमगा रहा है।

## चेयरमैन एवं पूर्व विधायक ने बाईपास एवं ओवर ब्रिज को लेकर डीएम से की मुलाकात

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ एवं सरेनी के पूर्व विधायक ने सोमवार को जिला अधिकारी रायबरेली से शिष्टाचार मुलाकात की और डलमऊ कस्बे में बाईपास बनाने एवं प्रस्तावित ओवर ब्रिज को लेकर गहन चर्चा की।

नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ पंडित बृजेश दत्त गौड़ एवं सरेनी के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को जिला अधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर से शिष्टाचार भेंट की जिसमें डलमऊ कस्बे में बाईपास बनाए जाने एवं मुराई बाग में प्रस्तावित ओवर ब्रिज के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सरेनी विधायक ने जिला अधिकारी को बताया कि डलमऊ कस्बे के मुराई बाग क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज प्रस्तावित है तथा बिलग्राम-उन्नाव प्रयागराज मार्ग व बीएसए राज्य मार्ग को फोर लेन बनाया जाना प्रस्तावित है मुराई बाग में लगभग 400 पक्के मकान सड़क के किनारे स्थित है डलमऊ गंगा तट पर बसा प्राचीन ऐतिहासिक धार्मिक एवं पौराणिक नगर है यहां प्रत्येक माह की अमावस्या व पूर्णिमा तथा कार्तिक मास में लगने वाले विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेला मे लाखो की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिये आते है। मुराई बाग कस्बे में रेलवे ओवर ब्रिज व फोर लेन सड़क बनाये जाने के बाद कस्बे का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा इसलिए यहां पर फोर लेन सड़क का बाईपास तथा रेलवे ओवर ब्रिज का उतार-चढ़ाव बाईपास में जोड़ने के लिए पीडब्लूडी विभाग, सिचाई विभाग, उपजिलाधिकारी डलमऊ एवं सेतु निगम विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जांच करवाने की मांग की है जिस पर जिला अधिकारी रायबरेली ने संबंधित विभागों से जांच कराकर रिपोर्ट शासन को भेजने के बाद अग्रिम कार्रवाई किए जाने की बात कही है इस मोके पर दिनेश जायसवाल, राजेंद्र वैश्य, राजकमल मोदनवाल, सरयू प्रसाद सोनकर, मनोज पांडे, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम ने शहीद की पत्नी को अंग वस्त्र पहनकर किया सम्मानित



**डलमऊ, रायबरेली।** वर्ष 1971 में भारत–पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले डलमऊ तहसील क्षेत्र के अमरहा मजरे गंज बरेड़वा गांव निवासी शहीद रामकुमार की पत्नी अरुणा देवी को एसडीएम डलमऊ अहमद फरीद खान ने अंग वस्त्र एवं माला पहनकर सम्मानित किया शहीद की विधवा ने उप जिला अधिकारी डलमऊ को बताया कि उसके पास राशन कार्ड नहीं है तथा पानी की समस्या हो रही है जिस पर एसडीएम ने ने तत्काल खाद्य एवं पूर्ति निरीक्षक को शहीद की विधवा का राशन कार्ड बनाने एवं खंड विकास अधिकारी को पानी से संबंधित हो रही समस्या का निदान कराने के लिए निर्देशित किया इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल उमाकांत व डलमऊ लेखपाल हरिओम त्रिपाठी व ग्रामप्रधान तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्कूटी और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** स्कूटी और बाइक की भिड़ंत मे एक मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल महराजगंज कोतवाली के चौकी थुलवासा क्षेत्र के याकुबगंज के पास स्कूटी और बाइक मे भिड़ंत हो गई जिसमें स्कूटी सवार ज्ञान सिंह मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर 12:00 की है सोथी गांव का रहने वाला ज्ञान सिंह उम्र 38 वर्ष पुत्र जय बहादुर अपने घर से थुलवासा बाजार स्थित ब्यूटी पार्लर की दुकान पर खाना देने अपनी स्कूटी से जा रहा था तभी याकूबगंज के पास रायबरेली की तरफ से आ रहे हैं मोटरसाइकिल सवार नीरज उम्र 30 वर्ष पुत्र अमृतलाल चौहान निवासी पुरे तिवारी मंज़रे बावन बुजुर्ग बल्ला की आमने–सामने भिड़ंत हो गई इस भीषण सड़क हादसे में ज्ञान सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रायबरेली की ओर से आ रहा दूसरा मोटरसाइकिल सवार नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची 108 एंबुलेंस और पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस पर लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां डॉक्टरों ने ज्ञान सिंह को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल नीरज का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ज्ञान सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### विशेष प्रवर्तन अभियान 24 जुलाई तक

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 15 जुलाई से 24 जुलाई 2025 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल/शीरा परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी तथा अवैध अल्कोहल/शीरा के परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनता की समस्याएं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में मंगलवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

### आबकारी विभाग ने पकड़ी 120 ली अवैध कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम–ब्रम्हनी,महरनियां, भदइया महमूद पुर,अकबरपुर फरसी तथा केशवपुर, हरदोइया, मनीपुर में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र– तिलोई में थाना–फ़ुरसतगंज के अंतर्गत ग्राम–ब्रम्हनी, महरनिया, भदइया महमूदपुर, अकबरपुर फरसी से कुल 120लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 500कि.ग्रा लहन मौके पर नस्ट किया गया इस कार्यवाही में 4अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्रामवासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई!एवं आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया उक्त सयुक्त दबिश कार्यवाही में रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई व थाना फुर्सतगंज के उप निरीक्षक तौफीन हुसैन खान, सिपाही राघवेंद्र सिंह व आबकारी स्टॉफ मनोज कुमार, सुबोध कुमार, कौशल सिंह आदि दबिश में सम्मलित रहें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइकसवार घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना के मुंशीगंज मार्ग पर रामशाहपुर चौराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से घायल को अस्पताल भिजवाया गया, घायल बाइक सवार कोतवाली मुंशीगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा गरथोंलिया का निवासी बताया जा रहा है।

### सैनिक स्कूल ने 6वां स्थापना दिवस मनाया

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सैनिक स्कूल अमेठी ने अपने 6वें स्थापना दिवस को हर्षोउल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूल में फ़रन फॉर फनफ़ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर फिटनेस और एकजुटता का परिचय दिया। यह आयोजन शारीरिक फिटनेस और टीम भावना को प्रोत्साहित करने का प्रतीक था। इसके बाद एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। पारंपरिक नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियाँ दर्शकों का दिल जीतने में सफल रही। ये प्रस्तुतियाँ स्कूल के अनुशासन, मेहनत और देशभक्ति के मूल्यों को उजागर करती हैं। इस कार्यक्रम में अमेठी के जिला मजिस्ट्रेट संजय सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों की मेहनत और संस्थान की प्रगति की सराहना करते हुए, उन्हें आगे बढ़ने और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल सतवीर सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह उत्सव केवल अतीत की उपलब्धियों को मनाने का नहीं, बल्कि भविष्य की नई उपलब्धियों के लिए प्रेरणा लेने का भी अवसर है। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल का लक्ष्य न केवल छात्रों को अकादमिक ज्ञान देना है, बल्कि उन्हें एक सक्षम नागरिक और राष्ट्रसेवक के रूप में तैयार करना है।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**डलमऊ, रायबरेली।** नाबालिक को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया अभियुक्त पास्को एक्ट का वांछित था पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर खास की सूचना पर डलमऊ पुलिस ने पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त अनीस रैदास पुत्र पुत्तन लाल निवासी सेमौरी डलमऊ रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया है और उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है अभियुक्त अनीश पर एक 14 वर्षीय नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि अभियुक्त पास्को एक्ट सहित अन्य मामलों में वांछित था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## जिलाधिकारी ने मृतक भट्ठा मजदूर की पत्नी को दिलाया सरकारी योजनाओं का लाभ

- डीएम के विशेष प्रयास से पंजाब से जारी हुआ मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अपने कार्यालय कक्ष में पंजाब में मुक्तसर साहिब जिले में भट्टे पर मजदूरी करने वाले मृतक रतिपाल की आश्रित पत्नी श्री मती को मुख्यमंत्री आवास योजना (सामान्य) व महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना का प्रमाण-पत्र दिया।

मृतक रतिपाल ग्राम-चीखरी, पोस्ट-अजीतपुर, जनपद-रायबरेली निवासी थे जो पंजाब जिले में भट्टे पर मजदूरी करते थे जहां पर दुर्घटना की वजह से उनकी मृत्यु अक्टूबर 2023 में हो गई थी। संपूर्ण समाधान दिवस लालगंज में निराश्रित महिला जिलाधिकारी से मिली और अपनी बात प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विशेष प्रयास करते हुए मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र पंजाब से जारी कराया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जिला प्रोवेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को निर्देश दिया कि निराश्रित महिला को सरकारी योजनाओं का तत्काल लाभ दिलाया जाए। इसके लिए जिला प्रोवेशन अधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना व निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत आच्छादित कराते हुए सरकारी योजनाओं के लिए आवश्यक कार्रवाई की साथ ही उनके दो बच्चों प्रियंका और देवांश की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार की ओर से रु.5000 की सहायता राशि की कार्यवाही पूर्ण कराई। लाभार्थी ने इसके लिए जिलाधिकारी और जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया।

## टेंपो पलटने से गंभीर रूप से घायल हुआ व्यक्ति

**महराजगंज, रायबरेली।** टेंपो पलटने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मोहर्रम अली उम्र 38 वर्ष पुत्र सनीउल्लाह निवासी मूडू का पुरवा टेंपो पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला रेफर कर दिया।

## रणविजय के पक्ष में उतरे अधिवक्ता

- सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

महराजगंज बार एसोसिएशन तहसील महराजगंज रायबरेली के अधिवक्ताओं ने रणविजय सिंह एडवोकेट के मामले में मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन एसडीएम सचिन यादव को सौंपा। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया कि थाना चन्दापुर जनपद रायबरेली पुलिस द्वारा मनमानी तरीके से निर्दोष अधिवक्ता रणविजय सिंह ग्राम खेरवा मुरैनी को लामी चौराहा घटना मे अभियुक्त बना दिया गया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने बताया तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली में विधि व्यवसाय कर रहे रणविजय सिंह ग्राम खेरवा मुरैनी के निवासी है लामी चौराहा घटना से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है घटना के समय से काफी पहले रणविजय सिंह अपनी गांव स्थित दुकान में उपस्थित थे, जिसका प्रमाण सीसीटीवी फुटेज़ मे मौजूद है पुलिस को बताने के बावजूद भी तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए उनका चालान पुलिस अभिरक्षा में फर्जी तरीके से कर दिया गया। इस मौके पर अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी, भूपेश मिश्रा, शिव सागर अवस्थी, दीपू अवस्थी, भूपेश मिश्रा, अशोक यादव सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## आईटीआई में टैबलेट वितरण एवं प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत जिले के पहले प्राइवेट आईटीआई बप्पा देवतादीन अग्रहरि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टैबलेट का वितरण किया गया तथा हिमाचल प्रदेश की प्रमुख कंपनी वर्धमान के अधिकारियों द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ और व्यापार मंडल अध्यक्ष राम गोपाल वैश्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए बृजेश दत्त गौड़ ने कहा कि इस योजना के तहत छात्रों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आईटीआई के छात्रों को अब तकनीकी उपकरणों के साथ शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके भविष्य में सुधार होगा। राम गोपाल वैश्य ने कहा कि व्यापार मंडल इस योजना का समर्थन करता है और छात्रों को तकनीकी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा से छात्रों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आईटीआई के प्रधानाचार्य शक्तिमान अग्रहरि ने बताया कि इस योजना के तहत छात्रों को टैबलेट और आईपैड वितरित किए गए हैं, जिससे उन्हें ऑनलाइन शिक्षा और प्रशिक्षण में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईटीआई का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करना है जिससे वे अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें। कार्यक्रम में इंस्ट्रक्टर आरवी सिंह, महेंद्र सिंह, रामबिहारी बाजपेई, शैलेन्द्र सिंह और संस्थान के संयोजक आयुष्मान वैश्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए और सरकार की इस योजना के लिए धन्यवाद दिया। इस योजना के तहत जिले के पहले प्राइवेट आईटीआई में पढ़ने वाले छात्रों को तकनीकी उपकरण प्रदान किए गए हैं, जिससे उन्हें अपने भविष्य में सुधार करने में मदद मिलेगी।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल पैदल लिये जा रहे व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम अंकुल उर्फ शिवा पुत्र जवाहर लाल निवासी धमरावां मजरे जंगल रामनगर थाना व जनपद अमेठी बताया व मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सका। मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ में बताया कि मैनें यह



मोटरसाइकिल दिनांक 12 जुलाई को रात में सरकारी अस्पताल के पास शिव मेडिकल स्टोर के बाहर से लॉक तोड़कर चोरी की थी मगर स्टॉर्ट न होने के कारण अस्पताल के पीछे झाड़ियों में छुपा दिया था। जिसे अब मैं ले जा रहा था। उक्त मोटरसाइकिल की चोरी के संबंध में थाना गौरीगंज पर मुकदमा पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जिलाधिकारी द्वारा स्ट्रांग रूम का किया गया निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवी पैट कक्ष का अवलोकन किया गया। उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र–अमेठी, गौरीगंज, तिलोई व जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्र की ईवीएम, वीवी पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने कई विभागों का किया औचक निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा मंगलवार को जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अमेठी, कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी तथा कार्यालय जिला कृषि अधिकारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के प्रथम चरण में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपायुक्त उद्योग कार्यालय का भ्रमण किया गया। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में यह पाया गया कि विवेक कुमार मिश्रा (सीएम फेलो), योगेन्द्र कुमार यादव (सीएम फेलो) तथा उद्यमी मित्र प्रवीण कुमार कार्यालय से अनुपस्थित रहे। विशेष रूप से प्रवीण कुमार पूर्वाह्न 11=14 बजे कार्यालय आए, जिनसे पूछे जाने पर बताया गया कि वे जगदीशपुर में दीपक अस्पताल का सत्यापन करने गए थे। इस देरी को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त उद्योग दिनेश चौरसिया को निर्देशित किया कि इन कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करें। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी तथा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में यह पाया गया कि संजय कुमार श्रीवास्तव (प्रधान सहायक) तथा इंद्रपाल (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) अनुपस्थित पाए गए। इस पर निर्देशित किया गया कि उक्त कर्मचारियों का आज दिनांक 15 जुलाई का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित किया जाए तथा उनका स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए। उक्त कार्यालयों में भी स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। अभिलेखों का रखरखाव अव्यवस्थित था, कर्मचारियों की मेजों पर नामपट्टिकाएं नहीं थीं एवं कोई भी कर्मचारी आईडी कार्ड धारण किए हुए नहीं मिला। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में इन बिंदुओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा तीन दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कार्यालयीन अनुशासन बनाए रखने हेतु सभी कर्मचारी नामपट्टी युक्त पटल का प्रयोग करें एवं अनिवार्य रूप से पहचान पत्र धारण करें। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि उद्योग, कृषि एवं भूमि संरक्षण विभागों द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं का लाभ शासनादेश में वर्णित पात्रता के अनुसार प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचे।

## पंखे से लटकता मिला युवती का शव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के भद्दौर गांव में एक युवती का शव घर के कमरे में पंखे से लटकता हुआ मिला है। युवती ने घर के कमरे के छत में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों की सूचना पर पहुंची मुसाफ़िर खाना कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुसाफ़िर खाना कोतवाली क्षेत्र के भद्दौर निवासी मो उस्मान की 24 वर्षीय पत्नी तहसीन बानो घर के अंदर कमरे के छत में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस घटनास्थल का जायजा लिया एवं विधिक कार्रवाई करते हुए औपचारिकता पूर्ण की।

## आईटीआई गौरीगंज में विश्व युवा कौशल दिवस आयोजित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को आईटीआई गौरीगंज में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कौशल विकास केंद्र तथा आईटीआई के छात्र-छात्राओं द्वारा मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तदोपरांत प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने 11 यूथ आइकॉन को प्रशस्ति पत्र, 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं पांच उद्यमियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दूरदर्शी, पक्का इरादा, कड़ी मेहनत और ईमानदारी यह चार चीज होंगी तो आपको सफलता जरूर मिलेगी, शासन द्वारा युवाओं के लिए अपना निजी स्टार्टअप स्थापित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई है जिससे युवा तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपना निजी व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं इसके लिए उन्हें ऋण की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने हाथ में हुनर को पैदा करें और हमारे हुनर से चार और लोगों को रोजगार मिले इसी दशा में कार्य करें। सीडीओ सूरज पटेल ने कहा कि पीएम एवं सीएम का उद्देश्य है कि हमारे युवा अपना निजी स्टार्टअप प्रारंभ कर अन्य युवाओं को रोजगार देने वाले बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत लाभ पाकर अपना स्टार्टअप चलाने वाले युवाओं ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अपनी सफलता की कहानी बताई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई जायस शिवाकांत द्विवेदी के द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, जीएमडीआईसी दिनेश कुमार चौरसिया, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई गौरीगंज विवेक कुमार, एसीसी टिकरिया के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी, उद्यमी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पति ने डंडे से पीटकर पत्नी को उतरा मौत के घाट

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र बाजार शुक्ल के अंतर्गत डंडे से पीटकर एक पति ने अपनी पत्नी को घायल कर दिया। महिला को परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायल पत्नी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति को हिरासत में लेकर पुलिस पूंछतांछ कर रही है। पूरे नजर अली का पुरवा अहमदपुर निवासी राजकुमार गौतम ने सोमवार की रात्रि अपनी पत्नी प्रेमलता उम्र 40 वर्ष को डंडों से जमकर पीटा जिससे पत्नी प्रेमलता गम्भीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि राजकुमार गौतम व उसकी पत्नी प्रेमलता ने शराब पी। शराब के नशे में दोनों के बीच




विवाद हो गया जिसके बाद राजकुमार गौतम ने अपनी पत्नी प्रेमलता की डंडे से जमकर पिटाई कर दी जिससे पत्नी प्रेमलता गम्भीर रूप से घायल हो गई। हालांकि घटना के कारण स्पष्ट नहीं है घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी पति राजकुमार गौतम को हिरासत में लेकर पूछताछ जांच पड़ताल अग्रिम विधिक एवं आवश्यक कार्यवाई में जुट गई है।

## 35 लाख से अधिक वोटर्स के नाम पर चलेगी कैंची

निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची में कूटरचित तरीके से शामिल होने वाले मतदाताओं के नाम आयोग सूची से हटाने जा रहा है। जो आगामी चुनाव में अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। आयोग ने इसकी पहल 24 जून 2025 से बिहार से शुरू कर दिया है। मतदाता को कोई असुविधा न हो इसके लिए आयोग ने बड़ी संख्या में अपने कर्मचारी/अधिकारी लगाए हैं। इसे इस साल होने वाले बिहार विधानसभा सभा चुनाव के पूर्व पूर्ण रूप से तैयार कर लेना है। कूटरचित मतदाताओं के नाम निरस्त किए जाने की इस कार्रवाई में लाखों की संख्या में अवैध घुसपैठियों की भी पहचान हो सकेगी। इस पुनरीक्षण में अब तक बिहार में करीब 35 लाख से अधिक अवैध तरीके से मतदाता सूची में शामिल नाम निरस्त किए जा चुके हैं। जांच पड़ताल की कार्यवाई में आयोग की टीम घर-घर सर्वेक्षण कार्य करने में लगी है। इसी कड़ी में चुनाव आयोग का वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण और सत्यापन अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। अब तक हुए सत्यापन में 35 लाख से ज्यादा फर्जी मतदाता पाए गए हैं, जिनका नाम चुनाव आयोग काटेगा और मतदाता सूची का फाइनल ड्राफ्ट 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित करायेगा। अब तक कुल छह करोड़ 60 लाख मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा कराए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक 5 करोड़ 74 लाख से अधिक प्रपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जा चुके हैं। दो चरणों में हुए घर-घर सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि 1.59 प्रतिशत मतदाता मृत पाए गए, जबकि 2.20 प्रतिशत मतदाता स्थायी रूप से अपना निवास स्थान बदल चुके हैं और 0.73 प्रतिशत मतदाता एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मिले हैं। कुल मिलाकर ऐसे मतदाताओं का प्रतिशत 4.52 प्रतिशत बनता है, जो लगभग 35 लाख 69 हजार से अधिक होता है। राज्य के कुल 7 करोड़ 90 लाख मतदाता हैं, इनमें से अब तक 6 करोड़, 60 लाख, 67 हजार 208 मतदाता अपने गणना फॉर्म जमा कराए हैं। 11.82 प्रतिशत मतदाताओ ने गणना फॉर्म अभी जमा नहीं किया है। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अब केवल 11.82 प्रतिशत मतदाता ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक अपने गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं। आयोग का कहना है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। तीसरे चरण में घर-घर सर्वेक्षण के लिए लगाए गए लगभग एक लाख बीएलओ जल्द ही कार्य सम्पन्न करेंगे।

# ऐसी पढ़ाई में है सारे बच्चों की भलाई

**प्रियंका सौरभ**

भारत के शिक्षा तंत्र में दशकों से एक अदृश्य रेखा बनी रही है। वह है आगे की बेंच और पीछे की बेंच। जहां आगे की बेंच पर बैठने वाले छात्र अकसर मेधावी माने जाते हैं, वहीं पीछे की बेंच को उपेक्षा और उपहास का प्रतीक समझा जाता है। लेकिन केरल के सरकारी स्कूलों में हाल ही में जो बदलाव लाया गया है, वह इस मानसिकता को जड़ से चुनौती देता है। अब वहां ÷बैक बेंचर्स÷ नाम की कोई चीज नहीं है। केरल के स्कूलों में अब छात्रों को गोल घेरे में (यू-शेप) में बैठाया जा रहा है, जिससे हर बच्चा शिक्षक के सामने होता है, न कोई आगे, न कोई पीछे। यह केवल एक बैठने की शैली नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति है। यह इस सोच को तोड़ता है कि सीखने का अधिकार कुछ बच्चों तक सीमित है।

इस बदलाव का उद्देश्य स्पष्ट है- बराबरी, भागीदारी और समावेशिता। हर बच्चा अब शिक्षक से आंख मिलाकर संवाद कर सकता है, अपने सवाल पूछ सकता है और खुद को महत्वपूर्ण महसूस कर सकता है। बताया जाता है कि यह नई व्यवस्था एक फिल्म में दिखाई गई कल्पना से प्रेरित है। कभी-कभी सिनेमा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बदलाव की प्रेरणा भी बन जाता है। जिस तरह ÷तारे जमीन पर÷ ने विशेष बच्चों को लेकर दृष्टिकोण बदला, वैसे ही इस फिल्म ने शिक्षा व्यवस्था पर सोचने को मजबूर किया। केरल ने उस कल्पना को जमीन पर उतारा और यही वह दृष्टिकोण है जो भारत के शिक्षा क्षेत्र में एक नई रोशनी बन सकता है।

शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, वह एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। एक बच्चा जो हमेशा पीछे बैठाया जाता है, उसके आत्मविश्वास पर इसका असर पड़ता है। उसे लगता है कि वह कमतर और गैरजरूरी है। जब वही बच्चा शिक्षक के सामने बैठता है, चर्चा का हिस्सा बनता है, तो उसके भीतर एक नई ऊर्जा जन्म लेती है। नई बैठने की व्यवस्था केवल छात्रों के लिए नहीं, शिक्षकों के लिए भी एक चुनौती और अवसर दोनों है। अब शिक्षक को केवल सामने खड़े होकर भाषण देने वाला नहीं, बल्कि बातचीत और सहभागिता में विश्वास रखने वाला मार्गदर्शक बनना होगा।

यह एकतरफा शिक्षा को दोतरफा संवाद में बदलता है। यह नई व्यवस्था शिक्षा में लोकतंत्र लाने की शुरुआत है। जहां सभी बच्चों को समान दृष्टि से देखा जाता है। यह भारत के संविधान की उस मूल भावना के अनुरूप है, जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की बात करता है। भारत में शिक्षा को लेकर अकसर यह शिकायत रहती है कि कक्षा का वातावरण असमानता को बढ़ावा देता है। कुछ बच्चों को ही शिक्षक का ध्यान मिलता है, जबकि अन्य बच्चे पीछे छूट जाते हैं। केरल की यह पहल इस असंतुलन को खत्म करने का प्रयास है। जब हर बच्चा एक जैसे



**केरल का यह प्रयोग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल नीति-निर्माताओं द्वारा ऊपर से थोपा गया बदलाव नहीं है, बल्कि शिक्षकों, छात्रों और स्कूल प्रशासन की सामूहिक सोच और सहमति से उपजा विचार है। यह समावेशी शिक्षा के वैश्विक सिद्धांतों के अनुकूल है, जिसमें हर बच्चे को समान अवसर देना प्राथमिकता है। नई व्यवस्था बच्चों को पारंपरिक अनुशासन की जगह से निकालती है और उन्हें संवाद, सहयोग और सहभागिता की दुनिया में लाती है। यह शिक्षण पद्धति को अधिक संवादात्मक, जीवंत और व्यावहारिक बनाती है। इस मॉडल का एक मनोवैज्ञानिक पहलू भी है- जब बच्चा खुद को महत्वपूर्ण महसूस करता है, तो उसकी सीखने की क्षमता बढ़ जाती है। आत्म-सम्मान, आत्म-विश्वास और कक्षा में सक्रियता आपस में जुड़े हुए हैं।**

स्थान पर बैठेगा, तो शिक्षक की दृष्टि और संवाद में भी समता आएगी। शिक्षा को समाजशास्त्र के नजरिए से देखें तो यह व्यवस्था वर्ग, जाति और आर्थिक स्थिति से जुड़ी भेदभावपूर्ण मानसिकता को भी चुनौती देती है। पिछली पंक्तियों में अकसर वे बच्चे बैठते थे जो या तो सामाजिक रूप से दबे हुए होते थे या जिनका आत्मविश्वास कम होता था। अब जब वे केंद्र में होंगे, तो उनके आत्म-सम्मान में वृद्धि होगी।

केरल का यह प्रयोग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल नीति-निर्माताओं द्वारा ऊपर से थोपा गया बदलाव नहीं है, बल्कि शिक्षकों, छात्रों और स्कूल प्रशासन की सामूहिक सोच और सहमति से उपजा विचार है। यह समावेशी शिक्षा के वैश्विक सिद्धांतों के अनुकूल है, जिसमें हर बच्चे को समान अवसर देना प्राथमिकता है। नई व्यवस्था बच्चों को पारंपरिक अनुशासन की जगह से निकालती है और उन्हें संवाद, सहयोग और सहभागिता की दुनिया में लाती है। यह शिक्षण पद्धति को अधिक संवादात्मक, जीवंत और व्यावहारिक बनाती है।

इस मॉडल का एक मनोवैज्ञानिक पहलू भी है- जब बच्चा खुद को महत्वपूर्ण महसूस करता है, तो उसकी सीखने की क्षमता बढ़ जाती है। आत्म-सम्मान, आत्म-विश्वास और कक्षा में सक्रियता आपस में जुड़े हुए हैं। इसलिए यह व्यवस्था केवल बैठने की शैली नहीं, बल्कि सीखने की संस्कृति में बदलाव है। व्यवहारिक दृष्टि से यह व्यवस्था आसान नहीं है। देश के अधिकांश स्कूलों में कक्षाएं छोटी हैं, छात्र संख्या अधिक है और फर्नीचर सीमित। लेकिन यह असंभव भी नहीं है। यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो और शिक्षक समुदाय इस दिशा में तैयार हो, तो यह मॉडल अन्य राज्यों में भी अपनाया जा सकता है। देशभर में शिक्षा बजट का एक हिस्सा कक्षा के पुनर्गठन में लगाया जाए तो यह केवल भौतिक परिवर्तन नहीं, मानसिक और शैक्षणिक बदलाव भी लेकर आएगा। इसके लिए शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूलों की संरचना और पाठ्यचर्या में भी सुधार जरूरी है। निजी स्कूलों को भी इस पहल से सीख लेनी चाहिए। अगर वे वास्तव में छात्रों का सम्पूर्ण विकास चाहते हैं, तो इस मॉडल को अपनाना न केवल उचित होगा बल्कि जरूरी भी। माता-पिता, अभिभावकों और समाज को भी इस पहल का स्वागत करना चाहिए। उन्हें यह समझना होगा कि शिक्षा केवल अंक लाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक सामाजिक, मानसिक और नैतिक विकास की प्रक्रिया है। यह व्यवस्था उस सोच को भी चुनौती देती है कि शिक्षक सर्वोपरि है और छात्र केवल एक श्रोता। अब शिक्षक और छात्र दोनों संवाद के भागीदार हैं। यह आधुनिक शिक्षा की मूल भावना है, जहां शिक्षा सत्ता नहीं बल्कि साझेदारी है। केरल का यह प्रयोग भारत की शिक्षा नीति 2020 के विजन के भी अनुरूप है, जो रटंत विद्या से हटकर सोचने, संवाद करने और रचनात्मक बनने पर बल देती है। जब छात्र संवाद के केंद्र में होंगे, तो उनकी सोचने की क्षमता और आत्म-अभिव्यक्ति का स्तर भी बढ़ेगा। शिक्षा को लेकर हमारे समाज में अकसर एक डर का माहौल बना रहता है। मसलन-परीक्षा का डर, अंक का डर, असफलता का डर। लेकिन जब कक्षा का वातावरण सहभागी और संवादात्मक होता है, तो ये डर धीरे-धीरे खत्म होते हैं।

## विचार

# शिक्षा में भारतीय ज्ञान का समावेश क्यों और कैसे?

**गिरीश्वर मिश्र**

सुनने में यह कुछ अटपटी सी बात लगती है कि भारतीय शिक्षा को अब भारतीय ज्ञान-परम्परा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए पहल की जा रही है। इसे लेकर आम आदमी के मन में कई सवाल खड़े होते हैं। भारतीय होने का क्या अर्थ है ? जो ज्ञान-परम्परा स्वतंत्र भारत में चलती रही है वह किस अर्थ में भारतीय नहीं थी या कम भारतीय थी ? भारतीय ज्ञान-परम्परा का स्वरूप क्या है ? वह किस रूप में दूसरी ज्ञान-परम्पराओं से अलग है ? इस भारतीय ज्ञान-परम्परा की विशिष्टता क्या है जो हम इसकी ओर मुड़ें ? हालांकि इन प्रश्नों का उत्तर बहुत कुछ राजनीतिक पसंद और नापसंद पर निर्भर करता है पर आज के ज्ञान-युग में सामर्थ्यशाली होने के लिए इस पर विचार करना भारत के लिए किसी भी तरह से वैकल्पिक नहीं कहा जा सकता।

शिक्षा भारत में हो रही है, वह भारतीय शिक्षार्थियों के लिए है और भारतीयों द्वारा ही दी जा रही है। यह लोक-रुचि और लोक-कल्याण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। उस पर सार्वजनिक विचार होना ही चाहिए। तटस्थता और उपेक्षा का नजरिया छोड़ कर इस पर अच्छी तरह से ध्यान देना जरूरी है। आखिरकार यह पूरे समाज




की मनोवृत्ति, आचरण और देश के सांस्कृतिक अस्तित्व का सवाल है। शिक्षा की दृष्टि से यह एक गंभीर तथ्य हो जाता है कि हम आलोचनात्मक रूप से चिंतनहीन और सर्जनात्मकता की दृष्टि से पंगु होते जा रहे हैं।

शैक्षिक निष्पादन चिंताजनक रूप से घट रहा है। राजनीति में आडम्बर और मानवीय मूल्य दृष्टि की बढ़ती कमी आज सबको खटक रही है। सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में चिन्ताएं बढ़ रही हैं। उदाहरण के लिए न्याय व्यवस्था में आज तक अपेक्षित सुधार नहीं लाया जा सका । आज करोड़ों मुकदमें हैं जिनमें झूठे मुकदमे भी हैं और करोड़ों परिवार त्रस्त हैं। नागरिक जीवन से जुड़ी व्यवस्थाएं चाक चौबंद नहीं हैं। ऐसे में शिक्षा पर बहुतों की नजरें टिकी हैं और उसके सुधार से बड़ी आशाएं जगती हैं। शिक्षा नीति में भारतीयता की दिशा में बदलाव की पहल के प्रति समाज में कई तरह की प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। पश्चिमी शिक्षा और ज्ञान को सार्वभौमिक मान रहे लोग इसे राजनैतिक शगूफा मान रहे हैं, कुछ इस मोड़ के प्रति तटस्थ हैं, कुछ थोड़े संभ्रम के साथ उत्सुक हैं। कुछ हैं जो वास्तविक अर्थों में इसे गंभीरता से भी ले रहे हैं पर उनकी संख्या बहुत थोड़ी है । जो भी हो भारतीय ज्ञान-परम्परा का नीति-निर्माण की दुनिया में प्रवेश हो चुका है। नई शिक्षा नीति को लेकर देश भर में हुई लगातार हुई चर्चाओं के कई दौर चलने के बाद विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम भारतीय ज्ञान-परम्परा के प्रति उन्मुख हो रहे हैं और आम जनों के बीच भी इसे लेकर उत्सुकता बढी है। पर शिक्षा में भारतीयता की इस सतही उपस्थिति से आगे बढ कर गम्भीर और व्यवस्थित रूप इस उपक्रम को अभी तक नहीं मिल सका है। कई लोग इसे एक नारा मान कर चल रहे हैं जब कि कुछ के लिए यह अस्मिता और भावना का प्रश्न बन गया है।

यह तो तय है कि यदि पश्चिमी खर्चीले और अंशतः दिशाहीन तथा आयातित ज्ञान को थोपे जाने से मुक्ति की इच्छा है और अपने देश के ज्ञान, कौशल और अस्मिता को बंधक से छुड़ाने का मन है तो शिक्षा में बदलाव लाना ही होगा। यह भी निर्विवाद है कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मानसिक स्वराज ज़रूरी है और अपनी ज्ञान-व्यवस्था को पुनर्जीवित करना होगा। ओढ़ी हुई आधुनिकता की जगह नवोन्मेषी हो कर समकालीन

**शैक्षिक निष्पादन चिंताजनक रूप से घट रहा है। राजनीति में आडम्बर और मानवीय मूल्य दृष्टि की बढ़ती कमी आज सबको खटक रही है। सामाजिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में चिन्ताएं बढ़ रही हैं। उदाहरण के लिए न्याय व्यवस्था में आज तक अपेक्षित सुधार नहीं लाया जा सका । आज करोड़ों मुकदमें हैं जिनमें झूठे मुकदमे भी हैं और करोड़ों परिवार त्रस्त हैं। नागरिक जीवन से जुड़ी व्यवस्थाएं चाक चौबंद नहीं हैं। ऐसे में शिक्षा पर बहुतों की नजरें टिकी हैं और उसके सुधार से बड़ी आशाएं जगती हैं। शिक्षा नीति में भारतीयता की दिशा में बदलाव की पहल के प्रति समाज में कई तरह की प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। पश्चिमी शिक्षा और ज्ञान को सार्वभौमिक मान रहे लोग इसे राजनैतिक शगूफा मान रहे हैं, कुछ इस मोड़ के प्रति तटस्थ हैं, कुछ थोड़े संभ्रम के साथ उत्सुक हैं। कुछ हैं जो वास्तविक अर्थों में इसे गंभीरता से भी ले रहे हैं पर उनकी संख्या बहुत थोड़ी है।**

परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन भी लाना होगा।

हमको सांकेतिक और सजावटी बदलाव के भुलावे से आगे बढ़कर परिस्थितियों का सामना करना होगा और शिक्षा में जरूरी रूपांतर भी लाना होगा क्योंकि मानसिक गुलामी कई तरह से देश को आहत करती आ रही है जिसका बहुतों को पता भी नहीं होता। भारत के मानस का वि-उपनिवेशीकरण (डिकोलोनाइजेशन) शिक्षा में भारतीय दृष्टि की विवेकपूर्ण संगति के सिवाय कोई और मार्ग नहीं है। भारत की शिक्षा को भारतीय दृष्टि में स्थापित करने के परिणाम भारत और विश्व दोनों के ही हित में होगा। ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विस्तार के पश्चिमी माडेल का खोखलेपन दिन-प्रतिदिन उजागर हो रहा है। अविरल चलती हिंसा, जलवायु-परिवर्तन की बढ़ती मुश्किलें, तीव्र होती गलाकाट प्रतिस्पर्धा, पर्यावरण का भीषण प्रदूषण, मनुष्यता की जगह बाज़ार का बढ़ता प्रभुत्व और अब कृत्रिम मेधा के क्रांतिकारी तकनीकी परिवर्तनों की सौग़ात ज्ञान के पश्चिमी नेताओं की सोच और मानसिकता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। यह सारा विकास मनुष्यता के विनाश का कारण बन रहा है। भारतीय ज्ञान-परम्परा मनुष्य की क्लेशों से मुक्ति की कामना करती है परंतु यह खेद की बात यह है कि बहुतों के मन में इस ज्ञान-परम्परा की वही बेढ़ब और अस्पष्ट छवि अभी भी बरकरार है जो कभी अंग्रेज बहादुरों ने बनाई थी और जिसे करीब दो सदियों लम्बे औपनिवेशिक दौर में भारतीयों ने बहुत हद तक आत्मसात कर लिया था।

## अब मतदाता सूचियों में विदेशी नामों का हौवा

**राजेंद्र शर्मा**

जिसकी आशंका थी, बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के पीछे के असली खेल का पर्दे के पीछे से झांकना शुरू हो गया है। यह शुरूआत हुई है इसके दावों के साथ कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के क्रम में घर-घर जाने से मिल रही जानकारियों से पता चला है कि मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नेपाली, बंगलादेशी और म्यांमार के लोगों के नाम हैं। बेशक, अभी तक ये कथित जानकारियां, चुनाव आयोग में मौजूद सूत्रों से आ रही जानकारियों के तौर पर ही मीडिया में आयी हैं।

चुनाव आयोग ने खुद औपचारिक रूप से न तो ऐसा कोई बयान दिया है और न ऐसा कोई दावा किया है। बहरहाल, ये खबरें जितने बड़े पैमाने पर और वास्तव में जिस तरह हर जगह ही मीडिया में आयी हैं, उससे साफ है कि यह दबी-छुपी जानकारी का मामला नहीं है, जिसे किन्हीं इक्का-दुक्का सूत्रों ने उजागर कर दिया हो और इस या उस मीडिया संस्थान के हाथ लग गयी हों। इसके विपरीत, यह सूत्रों के नाम पर खुद चुनाव आयोग द्वारा बड़े पैमाने पर खबर प्लांट किए जाने का मामला है। यह किसी से छुपा नहीं है कि मोदी राज की अपारदर्शिता की आम कार्य संस्कृति में रच-बसकर चुनाव आयोग ने भी अपनी स्वतंत्र भूमिका के अधिकतम पारदर्शिता के तकाजों को भुलाकर, मीडिया के जरिए जनता से और स्वयं सीधे राजनीतिक पार्टियों के साथ भी संवाद कम से कम कर दिया है। मोदी राज की तरह अब चुनाव आयोग भी संवाददाता सम्मेलन और चुनाव प्रक्रिया की मुख्य हितधारक, राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठकें कम से कम करता है और ज्यादा से ज्यादा सूत्रों के नाम पर खबरें प्लांट करने का सहारा लेता है। यही बड़ी संख्या में विदेशियों के नाम मतदाता सूचियों में होने के प्रचार के मामले में हो रहा है। कहने की जरूरत नहीं है कि यह एक जन-धारणा बनाने का और उसका अधिकतम प्रचार करने का ही खेल है। इस खेल में इस तरह का सूत्रों के नाम पर किया जाने वाला प्रचार, खासतौर पर मददगार होता है, जिसे विश्वसनीय बनाने के लिए जिस संस्था के नाम पर इस्तेमाल किया जाता है, उस संस्था को मंडन या खंडन में से कुछ भी करने की जरूरत ही नहीं होती है और इस तरह वास्तव में वह मौन स्वीकृति से इस धारणा के बनने में मदद ही कर रही होती है।

यह मदद महत्वपूर्ण रूप से इस अर्थ में भी की जा रही होती है कि इस खबर, जिसे वास्तव में अफवाह ही कहना चाहिए, की जांच के लिए सवालों के जवाब देने के लिए, उसकी जिम्मेदारी लेने वाला कोई होता ही नहीं है। मिसाल के तौर पर शमतदाता सूची में बड़ी संख्या में विदेशियों के नामश् होने की इस धारणा के सिलसिले में, जिसको सत्ताधारी संघ-भाजपा से जुड़ा पूरा का पूरा प्रचार सिस्टम जोर-शोर से फैलाने में लगा हुआ है, न तो इसका कहीं कोई जवाब मिलेगा कि ये शबड़ी संख्याश् आखिरकार है कितनी और न ही इसका कोई जवाब मिलेगा कि घर-घर जाने के क्रम में अधिकारियों को यह जानकारी मिली कैसे? कथित रूप से घर-घर गए, निचले दर्जे के अधिकारियों ने, जिनमें ज्यादातर बीएलओ की भूमिका अदा कर रहे स्कूल अध्यापक ही हैं, कैसे जाना, किस तरह की जांच के जरिए जाना कि मतदाता सूची में शामिल अनेक नाम, वास्तव में विदेशियों के हैं? दूसरी ओर, सूत्रों के नाम पर फैलायी जा रही इन अफवाहों में आयोग के नाम पर ही यह अफवाह और जोड़ दी गयी है कि इन नामों को पक्की मतदाता सूची में से हटा दिया जाएगा। कैसे? इस सवाल का भी कोई जवाब नहीं है, हालांकि गोल-मोल तरीके से यह जरूर कहा जा रहा है कि जांच के बाद नामों को हटा दिया जाएगा। लेकिन, जैसा कि बिहार में जारी पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में दी गयी कानूनी चुनौतियों में बलपूर्वक रेखांकित किया गया है और अदालत भी जिससे सहमत नजर आयी है, नागरिकता की जांच करना चुनाव आयोग के दायरे में आता ही नहीं है। ऐसे में आयोग किसी भी रूप में नागरिकता की जांच को, मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने, हटाने का आधार बना ही नहीं सकता है। लेकिन, उद्देश्य उतना नाम हटाना नहीं है, जितना विदेशी घुसपैठ का हौवा खड़ा करना है।



## राशिफल

**मेषः**- विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभः**- मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः**- आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः**- शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंहः**- आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्याः**- नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुलाः**- लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिकः**- आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

धनु रू बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी।

मकरः- आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभः**- आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः**- शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार सर्वव्यापी नहीं

**के. रवींद्रन**

बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सर्वोच्च न्यायालय के रुख से सबसे महत्वपूर्ण सीख यह है कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का संवैधानिक अधिकार तो है, लेकिन उसे अनियंत्रित विवेकाधिकार से कार्य करने का अधिकार नहीं है। पुनरीक्षण प्रक्रिया पर रोक लगाने से न्यायालय का इनकार पहली नजर में आयोग की पहल का समर्थन प्रतीत हो सकता है, लेकिन निर्णय का अंतर्निहित स्वर और सार एक खाली चेक से कहीं अधिक है। इसके विपरीत, न्यायालय ने मनमानी के विरुद्ध एक सख्त चेतावनी जारी की है, जिसमें आयोग को याद दिलाया गया है कि संवैधानिक स्वायत्तता का अर्थ उसकी मनमानी की संवैधानिक सुरक्षा नहीं है।

यह घटनाक्रम इस बढ़ती धारणा के आलोक में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि हाल के वर्षों में चुनाव आयोग अपने संवैधानिक अधिकार क्षेत्र से बाहर के क्षेत्रों में भटक गया है। बिहार मामले में, मतदाता सूची के संशोधन को नागरिकता के सवालों से जोड़ने के आयोग के प्रयास पर अदालत ने कड़ी फटकार लगायी। पीठ

**यह निर्णय उस व्यापक राजनीतिक और संस्थागत संदर्भ को देखते हुए और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जिसमें यह उभरा है। चुनाव आयोग को कई क्षेत्रों से, खासकर विपक्ष से, बढ़ती आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इसे कार्यपालिका के एजेंडे के साथ इसके बढ़ते तालमेल के रूप में देखा जा रहा है। इस आलोचना के केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को लेकर चल रहा विवाद है, जिसमें वरिष्ठ विपक्षी नेता राहुल गांधी उनकी विश्वसनीयता और आयोग की निष्पक्षता, दोनों पर सवाल उठाने वाली सबसे लगातार आवाज बन गये हैं।**

ने स्पष्ट रूप से कहा कि नागरिकता का निर्धारण चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। यह दावा करके, अदालत ने न केवल बिहार की इस प्रक्रिया पर कानूनी अंकुश लगाया, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी अधिकारियों की बढ़ती दखलंदाजी के बारे में एक बड़ा और अधिक गंभीर सवाल भी उठाया।

यह निर्णय उस व्यापक राजनीतिक और संस्थागत संदर्भ को देखते हुए और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जिसमें यह उभरा है। चुनाव आयोग को कई क्षेत्रों से, खासकर विपक्ष से, बढ़ती आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इसे कार्यपालिका के एजेंडे के साथ इसके बढ़ते तालमेल के रूप में देखा जा रहा है। इस आलोचना के केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को लेकर चल रहा विवाद है, जिसमें वरिष्ठ विपक्षी नेता राहुल गांधी उनकी विश्वसनीयता और आयोग की निष्पक्षता, दोनों पर सवाल उठाने वाली सबसे लगातार आवाज बन गये हैं।

उनके आरोप लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास के क्षरण के व्यापक विषय को छूते रहे हैं, जहां चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण स्थान है। इन चिंताओं को उठाकर, गांधी केवल एक राजनीतिक अभियान ही नहीं चला रहे हैं, बल्कि भारत के प्रमुख संवैधानिक निकायों में से एक में विश्वास के संकट की ओर भी ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। बिहार प्रकरण को केवल एक राज्य-स्तरीय विवाद से कहीं अधिक माना जा रहा है जिसकी प्रकृति इसका प्रयोग अन्यत्र व्यापक उपयोग है, जो सवालों के घेरे में आ गयी है। मतदाता सूची में संशोधन करने की चुनाव आयोग की शक्ति सर्वविदित है। हालांकि, समस्या तब उत्पन्न होती है जब ऐसा लगता है कि इस तरह के संशोधन का आधार प्रशासनिक आवश्यकता से नहीं, बल्कि अस्पष्ट मानदंडों या संदिग्ध उद्देश्यों से उत्पन्न होता है। बिहार में, एसआईआर प्रक्रिया ने अपने समय, कार्यान्वयन के तरीके और इसके संभावित जनसांख्यिकीय निहितार्थों के कारण लोगों को चौंका दिया। यह तथ्य कि आयोग ने मतदाता सूची प्रबंधन को नागरिकता सत्यापन के साथ मिलाने का प्रयास किया, एक ऐसे इरादे की ओर इशारा करता है जो उसके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र से परे था।

इस कारण सर्वोच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा और एक सीमा निर्धारित करनी पड़ी। यह दर्शाता है कि अगर इसे अनियंत्रित छोड़ दिया जाये तो संस्थागत अतिक्रमण कितनी आसानी से सामान्य हो सकता है। विपक्ष को एक होकर लड़ना होगा केंद्र सरकार द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के संदर्भ में ये चिंताएं और भी गंभीर हो जाती हैं। यह एक व्यापक सुधार है जिसका उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराना है। पहली नजर में, यह विचार दक्षता और लागत-प्रभावशीलता का वायदा करता है। हालांकि, आलोचकों का तर्क है कि इससे पहले से ही नाजुक शक्ति संतुलन केंद्र सरकार के पक्ष में झुकने का खतरा है। इन चुनावों को कराने का मुख्य तंत्र, निश्चित रूप से, चुनाव आयोग ही होगा। इसलिए, एक समन्वित चुनावी कैलेंडर के चश्मे से देखने पर आयोग की निष्पक्षता पर कोई भी संदेह और भी गहरा हो जाता है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने मूलतरू इस बात पर जोर दिया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव मॉडल, गलत परिस्थितियों में, चुनाव आयोग को न्यूनतम जवाबदेही वाली एक अर्ध-संप्रभु संस्था में बदल सकता है। इसलिए, बिहार का मामला सिर्फएक राज्य या एक चुनाव का मामला नहीं है। यह एक व्यापक प्रवृत्ति का प्रतीक हैकृप्रशासनिक सुव्यवस्थितीकरण की आड़ में, अति-केंद्रीकरण की ओर एक संस्थागत झुकाव। न्यायपालिका का हस्तक्षेप ठीक इसी प्रवृत्ति को रोकने का प्रयास करता है। यह स्पष्ट करके कि चुनाव आयोग को अपने संवैधानिक रूप से परिभाषित दायरे में ही रहना चाहिए, सर्वोच्च न्यायालय स्वायत्तता और जवाबदेही के बीच संतुलन को फिर से स्थापित करने का भी प्रयास कर रहा है। आयोग स्वायत्त हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह जांच से परे है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 9451244788, 9554964672**

## खबरें एक नजर में

### चार छात्राओं को शिक्षा के लिये लिया गोद, लायनेस क्लब का कार्यक्रम आयोजित



**राठ(हमीरपुर)।** गोल्डेन लायनेस क्लब प्रेरणा द्वारा कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कालेज में बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिससे क्लब की सदस्यों ने चार छात्राओं को शिक्षा के लिए गोद लिया है। मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज में गोल्डेन लायनेस क्लब प्रेरणा की अध्यक्ष दीपाली आर्य की अध्यक्षता में बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम संपन्न हुआ।जिसमें कक्षा 11वीं की छात्रा सावित्रीए नौवीं की महकए दसवीं की अंजली और अनुष्का सक्सेना आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को शिक्षा के लिए गोद लिया है। जिसमें संस्था द्वारा बालिकाओं को पूर्ण फीसए किताबें नोटबुक्स ड्रेस बैग आदि सामग्री दी गई। कार्यक्रम में क्लब की उपाध्यक्ष अल्पना गुप्ता, सचिव सारिका मिश्रा, कोषाध्यक्ष उपमा बुधौलिया, अनीता कौशल, अंजली गुप्ता, ज्ञानुका अग्रवाल, अमृता शिवहरे, संगीता अग्रवाल, पूजा गुप्ता, नीलम कौशल, डॉ हेमलता गुप्ता, अनामिका बुधौलिया, श्रद्धा सिंह विद्यालय की प्रिंसिपल पूजा कन्नौजिया, कलावती कुशवाहा, संतोष कुमारी, स्वीटी वर्षेना, राजेश कुमारी, उमा एवं सलोनी गुप्ता मौजूद रहे।

### भगवान भोले का किया जलाभिषेक, विधायक को ज्ञापन दिया

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के सर्राफा लाइन के व्यापारी चित्रकूट की मंदाकिनी गंगा के जल से चौपरा मन्दिर स्थित भगवान भोले का अभिषेक करेंगे। जिन्होंने सुरक्षा सहित अन्य आदेश को दिलाने के लिए विधायक को ज्ञापन दिया। व्यापारियों ने बताया कि 28 जुलाई की दोपहर को एक सैकडा कांवड़िये चित्रकूट के राम घाट से मंदाकिनी गंगा का जल बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से होते हुए कस्बे चौपरेश्वर महाराज का जलाभिषेक करेंगे। जिसमें पूरे मार्ग में कावड़ियों के साथ एक डीजे दो ड्रोन व पुष्प वर्षा करने वाली मशीन साथ रहेगी। इस दौरान दीपक सोनीए सिद्धगोपालए शुभम सोनीए शिवम सोनीए मनोज गुढ़ाए जय जडियाए कौशलए रितिकए सुरेश सोनीए बबलू आदि मौजूद रहे।

### हत्या के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के दलित बाहुल्य इमिलिया बाड़ा मुहाल में जूती कारीगर रामबिहारी की सिर कूचकर की गई हत्या के चार दिन बीतने के बावजूद पुलिस अब तक हत्यारे तक नहीं पहुंच सकी है। इस वारदात से मोहल्ले में भय और बेचौनी का माहौल बना हुआ हैए क्योंकि दस दिन के भीतर यहां दो जूती कारीगरों की मौत हो चुकी है। कस्बा सुमेरपुर के अमिलिया बाड़ा मुहाल में मशहूर नागरा जूतियों का निर्माण बड़े पैमाने पर होता है और यहां के अधिकतर लोग इसी पेशे से जुड़े हैं। मृतक रामबिहारी भी अपने घर पर जूती बनाने का कार्य करता था और कुछ कारीगरों को काम पर भी रखा था। उसका परिवार मजदूरी के सिलसिले में दिल्ली में रहता है। घटना 11 जुलाई को हुईए जब रामबिहारी की सिर कूचकर हत्या कर दी गई और उसका शव पड़ोसी के चबूतरे के सामने फेंक दिया गया। दिल्ली से लौटे उसके पुत्र ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच के लिए तीन टीमें गठित की हैंए लेकिन अब तक किसी भी संदिग्ध की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष अनुप कुमार सिंह ने बताया कि कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी ग्रामीण ने दुकान में बैठे गाली गलौज कर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी राकेश प्रसाद पुत्र शिवपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात नौ बजे घर में रखी दुकान में बैठा था। तभी गांव निवासी भूरा व रामवता पुत्रगण छेदा लाल व रंजीत पुत्र रज्जूए बृजेश पुत्र राम सजीवन वहां पर आए तथा गाली गलौज करने लगे जब मैने उनको गाली देने से मना किया तो चारों ने मिलकर मारपीट की। जिससे चोट आई है। शोर सुनकर ग्रामीणों को आता देख जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### अवैध कब्जे की शिकायत की तो दबंगों ने जमकर मारापीटा

**राठ(हमीरपुर)।** मंदिर के महंत ने अवैध कब्जा की शिकायत करने पर आधा दर्जन लोगों पर मारपीट व मंदिर पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के मल्हौवा गांव निवासी बृजगोपाल दास पुत्र बाबूलाल ने बताया कि गांव में स्थित सिद्ध बाबा के स्थान पर 37 वर्षों से पुजारी है। वह शरीर से विकलांग है। बताया कि गांव के कुछ लोगों ने प्रतिक्षालय अवैध कब्जा कर लिया था। जिसकी शिकायत उसने समाधान दिवस में की थी। बताया कि राजस्व व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंची और दुकान हटाएं जाने की गलत आख्या लगा दी। बताया कि मंगलवार की सुबह आधा दर्जन लोग आए और गाली गलौज कर अंदर घुस आए। आरोप लगाया कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। शिकायत करने करने पर पत्नी से बलात्कार के मामले में फंसवाने की धमकी दी है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मौके पर दरोगा को जांच के लिए भेजा है।

### मांगों को लेकर घाटमपुर तहसील के कोटेदारों ने मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र के आधा सैकड़ा राशन विक्रेताओं (कोटेदारों) ने मंगलवार को घाटमपुर तहसील में खाद्य आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय परिसर में उचित दर विक्रेता सेवा समिति घाटमपुर के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र द्विवेदी की अगुवाई में पहुंच कर अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार से अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर उप जिलधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी मनीष कुमार को दिया जिसमें अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को लाभांश खाद्यान्न पर 90 रूपए प्रति कुंतल व चीनी में 70 रूपए प्रति कुंतल ही मिलता है। जबकि अन्य प्रदेशों जैसे हरियाणा, गोवा , दिल्ली में 200 रूपए प्रति कुंतल व गुजरात में बीस हजार रुपए मिनिमम मानदेय दिया जाता है। उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को अन्य प्रदेशों की दिया जाए। और घाटमपुरके कोटेदारों को खाली बोरी का वजन दिया जाएं तथा 18 रुपए प्रति कुंतल मशीन ऑपरेटर का भुगतान किया जाए, साथ ही नौ माह यानी कोरोना काल में 18 बार का वाहन भाड़ा दिया जाएं, व मार्च से जुलाई 2025 पांच माह का लाभांश दिया जाए, और ज्वार व बाजरा जनवरी से फरवरी 2025 का लाभांश दिया जाए। ज्ञापन देने वालों ने आनंद मिश्रा टीकवापुर के अलावा जयबीर सिंह, मुन्ना, राम राज, सरला देवी, शिवानी देसी सहित तमाम कोटेदार मौजूद रहे।

### रक्षा मंत्री के आश्वासन एवं सहयोग से मंगलगढ़ किला खुलने में मिली सफलताः कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल



**महोबा।** आज के युग में पर्यटन विकास क्षेत्र के विकास का प्रमुख घटक हैं और पर्यटन के जरिए बुन्देलखण्ड के खजुराहो जैसा गांव आज विश्व मानचित्र पर दर्ज है। उत्तराखण्ड का विभाजन होने पर उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की खोज प्रदेश सरकार की रही जिसमें प्रदेश सरकार की निगाह सबसे पहले बुन्देलखण्ड के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए बुन्देलखण्ड में पर्यटन विकास की खोज की जो प्रक्रिया शुरू हुई वह आज भी जारी है। पर्यटन विकास में महोबा जनपद में तमाम ऐसी धरोहरें हैं जो विदेशी और देशी सैलानियों को आकर्षित करने का माद्दा रखती हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार से पहले किसी सरकार ने बुन्देलखण्ड और विशेष तौर पर महोबा चरखारी कुलपहाड़' बेलाताल के ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों से मुंह मोड़े रखा। महोबा जनपद में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण स्थल हैं जिसमें महाराजा छत्रसाल के वंशजों द्वारा निर्मित ऐतिहासिक मंगलगढ़ किला' इसकी सुरक्षा पद्धति' बनावट' सुरक्षा उपकरण' सुरक्षा चहारदीवारी' किले पर स्थित धार्मिक महत्व के मंदिर' तालाब किले की विशालता ऐसे आयाम हैं जो देशी और विदेशी पर्यटकों को प्रभावित करने वाले हो सकते हैं। मंगलगढ़ किला वर्ष 1996 से सेना के अधीन रहा जिससे पर्यटन विकास की हर संभावना क्षीण होती देख 2017 में हमीरपुर महोबा तिंदवारी से सांसद कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने इसे सेना से मुक्त कराए जाने के लिए प्रयास शुरू किया। श्री चंदेल ने बताया कि वर्ष 14 मार्च 2017' 11 फरवरी 2019' 3 फरवरी 2020 में उनके द्वारा सदन में चरखारी क़िले को खोलने के लिये सदन के माध्यम से भारत सरकार से बार बार आग्रह किया गया। दस सालों में हर वर्ष अनेक प्रयास जारी रखते हुए डीआरडीओ चैयरमैन से भी वार्ता की' रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह' डिफेंस सिक्रेटरी जीओआई सभी से वार्ता करते हुए अपने प्रयास जारी रखे। उन्होंने बताया कि भारत के रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने ही पहली बार किला खुलवाने का आश्वासन दिया था और उनके सहयोग से ही किला पर्यटकों के लिए खोला गया है।

# केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

▸ कहा- किसी को बाढ़ में नहीं होगी परेशानी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जलशक्ति विभाग के केविनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सदर विधायक हमीरपुर डॉ मनोज प्रजापति एवं जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति में जनपद हमीरपुर के बाढ़ सम्भावित क्षेत्र ग्राम मेरापुर भिलावां केसरिया का डेरा भोला का डेरा डिग्गी आदि का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियॉं पूर्ण रखें ताकि बाढ़ के समय जनमानस को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि बाढ़ के समय किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नही होगी जिल प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां करायी जा रही है। इस दौरान मेरापुर पंम्प कैनाल एवं उससे लगी पिचिंग तथा रमेड़ी पम्प कैनाल का भी निरीक्षण किया गया साथ ही रमेडी पम्प कैनाल के प्रांगण में जलशक्ति मंत्री द्वारा पौधरोपण किया गया। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, एसडीएम सदर सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा, अधिशाषी अभियन्ता मौदहा बाध निर्माण खण्ड दिनेश कुमार सहित सिंचाई विभाग के अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कारसवार दबंगों ने फैक्ट्रीकर्मी को किया लहुलुहान



**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** फैक्ट्री से ड्यूटी करके वापस जा रहे कर्मी को कार सवार दबंगों ने रास्ते में रोककर जमकर पीटा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस घटना को सड़क हादसा बता रही है। सिसोलर कस्बा निवासी मोहित यादव जेके सीमेंट फैक्ट्री में कार्य करता है। सोमवार को रात 8:00 बजे वह ड्यूटी समाप्त करके बाइक से गांव जा रहा था। मिहुना गांव के समीप कार सवार युवकों ने बाइक को रोककर जमकर पीटा। जिससे वह लहुलुहान हो गया। इसके बाद कार सवार जान से मार देने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना पाकर परिजन रात में ही चार पहिया वाहन से मौके पर लहुलुहान हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया मंगलवार को सुबह पीड़ित ने अज्ञात कार सवार युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि युवक के आरोप झूठे हैं। युवक नशे की हालत में सड़क हादसे का शिकार हुआ है। इसके हाथ और पैरों में फिसलने की चोट है।

# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में युवाओं को ऋण वितरित कर बैंकों को लगा जबरदस्त झटका

▸ सत्रह सौ युवाओं में दो सौ साठ को वितरित, साठ ने नहीं किया कोई काम, बैंकों का पहले फेज में फंसा एक करोड़ रुपया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



युवाओं को स्वरोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने के लिये शासन से पहली मर्तवा बैंकों द्वारा चलायी गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को जबरदस्त झटका लगा है, बैंकों ने दो सौ साठ युवाओं को अभियान के तहत सवा दो करोड रुपये से अधिक की धनराशि तो वितरित कर दी जिसमे करीब साठ युवाओं ने ऋण लेकर कोई भी रोजगार नही खोला गया है, जिससे बैंक का एक करोड रुपये फंसता नजर आ रहा है इन युवाओं से बैकर्स पैसा निकालने के लिये मत्था पच्ची करना शुरु कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक शासन ने पहली मर्तवा युवाओ खासकर बुंदेलखंड में इक्कीस से पच्चीस वर्ष के तक के युवाओं को बिना व्याज के लिये एक लाख से पांच लाख तक का विना किसी गांरटी के धनराशि देने का प्राविधान किया था ताकि बेरोजगार युवा कुटीर उद्योग जैसे दोना पत्तल बनाना, मोमबत्ती बनाना, गेहूं का दलिया बनाना, छोटे मोटे खिलौने बनाना जैसे कई उद्योग शामिल थे इससे युवाओं के आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा और युवाओं का अन्य प्रांतो में रोजगार खोजने में आ रही मुसीबते समाप्त हो जायेगा तथा गांवों से पलायन रुकेगा मगर युवा वर्ग शासन की मंशा में पानी फेरता नजर आ रहा है, शासन ने कहा था कि यह ऋण हर बैंक को देना अनिवार्य होगा। इसमें सभी बैंकों को टारगेट दिया गया था मगर कई बैंको ने तो ऋण वितरित ही नही किया है,जिले में इसके लिये 17 सौ लोगो को ऋण देने का लक्ष्य रखा गया था जिसमे चार माह में बैंकों ने करीब 260 युवा बेरोजगारों को ऋणवितरित कर दिया है, जिसमे स्टेट बैंक 45, इंडियन बैंक 45 आर्यवर्त बैंक 15 इस प्रकार 105 लोगो के अलावा 155 लोगो को अन्य सभी बैंकों ने लोन दिया है। ऋण वितरित करने में शासन ने कहा था कि युवाओं को चार साल के अन्दर मूलधन वापस करना होगा। हालाकि कुछ लोगो ने ऋण लेकर रोजगार के लिये मशीने आदि लगवा ली है मगर सत्यापन में साठ लोग ऐसे पाये गये है जिन्होने पैसे लेने के बाद कोई काम नही शुरु किया है। जिससे बैंक का करीब एक करोड़ रुपये फंसता नजर आ रहा है। यह धनराशि काम न करने वालो से कैसे निकाला जायेगा इसके लिये बैंके रात दिन माथाा पच्ची करना शुरु कर दिया है। एलडीएम एसएल मिश्रा ने बताया कि युवाओं से पहले रोजगार स्थापित करने के लिये प्रेरित किया जायेगा यदि रोजगार नहीं स्थापित करते तो आरसी जारी करके पैसा वसूला जायेगा। यही नहीं जिन लोगों ने रोजगार स्थापित करने के लिये ऋण लिया वे लोग कितने दिन रोजगार चलायेंगे इसकी कम संभावना दिख रही है। बैंकों ने इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी है।

### डीएम ने किया युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित



**सुमेरपुर।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने 11 प्रतिभाशाली युवाओं को स्किल यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा बिना ब्याज ऋण की सुविधा दी जा रही है जिससे युवा स्वावलंबी उद्यमी बन सकते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा 11 नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। साथ हीए तीन उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदाताओं और तीन उद्योग प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण वितरण भी किया गया इस अवसर पर छात्राओं ने मनोरम रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## होटल के गैस सिलेंडर में लगी आग से मचा हड़कंप

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सोमवार को देर रात करीब 9 बजे हाइवे किनारे स्थित कस्बे के रीगल स्वीट हाउस में जब ग्राहकों की भीड़ थी। तभी बगल के कमरे में मिष्ठान बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गयी। आग लगी देख वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गयी। आग बढती जा रही थी। तब सूचना मिलने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद सिलेंडर की आग बुझ जाने से लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन इस दौरान कुछ समय के लिये यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने बाद में यातायात बहाल करवाकर स्थिति को सामान्य किया। घटना से गैस एजेंसी को अवगत कराया गया है। जो घटना के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है।

## डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण, खामियों पर जताई नाराजगी

**कानपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने विकास खण्ड चौबेपुर की ग्राम पंचायत वंसठी स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई खामियाँ प्रकाश में आई, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

बताया जाता है कि निरीक्षण के समय गौशाला में कुल 46 गोवंश मौजूद पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा भूसा, हरा चारा, दाना-पानी तथा गुड़-चना-नमक से संबंधित अभिलेखों की मांग की गई, जो मौके पर उपलब्ध नहीं कराए जा सके। कुछ गोवंश शारीरिक रूप से दुर्बल अवस्था में पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए उत्तरदायी अधिकारियों से स्पष्ट जवाब मांगा, किंतु कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। आमद रजिस्टर के अवलोकन में पाया गया कि अंतिम गोवंश की प्रविष्टि दिनांक 20 जून को की गई थी। जिलाधिकारी ने ईयर टैगिंग एवं पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित अभिलेखों की भी समीक्षा की। गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय पंचायत सचिव अनुपस्थित मिले, जिसके लिए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। साथ ही, गौशाला के पर्यवेक्षण में शिथिलता पाए जाने पर खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा प्रतिदिन प्रति गोवंश 50 रुपये की दर से आहार प्रबंधन हेतु धनराशि प्रदान की जा रही है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक गोवंश को शासन की मंशानुरूप पौष्टिक आहार उपलब्ध हो। लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित भी उपस्थित रहे।

## निरीक्षणः डीएम को निगोहां आयुष अस्पताल में मिली गंदगी, दिये सफाई के आदेश

**कानपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने विकास खंड चौबेपुर के ग्राम निगोहा में स्थित 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, औषधियों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें 120 नए मरीज तथा 39 पुराने मरीज, कुल 159 मरीजों की प्रविष्टियाँ पाई गईं। चिकित्सालय में कुल 34 स्टाफ तैनात पाए गए, जिनमें 7 चिकित्सक (आयुर्वेद, होम्योपैथिक एवं यूनानी पद्धति के) सम्मिलित हैं। सभी चिकित्सक अपने-अपने पद्धति अनुसार मरीजों का उपचार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिनका आज का वेतन रोकने की निर्देश दिया । उन्होंने ने पैथोलॉजी विभाग का भी निरीक्षण किया करते हुए समुचित साफ-सफाई बनाए रखने हेतु निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती मरीज शत्रुघ्न से जिलाधिकारी ने उपचार संबंधी जानकारी ली। मरीज ने बताया कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो रही है, जिससे वे संतुष्ट हैं। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय के समुचित संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. रचना त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि इस चिकित्सालय में कई असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक, प्राकृतिक एवं पंचकर्म पद्धति से उपचार किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 200 मरीजों के असाध्य रोगों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय की व्यवस्था, चिकित्सा पद्धतियों और स्वच्छता व्यवस्था की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि जनसामान्य को आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करने के लिए जनसहभागिता बढ़ाई जाए। साथ ही, उन्होंने गांव-गांव प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। चिकित्सालय की ओपीडी प्रति दिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होती है, जहां मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, दिलीपनगर क्षेत्र में स्थित एक अन्य महत्वपूर्ण 50 शैय्या आयुष चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ कई ऐसे मरीजों को राहत मिली है जिन्हें एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से कोई लाभ नहीं मिल रहा था। आयुर्वेदिक उपचार विशेषकर पंचकर्म थैरेपी के माध्यम से ऐसे मरीजों को नई उम्मीद मिली है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि इस प्रकार के चिकित्सालयों का सही संचालन किया जाए और जनमानस को इसके प्रति जागरूक किया जाए तो यह वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में एक सशक्त विकल्प बनकर उभर सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए।

## टीबी को हराने के लिए जन सहभागिता जरूरीः डीएम

**कानपुर, समृद्धि न्यूज़।**

### टीबी मरीजों को 2.33 करोड़ की सहायता राशि हस्तांतरित

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुबोध प्रकाश ने बताया कि निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत जनपद के 14,546 क्षय रोगियों को दो माह की किश्त के रूप में कुल 2.33 करोड़ रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में भेजी गई है। प्रत्येक मरीज को छह माह की उपचार अवधि में एक हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है, जिससे वह पौष्टिक आहार प्राप्त कर सके।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं द्वारा गोद लिए गए 11 क्षय रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने टीबी को समाप्त करने का राष्ट्रीय लक्ष्य वर्ष 2025 तक निर्धारित किया गया है और इसे केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जन सहभागिता और व्यापक जागरूकता से ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि क्षय रोग का समुचित इलाज संभव है और यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर पूरी दवा लेने और पौष्टिक भोजन से मरीज स्वस्थ जीवन की ओर लौट सकता है। यह केवल एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का लाभ है।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। आम नागरिकों के साथ-साथ निजी चिकित्सा संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों और स्वयंसेवी संगठनों को आगे आना चाहिए। जितने अधिक लोग टीबी मरीजों को गोद लेंगे, उतनी ही तेज़ी से यह बीमारी नियंत्रित होगी।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि टीबी मरीज किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निःशुल्क हेल्पलाइन नंबर 1800-11-6666 पर संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी द्वारा गोद लिए गए सभी मरीजों ने आभार व्यक्त करते हुए दवा का कोर्स पूरा करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुबोध, एनटीईपी टीम के सदस्य, संबंधित अधिकारीगण एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## धबार गांव में सिद्ध बाबा मंदिर की दानपेटी तोड़ हजारों रुपए की चोरी

**महोबा।** महोबकंठ थाना क्षेत्र अंतर्गत धबार गांव स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बाबा मंदिर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर मंदिर परिसर से हजारों रुपए चुरा लिए। चोरों ने मंदिर में रखी दानपेटी को तोड़कर उसमें रखी नकदी पार कर दी। मंदिर के पुजारी मेवाराम सैन ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह रात को मंदिर की कुटी में सोने के लिए पहुंचे थे। रात के समय कुछ अज्ञात लोग कुटी का दरवाजा खटखटाते हुए बोले, दरवाजा खोलो। पुजारी को संदेह हुआ और डर की वजह से उन्होंने दरवाजा नहीं खोला। सुबह जब वह बाहर आए, तो देखा कि मंदिर की दानपेटी टूटी हुई थी और उसमें रखे हजारों रुपए गायब थे। इतना ही नहीं, चोर सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में स्थित भोले बाबा के स्थान से त्रिशूल भी चुरा ले गए। घटना से पूरे गांव में आक्रोश व्याप्त है।

## जनता के लिए जल्द खुलेगा मंगलगढ़ किलाः एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार क्षेत्रीय अधिकारी झाँसी पुरातत्व विभाग राजीव त्रिवेदी द्वारा बुंदेलखंड क्षेत्र का ऐतिहासिक,पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण केंद्र चरखारी में स्थित मंगलगढ़ किला जिसकी 400 फिट ऊंचाई के साथ कई हेक्टेयार में फैला है। प्राकृतिक सौन्दर्यता से भरपूर, रमरीय, किला के अंदर बड़े सात सरोवर, मंदिर, रियासत कालीन तोपे एवं विहंगम दृश्य, हिल स्टेशन सा नजारा लोगो के लिए आकर्षक का केन्द्र है। किला में विगत 30 वर्षो से आवागमन बंद है। वहाँ पर साफ सफाई और भी अन्य व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए, जल्द ही दूर दराज के लोग परिवार सहित किला घूमने आए उन्हें कोई परेशानी न हो इसके सुरक्षा एवं अन्य पहलुओं पर विचार विमर्श किया। बहुत ही जल्द आमजन को घूमने के लिए किला खुल जायेगा। साथ में पुरातत्व विभाग के अधिकारी गण एवं नगर पालिका परिषद विभागीय उपस्थित रहे। मंगलगढ़ किला खुलने से चरखारी का विकास बहुत तेजी से होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे द्य मुख्यमंत्री जी के बुंदेलखंड के किला को सरक्षण एवं विकसित करने के लक्ष्य को पँख मिलेंगे।

# पनवाड़ी में कांग्रेस संगठन सृजन कमेटी की बैठक संपन्न

▸ संगठन विस्तार पर दिया गया जोर

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड पनवाड़ी के अंतर्गत कस्बा पनवाड़ी में कांग्रेस संगठन सृजन कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरिश्चंद्र राजपूत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस महासचिव अनुज मिश्रा मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव अनुज मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़कर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ब्लॉक स्तरीय कमेटियों का गठन जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। अनुज मिश्रा ने कहा कि संगठन विस्तार में महिलाओं की सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि समाज के हर तबके का प्रतिनिधित्व पार्टी में सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जनता को अवगत कराएं। बैठक में वक्ताओं ने कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मनरेगा, रोजगार गारंटी, मिड-डे मील, शिक्षा अधिकार कानून जैसी योजनाएं कांग्रेस की ही देन हैं, जिनसे देश के गरीब, दलित, पिछड़े और मजदूर वर्ग को सीधा लाभ मिला। उन्होंने कहा कि वर्तमान शासन में विद्यालयों को मर्ज किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण बच्चों की शिक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। प्रदेश महासचिव ने चिंता जताते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों को दो से ढाई किलोमीटर दूर स्कूल भेजना व्यवहारिक नहीं है। इससे दलित, पिछड़ा, ओबीसी, गरीब और सवर्ण समुदाय के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया, जिला महासचिव अरविंद कुमार चतुर्वेदी, जिला महासचिव वृंदावन कुशवाहा, जिला प्रवक्ता महेंद्र प्रताप एडवोकेट, महासचिव शैलेंद्र कुमार विश्वकर्मा, जिला सचिव अरविंद कुमार श्रीवास एवं अशोक कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार खरीद, ब्लॉक महासचिव संगीता राजपूत, ब्लॉक प्रवक्ता हरगोविंद खुराना सहित दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे। बैठक में आगामी पंचायत तथा विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का संदेश भी दिया गया।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसो. ने किया प्रदर्शन

▸ हम पांच लाख वोटर के मुखिया, हम से न टकरायें सरकार बाबू लाल वर्मा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



वांटो और राज करो की नीति, नही चलेगी, नही चलेगी, कर्मचारी पेंशनर्स एकता, लड़ेंगे और अधिकार लेंगे जैसे नारों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ नागरिकों ने गन्ना संस्थान में जोरदार धरना प्रदर्शन कर पेंशनर्स हितों की मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधि सदर के नायब तहसीलदार को सौंपा। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने धरना दिया। एसोसिएशन ने सरकार से मांग किया कि वित्त विधेयक 2025 के माध्यम से पेंशनरी नियमो में किये गए बदलावों को तुरंत निरस्त करने, आठवें वेतन आयोग का गठन करने, पेन्शन पुनरीक्षण सहित प्राथमिक विद्यालयों के मर्ज न करने, पेंशन राशिकरण कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष करने, पेंशनर्स का 18 माह का डीए, एरियर भुगतान करने व पुरानी पेंशन को बहाल करने जैसी सात सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया। गन्ना संस्थान परिसर में ज्ञापन देने के लिए भारी संख्या मे सेवा निवृत्त अधिकारियों /कर्मचारियों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने कहा कि हम पेंशनर्स पांच लाख वोटरों के घर के मुखिया है। सरकार हम से न टकराये, हम अब रुकने वाले नही है,हर स्तर पर हम लड़ेंगे। समर्थन में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, सहित कई कर्मचारी संगठनों ने भी धरना स्थल पर बैठकर समर्थन दिया, जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में नायब तहसीलदार सदर ने धरना स्थल पर आकर ज्ञापन लिया।

इस मौके पर एसोसिएशन के महामंत्री अशोक सोनी, डॉ ओम प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष सर्वजीत यादव, सदस्य कार्यकारिणी सुरेंद्र कुमार वर्मा, मुन्नी सिंह, महिला प्रकोष्ठ माती से जगत नारायण, हैदरगढ़ से रामयज्ञ सरोज, मोहम्मद रजा खान आदि लोगों ने सम्बोधित किया। डॉ शशि कुमार अवस्थी, विनोद कुमार सहित लगभग 350 लोग धरना प्रदर्शन में शामिल रहे।

# मादक पदार्थो के चार तस्कर गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 4 मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलो अवैध गांजा,एक अदद कार, 04 अदद एंड्राइड मोबाइल व 10,070 रूपये बरामद करने मे सफलता हासिल की है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम व आपराधिक घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व मे उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह,आलोक कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र वर्मा,अनुज सिंह,कांस्टेबल सिकन्दर यादव व सुग्रीव की जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर आज को 4 मादक पदार्थ तस्कर अंकुर कुमार पुत्र विपिन कुमार निवासी शिवकटरा थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर,उदय वर्मा पुत्र सन्त कुमार वर्मा निवासी गीतानगर थाना काकादेव कानपुर नगर, शाहिद अली पुत्र मो इस्लाम निवासी सरायनगर थाना कोठी,नसीर आलम पुत्र निजामुद्दीन निवासी कोठी थाना कोठी बाराबंकी को सतरिख रोड हरख से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के कब्जे से से 10 किलो अवैध गांजा, एक अदद कार यूपी 78 जीवाई 2195, 04 अदद एंड्राइड मोबाइल व 10,070 रूपये नगद बरामद किया गया। अभियुक्तो के विरुद्ध थाना जैदपुर पर मुअसं 238/2025 धारा 8/20/60(3) एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के निकट एक अनियंत्रित कार द्वारा पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी गई जिसके चलते बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया नेशनल हाईवे के एंबुलेंस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हेड इंजरी के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोनी कटरा थाना क्षेत्र के सरैया बसंतपुर मजरे तेजवापुर गांव निवासी 42 वर्षीय राम निरंजन वर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण अपनी बाइक से हैदरगढ़ से घर लौट रहा था की कभी तेज रफ्तार इनोवा कर ने पीछे से टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार हवा में उछलने के बाद कर के शीशे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद भागने की कोशिश कर रही कर को स्थानीय लोगों द्वारा चालक सहित पड़कर सूचना पर आई पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# माफियाओं ने बेच दिए सरकारी भूमि में लगे पेड़

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत की सरकारी बंधा की जमीन पर लगे पेड़ की बिक्री कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हिस्सा बंटवारे को लेकर दो पक्ष में हुए विवाद के बाद मामला उजागर हुआ है। मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलहन का पुरवा गांव का है। यहां पर सरकारी बंधे पर लगे अर्रा व रडभद्रा के पेड़ को एक ठेकेदार के हाथ बेच दिया गया। ठेकेदार ने पेड़ को काट डाला तभी गांव निवासी रामशंकर ने उस पेड़ पर 1/3 हिस्सा होने की बात कहकर पैसे की मांग किया तो दूसरे पक्ष ने मना कर दिया गया जिसके बाद पीड़ित युवक ने डायल 112 पुलिस को सूचित करने के बाद स्थानीय पुलिस से मामले की शिकायत की है। वही ग्राम प्रधान का कहना है वैसे यह पेड़ सरकारी बंधा पर लगे हुए हैं। लेकिन पैमाईश के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा । राजस्व निरीक्षक का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है लेखपाल को भेजकर मौके की जांच कराई जाएगी यदि सरकारी भूमि से पेड़ काटे गए होगे तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की तिथियाँ घोषित

▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम

▸ अभियान के दौरान पड़ने वाले सभी सार्वजनिक अवकाश के दिन भी कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि कार्यों में कोई बाधा न आए : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण हेतु विस्तृत कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) शशांक त्रिपाठी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूरी कार्ययोजना सार्वजनिक की गई है। प्रक्रिया की शुरुआत 18 जुलाई 2025 से होगी और जनवरी 2026 तक विभिन्न चरणों में चलेगी। पुनरीक्षण के अंतर्गत घर-घर जाकर सत्यापन, मतदाता सूची का कम्प्यूटरीकरण, दावे-आपत्तियों का निस्तारण, और अंततः अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान के दौरान पड़ने वाले सभी सार्वजनिक अवकाश के दिन भी कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि कार्यों में कोई बाधा न आए और निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण किया जा सके।

जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहभागिता करें और 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक-युवतियाँ मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवश्यक प्रक्रिया समय से पूर्ण करें।

**प्रमुख चरण और तिथियां इस प्रकार हैं**

**18 जुलाई से 13 अगस्त :** ग्राम पंचायतों की स्थिति व नई ग्राम सूची प्रिंटिंग

**14 अगस्त से 22 सितम्बर :** बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का क्षेत्र निर्धारण, प्रशिक्षण

**23 अगस्त से 29 सितम्बर :** बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना एवं हस्तलिखित नामावली

**23 से 29 सितम्बर :** ऑनलाइन आवेदन की अवधि

**30 सितम्बर से 6 अक्टूबर :** ऑनलाइन आवेदन पत्रों की सत्यापन

**7 से 24 अक्टूबर :** संशोधित हस्तलिखित नामावलियों का संग्रह

**25 अक्टूबर से 4 दिसम्बर :** कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना

**6 से 12 दिसम्बर :** अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

**13 से 19 दिसम्बर :** दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करना

**20 से 23 दिसम्बर :** दावे/आपत्तियों का निस्तारण

**09 जनवरी से 14 जनवरी :** पूरक सूची तैयार कर समाहित करना

**15 जनवरी 2026 :** मतदाता सूची की अंतिम कम्प्यूटरीकृत प्रतियां तैयार करना

**अंतिम प्रकाशन की तिथि अलग से घोषित होगी।**



## ग्राम प्रधान भानु बाजपेई ने रोपित किए पांच सौ से अधिक पौधे

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत जरौली में ग्राम प्रधान भानु बाजपेई द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भानु बाजपेई में बताया कि वन विभाग द्वारा लगभग 2000 पौधे ग्राम पंचायत को मिले थे जिसके तहत आम नीम महुआ जामुन पीपल बरगद बेल नींबू के पौधे अन्नपूर्णा स्टोर, पंचायत भवन, जनरल विपिन रावत अमृत सरोवर और प्राथमिक विद्यालय जरौली में 500 से अधिक लगाए गए। वृक्षारोपण अभियान में कोटेदार अटल बिहारी वाजपेई प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक आशीष शिक्षामित्र चेतराम पंचायत सहायक सहज राम सफाई कर्मचारी राजेश गौतम आंगनवाड़ी सहायिका शकुंतला देवी सहित ग्राम वासी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** नगर के बछरावां चौराहे के निकट देर रात बाइक से हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को छुट्टी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बारीखेरा गांव निवासी विकास पुत्र जगत बहादुर और दीपक पुत्र पचई दोनों औसानेस्वर महादेव महादेव मंदिर पर दुकान लगाते हैं सावन का पहला सोमवार होने की वजह से दुकान बढ़ाने के बाद देर रात घर लौट रहे थे कि तभी रायबरेली के कोटवा मोहम्मद निवासी रोहन पुत्र ननकू की बाइक से सामने से भिड़ंत हो गई।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** कांशीराम आवास के पास जैदपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को दस लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ धर दबोचा जिसके विरुद्ध संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।जानकारी के अनुसार क़स्बा इंचार्ज विनय कुमार,दीवान जयनारायण, पंकज राठौर,शैलेश कुमार ने कांशी राम आवास के पास बनी बाउंड्री के निकट इमरान उर्फ खन्ना पुत्र निसार मोहल्ला गढ़ी जदीद को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। जिसके पास दस लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद कर संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। वहींखन्ना नाम से चर्चित इस युवक को पूर्व में विभिन्न कारणो को लेकर गिरफ्तार किया जा चुका है।

### रजबहा कटने से दर्जनों किसानों के खेत जलमग्न

**जैदपुर, बाराबंकी।** याकूतगंज गांव के निकट स्थित प्रतापगंज रजबहा के कटने से दर्जनो किसानो के खेतो मे भारी जल भराव देखा गया।जिससे सैकड़ो बीघा फसल जल मग्न हो गई।स्थानीय किसानो के मुताबिक सोमवार व मंगलवार की रात्रि करीब रजबहा के कटने से क्षेत्र खेतों में भारी जल भराव हो गया। जिससे फसल के नुकसान होने की संभावना बनी है।मंगलवार करीब 11:30 बजे तक क्षेत्र में अधिक जल भराव होने के कारण लोगो के घरों में भी पानी दाखिल हो गया।स्थानीय लोगों की सूचना के बाद नहर विभाग द्वारा नहर को हेड से पानी को रोक दिया गया है। मौके की स्थिति का जायजा लिया गया है। मौके पर पहुंचे जेई ने बताया कि शीघ्र ही बांध बनाने का कार्य किया जाएगा।

### बाइक सवार गिरकर घायल

**फतेहपुर, बाराबंकी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र मे मंगलवार को एक मोटरसाइकिल सवार युवक का संतुलन बिगड़ने से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार नाउहार गांव के रहने वाले बृजभूषण सिंह अपनी मोटरसाइकिल से किसी काम से फतेहपुर जा रहा था।इस दौरान अचानक उनका संतुलन बिगडने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में बृजभूषण गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।स्थानीय लोगो की सूचना पर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। वे अपने निजी वाहन से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए। वहां मौजूद चिकित्सकों ने घायल का तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार ब्रजभूषण की हालत अब धीरे धीरे सामान्य हो रही है।

## शाहगंज के वाशिंदों के लिये उखड़ा खडंजा बना मुसीबत

**जालौन,उरई। नगर** के वार्ड संख्या नौ स्थित मोहल्ला शाहगंज में बारिश के मौसम ने लोगों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं। बस्ती की कई गलियों में खडंजा उखड़ गए हैं। सड़कें भी कच्ची हैं और बरसात का पानी उनमें भरकर कीचड़ में तब्दील हो गया है। लोगों का निकलना दूभर हो गया है। बंगरा मार्ग स्थित छहपुला के पास बसी शाहगंज मोहल्ले में नालियों और सड़कों की हालत बदहाल है। स्थानीय निवासी वाहिद, हामिद और शकील अंसारी, अनवर, जुबैर, राजू, छोटू, अनवर सिद्दीकी आदि ने बताया कि शकील अंसारी के घर से लेकर शाकिर सुरमा वाले के मकान तक की गली में पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। सड़क भी खुदी हुई है। अधूरा पड़ा नाला और टूटी नालियों के कारण बरसात का पानी गलियों में भरकर कीचड़ बन चुका है।

# दो बच्चों को ससुराल में छोड़ बिना बताए मायके चली गई विवाहिता

▸ विवाहिता के ससुर ने तहरीर देकर घटना की दी जानकारी

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मामला थाना रामपुरा क्षेत्र के धरमपुरा जागीर का है जहां एक चौंकाने वाला पारिवारिक मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता बिना सास-ससुर और पति को सूचना दिए अपने पिता के साथ मायके चली गई। हैरानी की बात यह रही कि वह अपने दो मासूम बच्चों को ससुराल में ही छोड़ गई। इस घटना से ससुराल पक्ष में नाराजगी और तनाव का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार, विवाहिता महिला का नाम नैंसी पत्नी अर्जुन है जो बिना ससुराल में किसी को सुचना दिए अचानक अपने पिता गिर्राज के साथ मायके ग्राम शिवपुरी जिला भिंड चली गई। उन्होंने अपने ससुराल वालों को न तो इसकी जानकारी दी और न ही अपने दोनों ही छोटे बच्चों आर्यन (3 साल) व आयुष (7 माह) मासूम को ससुराल ही छोड़ गई। ससुर मानसिंह ने थाना रामपुरा में तहरीर देकर जानकारी देते हुए बताया कि बहू का इस तरह बिना बताए चले जाना न केवल घर की मर्यादा के खिलाफ है, बल्कि बच्चों की मानसिक स्थिति पर भी गहरा असर डाल सकता है। मानसिंह सें थाना रामपुरा में तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की।

# विहिप का धर्म प्रचार यात्रा का जिलाध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद की धर्म प्रसार यात्रा बाबा रामसनेहीघाट के परिसर से जिला अध्यक्ष राकेश सिंह मुन्ना ने झंडी दिखाकर रवाना की।

विश्व हिंदू परिषद में जिले के रूप में रामसनेहीघाट से यात्रा को विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मुन्ना ने तीर्थ यात्रियों का टीका चन्दन लगाकर स्वागत करके तथा झंडी दिखाकर बाबा रामसनेही मन्दिर से रवाना किया। इस यात्रा को जिला सह मंत्री राजेन्द्र सोनी अपनी देखरेख में लेकर जा रहे हैं, इस अवसर पर राम बाबू मिश्र, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयोजक रामेंद्र सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के धर्म प्रसार प्रमुख अंगद सिंह, प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहें। यात्रा मंगलवार से प्रारंभ होकर ददराउवा धाम, बागेश्वर धाम व दांतिया धाम(श्री राम दरबार), मैहरधाम, चित्रकूट धाम, शिंगबेरपुर धाम, गढाधाम धाम (श्री शीतला माता मंदिर), मनगढ धाम (श्री राधे कृष्णा मन्दिर), सीता मणी धाम (भदौही), बिंध्याचल धाम, प्रयागराज (संगम) होते हुए 25 जुलाई को वापस आएगी।

# बरसाती जल भराव से त्रस्त ग्रामीणों ने एसडीएम से लगायी गुहार

▸ एक किमी दूर नाले से जल निकासी कराने की उठायी मांग

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

गांव में जलनिकासी की व्यवस्था न होने से बारिश के मौसम में गांव में जल भराव हो जाता है। गांव के बाहर एक किमी दूर नाला है, जहां से जल निकासी हो सकती है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी ज्ञानचंद्र, दयाशंकर, उपेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार, महेश्चंद्र, अरविंद दुबे, अवध किशोर, संतोष आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। हर वर्ष मानसून के दौरान थोड़ी सी बारिश में ही गांव की गलियां और घरों के आसपास का क्षेत्र पानी से भर जाता है। इससे न केवल आने-जाने में कठिनाई होती है, बल्कि मवेशियों को चारा-पानी देने और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। बारिश के पानी के चलते गांव में कीचड़ और गंदगी फैल जाती है, जिससे संक्रमण और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से बाहर लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर एक बड़ा नाला है, जिससे जल निकासी आसानी से हो सकती है।

## गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी की कार जब्त, न्यायालय ने किया आदेश जारी

**उरई,जालौन।** जेडी प्रॉसिक्यूशन केडी शुक्ला ने जनकारी देते हुए बताया कि जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत गैंग लीडर अब्दुल कलाम पुत्र मुहम्मद याकूब, निवासी पटखोली माफी, थाना त्रिलोकपुर, जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अवैध रूप से अर्जित धन से खरीदी गई कार को राज्य पक्ष में जब्त करने का आदेश जारी किया है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जालौन की रिपोर्ट एवं थाना डकोर द्वारा पंजीकृत मुकदमों के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया कि आरोपी और उसके गैंग ने सौर ऊर्जा प्लांट से केविल चोरी कर उसे बेचकर अवैध धन अर्जित किया।

# तीन दिन में नहीं हटाया अतिक्रमण तो नगर पंचायत सख्ती से हटायेगी

▸ वर्क आर्डर जारी करने के बाद भी काम न कराने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

उप जिलाधिकारी माधौगढ़ ने नगर पंचायत रामपुरा में अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त पदभार ग्रहण करते ही जन समस्या निवारण के के तहत जनसुनवाई एवं अनियमिताए जाने पर सख्त तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को उप जिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह ने नगर पंचायत रामपुरा के अधिशासी अधिकारी के अतिरिक्त दायित्व पर निर्वहन कर सर्वप्रथम नगर पंचायत कार्यालय में आए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने के आदेश दिए। व्यापार मंडल के राजेंद्र सोनी सहित अन्य व्यापारियों के साथ बैठक कर बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए 3 दिन का समय दिया एवं उन्हें अवगत कराया की यदि अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया तो प्रशासनिक कार्रवाई के तहत अतिक्रमण हटाया जाएगा। नगर पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए वर्क आर्डर जारी होने के बाद भी काम शुरू न करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध नोटिस निर्गत करने के आदेश देते हुए कहा कि आदेश का अनुपालन न होने की स्थिति में ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड कर दिए जाएंगे।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**फतेहपुर,बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के दिकोलिया मजरे देवखरिया गांव में एक 35 वर्षीय महिला की सर्पदंश से मौत हुई। प्राप्त विवरण के अनुसार सोमेश कुमार जो मजदूरी करके जीवन यापन करता है। सोमेश की 35 वर्षीय पत्नी सीता रात सोई हुई थी। इस दौरान करीब दो बजे सीता के हाथ की ऊँगली में जहरीले सर्प ने डस लिया। थोड़ी सीता दर्द से जोर-जोर चिल्लाने लगी। लेकिन वह कुछ बात समझ नहीं पाई। परिजन सामान्य दर्द समझे और नजर अंदाज कर गए ।वहीं सुबह प्रहर हालत बिगड़ने लगी और परिजन इलाज के लिए सीएचसी पहुंचे जहाँ पर इलाज के दौरान उपस्थित डॉक्टर ने सीता को मृत घोषित कर दिया ।मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतका का रिश्ते में जेठ राकेश कुमार ने बताया की सीता तीन बच्चो की माँ थी जिसमे 13 व 11 वर्षीय दो पुत्र व 9 वर्षीय पुत्री है। सीता ने शाम को घर में सर्प होने की बात बताई थी। उसी सर्प ने डसा होगा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीएचसी के डॉक्टर ने कहा यदि सांप काटने के तुरंत बाद महिला को सीएचसी लाया गया होता तो जान बच सकती थी।

# सीबीएसई पूर्वी ज़ोनल जूडो चैम्पियनशिप एमनीव विजन स्कूल में संपन्न

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




पूर्वी भारत की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए सीबीएसई पूर्वी ज़ोनल जूडो चैम्पियनशिप 2025 का भव्य समापन समारोह एमनीव विजन स्कूल, इटावा के भव्य सभागार में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। पाँच दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और संघर्ष की भावना का अद्वितीय परिचय दिया, जिसने दर्शकों और खेल प्रेमियों के मन में जूडो के प्रति नया उत्साह पैदा किया।

समारोह के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह राघव (पीसीएस), उप जिलाधिकारी सदर, इटावा ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि जीवन के मूल्य – अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास – का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की यह ऊर्जा और समर्पण देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है।

गेस्ट ऑफ ऑनर रहे सुंदर सिंह, रीजनल मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा, आगरा। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे चेयरमैन डॉ. कैलाश चंद्र यादव पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल, इटावा; डॉ. आनंद मुनी (डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल, सेंट विवेकानंद पब्लिक स्कूल तथा सिटी कोऑर्डिनेटर इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रूखाबाद) के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखजन भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में एमजीएम बोकारो ने सर्वाधिक 16 स्वर्ण, 14 रजत और 20 कांस्य पदकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर जीजीएस पब्लिक स्कूल, सेक्टर-5(12 स्वर्ण, 5 रजत, 3 कांस्य), और तीसरे स्थान पर आर्मी पब्लिक स्कूल, कुनरघाट (8 स्वर्ण, 6 रजत, 9 कांस्य) रहा।

प्रतियोगिता में एमनीव विजन स्कूल ने कुल 33 पदक प्राप्त किए, जिनमें 4 रजत और 29 कांस्य पदक शामिल हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर मनोज श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ, प्रोग्राम हेड विनय शील पठानियाँ, तथा समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भूमिका ने आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस आयोजकों ने भविष्य में इस प्रकार के और भी आयोजन आयोजित करने का संकल्प लिया है, जिससे युवा प्रतिभाओं को निरंतर आगे बढ़ने का अवसर मिलता रहे।

# सीबीएसई ईस्ट जोन बॉक्सिंग में रेडवुड ग्लोबल स्कूल के छात्र अभिषेक ने जीता रजत पदक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




कैलाश प्रकाश स्पोर्टस स्टेडियम, मेरठ, स्पोर्टस हास्टल, स्टेट बॉक्सिंग गोल्ड, सीबीएसई ईस्ट जोन सिल्वर नेशनल क्वालीफइस, कैम्प, झाँसी, रेडवुड ग्लोबल स्कूल इटावा के छात्र अभिषेक ने गतसत्र में सीबीएसई ईस्ट जोन बॉक्सिंग में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं इटावा का नाम प्रदेश में रोशन किया और नेशनल क्वालीफाई कर कैम्प, झाँसी में चयनित हुये।

तथा एक बार फिरसे स्टेट बॉक्सिंग चौम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा केपी स्पोर्टस स्टेडियम स्पोर्टस हास्टल में प्रवेश लिया है। इस अवसर पर रेडवुड ग्लोबल स्कूल के प्रबन्धक अज्ञात वर्मा, निदेशिक स्वाती वर्मा एवं प्रधानाचार्य भास्कर शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया और मेनेजमेन्ट की तरफ से वरिस्ट वॉच दी गई। अभिषेक कक्षा 10 का छात्र है तथा इसके पिता प्राइवेट जॉब करते है। इस अवसर पर परिवार ने समस्त स्टाफ का मिष्ठान खिलाकर आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने मास्टर अभिषेक को जीवन लक्ष्य प्राप्त करने का आर्शीवाद दिया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री भाग्या मौर्या जो कि सिटी माण्टेसरी स्कूल लखनऊ की छात्रा है का त्रुटिवश स्कूल के अभिलेखों में नाम इहा मौर्या अंकित हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम भाग्या मौर्या है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भविष्य में मेरी पुत्री का नाम भाग्या मौर्या के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**पिताः अनुपम मौर्या**
**निवासीः नाका पैसार, पर. व तह. नवाबगंज, जनपद बाराबंकी।**

# एक दाना कम मिले तो करें शिकायत, न लें अधूरा राशन



## मंत्री असीम अरुण बोले, घटतौली किसी भी सूरत में नहीं की जाएगी बर्दाश्त

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने पात्र लोगों के लिए भेजे गए राशन वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और गरीबों को उनका पूरा हक दिलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा भेजा गया। राशन हर जरूरतमंद तक पूरा- पूरा पहुंचे, यही सरकार की प्राथमिकता है। राज्यमंत्री ने जनपद के उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा, अगर एक दाना भी कम मिले तो चुप न रहें, तुरंत शिकायत करें।÷ उन्होंने कहा कि घटतौली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### डोर स्टेप डिलिवरी सुनिश्चित करने के निर्देश

राज्यमंत्री ने यह भी बताया कि कुछ दुकानों तक छोटे वाहन नहीं पहुंच पाने के कारण डोर स्टेप डिलिवरी में समस्याएं आ रही हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए विपणन विभाग को निर्देशित किया गया है कि नियमों के अनुसार हर दुकान तक राशन की समयबद्ध डिलिवरी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार कोटेदारों की समस्याओं के प्रति भी संवेदनशील है, लेकिन किसी भी परिस्थिति में गरीबों के हक का राशन काटा नहीं जाएगा। कोटेदार, विपणन कंपनियों और प्रशासनिक अधिकारियों से सहयोग लेकर वितरण प्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाएगा।

### शिकायत के लिए 1077 पर करें कॉल, वीडियो बनाएं प्रमाण

मंत्री असीम अरुण ने बताया कि जनपद में जिला कमांड सेंटर पूरी तरह सक्रिय है। यदि कोई कोटेदार राशन कम देता है या किसी प्रकार की मनमानी करता है, तो लाभार्थी तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1077 पर शिकायत करें। उन्होंने लोगों से अपील की कि घटतौली की स्थिति में मोबाइल से वीडियो अवश्य बनाएं, ताकि शिकायत के साथ ठोस प्रमाण भी प्रस्तुत किया जा सके और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### लाभार्थियों से अपील

मंत्री असीम अरुण ने लाभार्थियों से दो टूक अपील की अपने अधिकार के प्रति जागरूक बनें। पूरा राशन लें, अधूरा न स्वीकारें। सरकार आपके साथ है।

# रेलवे ट्रैक किनारे युवक का शव मिलने से हड़कंप

▸ पुलिस ने विधिक कार्यवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को देख घटना स्थल पर भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम सफीपुर के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मझपुरवा चौकी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू किए। काफी प्रयासों के बाद मृतक की पहचान अंकित (19) पुत्र संजीव विहार निवासी ग्राम कुतलूपुर मकरंद नगर कन्नौज के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। चर्चा है कि युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हुई है। जो कि ट्रेन से फर्रुखाबाद से वापस अपने घर कन्नौज जा रहा था।

## गोदाम से डेढ़ लाख का किराने का सामान चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किराना व्यापारी की गोदाम से चोरों ने करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान पार कर दिया। जब सुबह पीड़ित अपनी दुकान पर गया तो उसे गोदाम में रखा किराने का सामान नहीं मिला। जिससे उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी श्याम किशोर गुप्ता पुत्र नत्थूलाल ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी नगर के बाईपास पर किराने की गोदाम है। जिसमे सोमवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया और करीब डेढ़ लाख रुपये का किराने का सामान पार कर दिया। सुबह जब पीड़ित ने अपनी गोदाम में गया और किराने के सामान की बोरियां वहां न देखकर उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत ने दिया धरना

▸ ज्ञापन में कहा गया कि तेराजाकेट से तालग्राम मार्ग पर विरोली में अंधा मोड़ होने से बार-बार होती है दुर्घटनाएं



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन ने उपजिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि तेराजाकेट से तालग्राम मार्ग पर विरोली में अंधा मोड़ होने से बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसके लिए उचित व्यवस्था की मांग की गई। सहकारी समितियों में खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, मक्का बिक्री केंद्र खोलने, मझपुर्वा गांव में तालाब के पानी की निकासी की समस्या हल करने और जलभराव से बचाव के लिए नालों के निर्माण व पुराने नालों की सफाई की मांग उठाई गई। इसके अलावा, बिजली विभाग के स्मार्ट मीटरों से बढ़ते बिलों और कर्मचारियों की उदासीनता पर रोक लगाने तथा आवारा पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान की रोकथाम की मांग भी शामिल है। धरना प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष इरशाद अली, तहसील अध्यक्ष मोहम्मद फकरे आलम, जिला सचिव अब्दुल मतीन, नगर अध्यक्ष समधन नईम अहमद, मो. शमशाद, दीपक शर्मा, सलमान बेग, मोहम्मद आसिफ सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# परिवहन मंत्री ने तालग्राम में रोडवेज बस स्टेशन बनवाने का दिया आश्वासन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने तालग्राम में रोडवेज बस स्टेशन जल्द बनवाने का आश्वासन दिया है। तालग्राम ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर उर्फ पुच्ची ठाकुर ने लखनऊ में परिवहन मंत्री से मुलाकात करके जानकारी दी थी कि जनपद कन्नौज के कस्बा व ब्लाक तालग्राम में बस स्टैण्ड बनाये जाने की मांगा कई वर्षों से की जा रही है। यहां पर यात्रियों की बसों की प्रतीक्षा से लेकर बैठने उठने तक की असुविधा का सामना करना पड़ता है। रोडवेज बस चालकों को सवारियां रोड से उठानी पड़ती हैं जिससे जाम



की समस्या बनी रहती है। अतः आपसे अनुरोध है कि जनसमस्या को ध्यान में रखते हुए मेरे ब्लाक व कस्बा तालग्राम में एक बस स्टैण्ड का निर्माण कराने के लिए प्रभावी आदेश देने की कृपा करें।

इस अनुरोध को परिवहन मंत्री ने तत्काल स्वीकार कर लिया और परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# बार एसो. चुनाव में सदस्यता के लिए बढ़ा एक सप्ताह का समय

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बार एसोसिएशन के चुनाव की सरगमियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिए कई पूर्व पदाधिकारियों ने भी जनसंपर्क शुरू कर दिया है। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ने सदस्यता के लिए एक सप्ताह का समय और प्रदान किया है। अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष शिवनाथ सिंह यादव संभावित प्रत्याशी हैं। महामंत्री पद पर पंकज मिश्रा, श्याम सिंह भारती, रजनीश यादव, घनश्याम यादव, अनिल यादव, राम प्रकाश यादव संभावित प्रत्याशी है। कोषाध्यक्ष पद पर अंजू पटेल, सद्दाम हुसैन, आशुतोष चौहान, सरजीत यादव संभावित प्रत्याशी हैं। कोषाध्यक्ष और महासचिव पद पर चुनाव लड़ने की होड कई प्रत्याशियों में चल रही है।

उधर बार एसोसिएशन के वार्षिक निर्वाचन हेतु सदस्यता अभियान के अंतिम दिन तक 401 सदस्यों द्वारा अपना सदस्यता शुल्क जमा कर दिया गया है, जबकि वर्ष 2024-2025 में 466 अधिवक्ताओं ने वार्षिक निर्वाचन में भाग लिया था। कई सदस्यों ने अपना सदस्यता शुल्क अभी तक नहीं दिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव ने एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष को पत्र सौंप कर सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए और समय मांगा। इस पर एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ने सदस्यता शुल्क जमा करने के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय प्रदान किया है। इस बार नए अधिवक्ताओं ने सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। अध्यक्ष एवं महासचिव ने अपील की है कि सभी सदस्य जल्द से जल्द सदस्यता शुल्क जमा करें ताकि सदस्यता सूची और मतदाता सूची एल्डर्स कमेटी को सौंपी जा सके।

# शंकरपुर में टूटा विद्युत पोल, ग्रामीणों में आक्रोश



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन बलराज के पदाधिकारी सौरव यादव ने बताया कि ग्राम शंकरपुर में एक महीने पहले एक विद्युत पोल टूटकर गिर गया था। ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि जूनियर इंजीनियर (जेई) ने पोल हटाने के लिए हजारों रुपये की रिश्वत मांगी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पोल नहीं हटाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है, जिसका जिम्मेदार विभाग होगा। भारतीय किसान यूनियन बलराज ने स्पष्ट किया कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों में विभागीय उदासीनता और रिश्वतखोरी के खिलाफ भारी आक्रोश है।

# मन में निरंकार को बसाने से आएगी सहनशीलता

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में महात्मा मोहित यादव ने कहा मन में निरंकार को बसाएंगे तो जीवन में सहनशीलता अवश्य आएगी।

उन्होंने कहा हमारे घरों में हर एक का स्वभाव अलग होता है। इसी कारण अपनापन और प्यार अधिक होता है। घरों में अलग-अलग स्वभाव होने के बावजूद हम उनको सहन ही नहीं करते हैं बल्कि उनको स्वीकार भी करते हैं। हर इंसान के अंदर क्षमाशीलता भी जरूरी है।

यह जिसके अंदर आ गई, वह सुंदर इंसान बना। क्षमाशील व्यक्ति ने जितना सहन कर लिया वो उतना ही महान बना। जिसने बर्दाश्त किया वही संत-महात्मा बने, जिसने बर्दाश्त नहीं किया



वह शैतान बना। महात्मा इसलिए महान हैं क्योंकि दुनिया के सारे दर्द को वह अपने दामन में रखकर संसार के लिए वरदान बने। कभी किसी का बुरा नहीं सोचते हैं। खुद भूखा रहते, लेकिन दूसरों को खिलाकर खुद आनंद में रहते हैं। सतगुरु माता सुदीक्षा जी का कहना है कि हम जब इस ब्रह्म ज्ञान के द्वारा ईश प्रभु परमात्मा के साथ जुड़ गए तो विशालता भी अपने आप हमारे जीवन में आ जाएगी। फिर हम अपने मन को भी विशाल बना पाएंगे। अपनी सोच को भी इस विशाल से जुड़ कर इस ब्रह्म ज्ञान से इस निरंकार से जुड़कर विशाल बना पाएंगे। हम भी अगर छोटे मन के हैं, तंग दिलवाले हैं तो फिर इस विशालता से भी नहीं जुड़ पाएंगे। जितना इस विशाल निरंकार को हम अपने हृदय में बसाएंगे उतना ही हमारा मन विशाल व सहनशील भी होगा और मन में सिर्फ प्यार का वास होगा। महात्मा रामप्रताप के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचन एवं भजनों से संगत को निहाल किया।

## माता, पिता और भाई-बहन को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पत्नी से बेवजह अभद्रता कर रहे युवक को जब उसके छोटे भाई ने मना किया। तो आरोपित युवक ने उसके साथ भी गाली गलौज व मारपीट शुरू दी। अपने मां-बाप और छोटी बहन को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर लेकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सियरमऊ निवासी सुरेंद्र पुत्र राजकुमार ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते सोमवार की शाम करीब 07 बजे उसका बड़ा पुत्र अपनी पत्नी से गाली गलौज कर रहा था। जब उन लोगों ने इस बात का विरोध किया तो आरोपित युवक ने पीड़ित व उसकी पत्नी, पुत्र व पुत्री को भी गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मार डालने की धमकी दी।

# ठठिया में लगेगी अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



ठठिया कस्बे के ठठिया-मानीमऊ- तिर्वा तिराहे पर मां भारती के अमर सपूत और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक पं. चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह पहल भाजपा आईटी सेल के जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय द्वारा की गई। जिन्होंने इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण को प्रस्ताव सौंपा था। मंत्री ने इस ऐतिहासिक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इस प्रस्ताव के बाद प्रतिमा स्थापना के लिए स्थान का निरीक्षण कार्य भी आरंभ कर दिया गया है। ठठिया थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा को मूर्ति स्थापना का प्रस्तावित स्थल दिखाते हुए भाजपा आईटी सेल जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय नजर आए। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों में इस खबर को लेकर खुशी की लहर है। लोगों का मानना है। कि यह प्रतिमा न केवल क्षेत्र की शान बढ़ाएगी। बल्कि आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा भी देगी।

# बेसहारा गोवंशों से मुक्त कर सुरक्षित पशु संरक्षण करें सुनिश्चित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनपद में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंशों के संरक्षण हेतु सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि खुले में घूम रहे गोवंश न केवल यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करते हैं। बल्कि आमजन की सुरक्षा और किसानों की फसलों को भी गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं।

अतः इन गोवंशों का समयबद्ध चिन्हांकन कर उन्हें नजदीकी गो आश्रय स्थलों में भेजा जाना अत्यंत आवश्यक है। जहां उनके लिए चारा, पानी व उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में विशेष गो संरक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड कन्नौज में 07, उमर्दा में 05, तालग्राम में 05 और छिबरामऊ में 06 गोवंशों को पकड़ा गया। इस प्रकार कुल 23 निराश्रित/बेसहारा गोवंशों को सुरक्षित रूप से गो आश्रय स्थलों में संरक्षित किया गया। विकास खण्ड कन्नौज में पुनः विशेष अभियान चलाकर कुल 09 गोवंशों को आश्रय स्थल पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड हसेरन स्थित नादेमऊ गो आश्रय स्थल एवं विकास खण्ड कन्नौज के बेहरिन गो आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थलों में साफ- सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई तथा संरक्षित गोवंशों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। साथ ही, वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों का स्थलीय सत्यापन भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी इन्दरगढ़ डॉ. संतोष सिंह एवं गो आश्रय स्थल के नोडल अधिकारी पशुचिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप वर्मा भी उपस्थित रहे।

# ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर दुर्घटनाओं को रोकने की कवायद

▸ रोड सेफ्टी कमेटी ने दिए दिशा-निर्देश

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


निरीक्षण करते सीओ यातायात, एआरटीओ व प्रभारी यातायात

सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी कमेटी ने जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार व जिलाधिकारी के निर्देशानुसार निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए मौके पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण में रोड सेफ्टी कमेटी के सदस्य एआरटीओ इज्या तिवारी, क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह तथा प्रभारी यातायात आफाक खान मौजूद रहे। अधिकारियों ने गोवर्धनी तिराहा, पाल चौराहा और हरदोई मोड़ जैसे प्रमुख ब्लैक स्पॉट पर पहुंचकर जमीनी हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के इंजीनियर को मौके पर उपस्थित होकर इन ब्लैक स्पॉट्स में संभावित सुधार जैसे उपयुक्त साइनेज, सड़क की चौड़ाई, रिफ्लेक्टर, ब्रेकर तथा बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि इन सुधारों के माध्यम से दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सकती है। और आमजन को सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

## सोलर प्लेट, इनवर्टर और दो बैटरी चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक के घर से चोरों ने सोलर प्लेट, इनवर्टर व दो बैटरी पार कर दी। जब पीड़ित को इस बात की जानकारी हुई तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। इसके बाद उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मौरा निवासी हरिनारायण पुत्र वीरपाल ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते सोमवार की रात चोरों ने उसके खांडेदेवर स्थित मकान से सोलर प्लेट, इनवर्टर व दो बैटरी चोरी कर ली। जब सुबह पीड़ित अपने घर में गया। तो उसे इस बात की जानकारी हुई। पीड़ित के कार्य पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जलभराव की समस्या होगी दूर : आसमा बेगम



**समधन,समृद्धि न्यूज़।**

रोजाना झमाझम हो रही बारिश के चलते नगर में जगह-जगह जलभराव की समस्या को दूर करवाया जायेगा समधन चेयरमैन आसमा बेगम व उनके प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने अपने आवास पर एक बैठक बुलाई गई ।

जिसमें चेयरमैन आसमा बेगम ने मंगलवार को हमारे समृद्धि न्यूज़ संवाददाता को बताया कि नगर में जलभराव की समस्या को देखते हुए एक आवश्यक बैठक बुलाई गई जिसमें चेयरमैन ने कहा कि नगर के मोहल्ला गोरी नवादा, गर्दाबाद, लोहिया नगर मोहल्लों में जलभराव की समस्या बनी हुई है उन्होंने कहा कि जल्द समस्या को दूर करवाने का काम करेंगे आगे उन्होंने बताया कि नगर मोहल्ला लोहिया नगर में मुर्तजा मस्जिद जानें बाला रास्ता काफी ख़राब है। वह रास्ता अभी तक कच्चा रास्ता है इसी लिए वहां तक जानें वालें नमाजियों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। जल्द ही उस रास्ते को बनवाकर समस्या को दूर किया जायेगा उन्होंने यह भी बताया कि हर घर नल योजना के तहत गलियों में पानी पाइपलाइन डालने के लिए गलियों को खोदा गया है इसी लिए लोगो को बारिश के मौसम ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ रही है बारिश में कार्य धीमी गति से चल पा रहा है। इस अवसर पर भोला हुसैन, सलमान हुसैन, अताउल्ला अली, अशफाक, पप्पू खां आदि मौजूद रहे।

# नवीन मंडी की समस्याएं हल करने की मांग



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तालग्राम की ब्लॉक प्रमुख सुमन सिंह के प्रतिनिधि एवं गल्ला आलू व्यापारी संघ के संरक्षक राजीव सिंह गौर पुच्ची ठाकुर ने मंडी सचिव को ज्ञापन देकर समस्याएं हल करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि समस्याएं हल करने के बारे में मोबाइल पर कई बार वार्ता की गई लेकिन किसी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। इन दोनों मंडी में मक्का और मूंगफली की आवक बढ़ने से बड़ी संख्या में किसान भाई आ रहे हैं लेकिन अन्नदाता किसानों के लिए अब तक शौचालय, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई है। बिजली की जर्जर लाइनों से हर समय जान का खतरा बना रहता है। इन समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारित किया जाए।

# महाअभियान के तहत ईशन नदी के तट पर हुआ पौधरोपण

▸ डीएम के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर वृक्षारोपण महाअभियान के तहत जनपद में ईशन नदी के तट पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया।

विकासखंड सौरिख के ग्राम सराय ठेकू, छिबरामऊ के कैरदा और तालग्राम के सुतहा, खजुरिया व बरही में ईशन नदी के किनारे वन विभाग द्वारा उपलब्ध जामुन, नीम, कंजी, शीशम, केसिया, गूलर, पीपल, पाकड़ और बांस जैसे पौधों में से 1000 से अधिक पौधे रोपे गए। ग्राम्य विकास, पंचायती राज और वन विभाग के संयुक्त प्रयासों व स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्य संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने पौधों की सिंचाई और सुरक्षा का संकल्प लिया। 9 जुलाई को नदी के जलग्रहण क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में 25,000 पौधे रोपे गए थे, जिससे हरीतिमा बढ़ेगी और नदी का प्रवाह अविरल रहेगा। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य, वन विभाग और विकासखंड के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस की पिटाई से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- पत्नी की शिकायत पर पुलिस पकड़ कर ले गयी थी हथियापुर चौकी
- दो सिपाही समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज, सिपाही लाइनहाजिर



रोते बिलखते मृतक के परिजन व इन्सेट में मृतक का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस की पिटाई से आहत युवक ने युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

वहीं शव उठाने को लेकर परिजनों की पुलिस से जमकर नोकझोंक हुई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो सिपाहियों सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ने सिपाहियों को लाइनहाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार रामरहीश पुत्र भारत सिंह निवासी छेदा नगला (गुतासी) थाना मऊदरवाजा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसके पुत्र दिलीप कुमार का अपनी पत्नी से कुछ विवाद था। जिसके सम्बन्ध में दिलीप की पत्नी नीरज ने प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया था। जिसके सबन्ध में पुलिस के कल दिनांक 14 जुलाई को को हथियापुर चौकी पर बुलाया था। जिसमें मैं अपने पुत्र सहित चौकी में गया था।

सिपाही यशवन्त यादव ने मुझसे कहा था कि 50,000/- रूपये दो, मैं छोड़ दूंगा। फिर महेश उपाध्याय ने दिलीप के साथ अन्दर ले जाकर रजनेश राजपूत के कहने पर मारपीट की। जब मैंने विनोद वर्मा से फोन पर बात की, तो विनोद ने कहा कि रजनेश राजपूत निवासी आलूपुर थाना जहानगंज मेरे साथ है। वह ही मारपीट करवा रहे हैं। मैं इस मामले में आपकी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। सिपाही महेश उपाध्याय ने मुझसे 40,000/- रूपये लिये और समझौता करवा दिया। फिर मैं पुत्र सहित घर वापस आया। इस घटना से आहात होकर मेरे पुत्र दिलीप ने रात्रि मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जब हम सभी ने देखा, तो दिलीप ने अपने पेन्ट पर पेन से सारी घटना को लिखा है। जिसमे उसने अपने ससुर बनवारी लाल, साला राजू और आलूपुर के रजनेश राजपूत व हथियापुर चौकी के सिपाही यशवन्त यादव और महेश उपाध्याय के नाम लिखे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# पुलिस ने छापा मारकर पकड़ी कच्ची शराब व लहन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने श्याम नगर गिहार बस्ती में छापा मारकर भारी मात्रा में कच्ची शराब व लहन पकड़ी। पुलिस ने बरामद लहन को नष्ट कर दिये। पुलिस की इस छापेमारी से कच्ची शराब बनाने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को आबकारी प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह कोतवाली कायमगंज, मंडी चौकी इंचार्ज अवधेश यादव, कांस्टेबिल सिंधु सिंह, कांस्टेबिल कृष्ण पाल की टीम ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम श्याम नगर गिहार बस्ती में छापा मारा। इस दौरान शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस को देख वह भूमिगत हो गये। पुलिस ने छापेमारी के दौरान



पकड़ी गयी शराब को दिखाती पुलिस

6 लीटर कच्ची शराब तथा 60 लीटर लहन बरामद की।

पुलिस ने बरामद लहन को नष्ट कर दिया। आबकारी प्रभारी अपराध निरीक्षक का कहना है कि कच्ची शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर कच्ची शराब को नहीं बिकने दिया जायेगा। इस दौरान दर्जनों की संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



किशोर का उपचार करता फार्मासिस्ट

## बंदरों ने किशोरी को काटकर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बंदरों ने किशोर को काट लिया। जिससे वह घायल हो गयी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव सिलसंडा निवासी स्वाती उम्र 15 वर्षीय पुत्र अमर सिंह घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान बन्दर ने उस पर हमला कर पैर में काट लिया। जिससे स्वाती घायल हो गई। परिजन उसे घायल अवस्था में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां उसका उपचार किया गया।

## चबूतरे से निकलने का विरोध करने पर दबंग ने महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चबूतरे से निकलने से मना करने पर दबंग पड़ोसी ने महिला के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने दबंग के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव घमुइया रसूलपुर निवासी नन्हीं देवी पत्नी अनिल कुमार दोपहर घर पर साफ-सफाई कर रही थी, तभी पड़ोसी युवक नन्हीं देवी के चबूतरे से होकर जाने लगा। जिस पर नन्हीं देवी ने युवक से सड़क से निकलने को कहा। जिस पर युवक नन्हीं देवी को गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने नन्हीं देवी के साथ लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट में नन्ही देवी घायल हो गयी। परिजन घायल नन्हीं देवी को थाने लेकर आये। पुलिस ने घायल नन्हीं देवी को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा



मेडिकल परीक्षण करवाता घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भाभी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव निजामुद्दीनपुर निवासी जाहिद पुत्र लड्डन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि मेरे गाँव के दबंग यासीन, भूरे, वाहिद, नदीम उपरोक्त लोग हमारी भाभी नजमा पत्नी शमशाद के साथ आये दिन छेड़छाड़ करते हैं। मंगलवार को भी उपरोक्त लोगों ने छेड़छाड़ की।

जिसका हमने विरोध किया, तो इन लोगों ने छत से पत्थरबाजी की। जिसमे इसमा 10 वर्ष पुत्री निसारुद्दीन घायल हो गयी। बीच बचाव के लिए आये जाहिद पुत्र लड्डन को भी उपरोक्त लोगों ने मारापीटा।

घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जहिद व इसमा का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## सोशल मीडिया पर तमंचे से खेलने वाला युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 14 जुलाई को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति व छोटे बच्चे को तमंचे के साथ खेलते देखा गया, उक्त वीडियो का संज्ञान लेकर जानकारी की गयी, तो वायरल वीडियो में विनय चौहान पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम वीरसिंहपुर थाना राजेपुर का होना पाया गया। थाना राजेपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त विनय चौहान पुत्र जितेंद्र सिंह को गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 90/25 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।



तमंचे के साथ गिरफ्तार युवक

# संचारी रोग नियंत्रण जागरुकता अभियान की पोल खोल रहा कूड़े का ढेर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित एक पार्क में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लोगों का कहना है कि यह कूड़ा सरकार द्वारा चलाये जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान की पोल खोल रहा है।

जानकारी के अनुसार आवास विकास से लकूला की तरफ जाते समय रास्ते में पार्क पड़ता है। इस पार्क में काफी गंदगी का ढेर लगा हुआ है। इसी पार्क में बीते दिन वृक्षारोपण भी किया गया था, लेकिन यहां पर लगे कूड़े के ढेर को किसी ने उठवाना उचित नहीं समझा। जबकि वृक्षारोपण में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका ने भी हिस्सा लिया था। जब आसपास के लोगों ने



आवास विकास के एक पार्क में लगा कूड़े का ढेर

ईओ से शिकायत की, लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक कूड़ा नहीं हटाया गया है। लोगों का कहना है कि एक ओर जहां सरकार संचार रोग नियंत्रण अभियान चला रही है, वहीं आवास विकास में कई स्थानों पर लगी गंदगी इस अभियान की धज्जियां उड़ा रही है। लोगों का कहना है कि गंदगी में मच्छरजनित रोग व लार्वा पनपते हैं, जिससे बीमारियों को बढ़ावा मिलता है।

# मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ड्यूटी से वापस आ रहे कोल्ड कर्मचारी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम बजरिया मौलवी बदन खां निवासी गिरीशचंद्र पाल ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके पिता बच्चे लाल उम्र करीब 75 वर्ष जो कि कस्बा मोहम्मदाबाद में बने अशोका कोल्ड स्टोरेज में नौकरी करते थे। 12 जुलाई 2025 को लगभग शाम 6:30 बजे वह घर वापस लौट रहे थे, तभी नीम करोरी शान्ति निकेतन स्कूल के पास मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नादौरा निवासी हकीम सिंह ने बाइक से टक्कर मार दी थी। जिससे पीड़ित के पिता को डायल 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद लाया गया था। जहां डॉक्टर मोहित यादव के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हेड इंजरी होने के कारण जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर किया गया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पीड़ित के पिता की मृत्यु हो गई। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** गेहूं के खेत में पानी लगा रही युवती के साथ मारपीट करने वाले चार दबंगों के खिलाफ पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पिपरगांव निवासी श्रीनिवास के पुत्र सचिन कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई है कि पीड़ित की बहन प्रियंका 17 दिसंबर 2024 को अपने खेत में पानी लगा रही थी, तभी गोलू उर्फ आकाश, भूरे पुत्र रामप्रकाश, अवधेश यादव व दुरवींन सिंह यादव पुत्र रामसनेही निवासी उपरोक्त खेत पर आ गए और हमारे साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। हमारे चिल्लाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और हम लोगों को बचाया। पीड़ित ने डायल 112 को सूचना दी। जब मौके पर डायल 112 पहुंची तो वह लोग मौके से भाग गए। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### शराबी पति ने पत्नी के साथ की मारपीट



घटना की जानकारी देती पीड़िता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शराबी पति ने पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में पीड़िता की आंख के नीचे व भौंह पर चोटें आयी हैं। उसने पति के खिलाफ पुलिस से शिकायत करने की बात कही। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पृथ्वी दरवाजा निवासी अलका ने बताया कि उसका पति संजीव कुमार मुझ पर बहुत शक करता है तथा शराब पीकर आये दिन मुझसे मारपीट करता है। मंगलवार को वह शराब पीकर आये और मुझे काफी मारपीटा। जिससे मेरे शरीर पर कई जगहों पर चोटें आयी हैं। उसने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना उपचार कराया तथा रोते हुए बताया कि वह पुलिस में पति के खिलाफ शिकायत करेगी।

### युवती को बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित की तहरीर पर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने 11 जुलाई को अपनी 18 वर्षीय पुत्री को घर पर अकेला छोड़कर अपनी पत्नी के साथ नवाबगंज बाजार करने गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर कानपुर देहात के बचियापुर शिवराजपुर निवासी अनुराग लगभग ढाई बजे किशोरी को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी अपने साथ घर में रखे 49 हजार रुपए, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल भी साथ ले गई। किशोरी के पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने अनुराग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाई-बहन के साथ मेला देखने गयी किशोरी गुम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव राजा रामपुर मेई निवासी गुड्डी देवी पत्नी सर्वेश कुमा् की पंद्रह वर्षीय पुत्री देवकी अपनी बड़ी बहन रेनू व छोटे भाई मिथुन के साथ सोमवार सुबह लगभग आठ बजे पुठरी मंदिर पर लगे मेले को देखने आई थी। तीनों भाई बहन मेले में घूम रहे थे, तभी मेले में किशोरी कहीं गुम हो गई। किशोरी की बड़ी बहन व छोटे भाई ने मेले में किशोरी को आसपास काफी खोजा, लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं लगा। थक हारकर देवकी की बहन रेनू व भाई मिथुन ने घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने देवकी की आसपास गांव व रिश्तेदारी में जानकारी की, लेकिन देवकी का कोई पता नहीं चला। थाना पुलिस ने देवकी की मां गुड्डी देवी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लूट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लूट में फरार चल रहे आरोपी को फतेहगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 20 मई को हुई लूट में फरार चल रहे आरोपी विराट शुक्ला निवासी जेएनवी रोड से कर्नलगंज चौकी इंचार्ज बलवीर सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। बलवीर सिंह ने बताया कि उपरोक्त आरोपी लूट में वांछित चल रहा था। जिसे गिरफ्तार किया गया है।

### महिला के साथ आठ हजार रुपये की टप्पेबाजी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला को टप्पेबाजों ने रुमाल सुंघाकर आठ हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम करथिया निवासी राजेश शर्मा की पत्नी बेबी देवी 13 जुलाई 2025 को बेवर से शुगर की दवा लेकर शाहजहांपुर डिपो से वापस लौट रही थीं, तभी अज्ञात टप्पेबाजों ने बेबी देवी को रुमाल सुंघाकर कर बेबी देवी से 8000 रुपए की नगदी तथा सोने को कुंडल तथा एक अंगूठी लूट ली थी तथा बस चालक ने कस्बा मोहम्मदाबाद के फर्रुखाबाद रोड पर शिव मंदिर के सामने उतार दिया था। बेबी देवी को बेहोशी की हालत में देखकर गांव के ही ई-रिक्शा चालक ने घर पहुंचाया। बेबी देवी ने 14 जुलाई 2025 को बीती शाम तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिल गई है। जांच कर टप्पेबाजों को जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा।

# ऑल इंडियन फेयर पाइस शॉप डीलर एसो. ने समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑल इंडियन फेयर पाइस शॉप डीलर एसोसिएश ने राशन विक्रेताओं की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा।

जिसमें दर्शाया कि वर्तमान में फोन से फीडबैक लिया जा रहा है, जिसमें कोटेदारों के विरोधियों के पास फोन जाने पर उल्टा-सीधा जवाब दिया जा रहा है व ऐसा व्यक्ति फोन उठाता है जो राशन लेने गया ही नहीं था। जिसमें उसको पूर्ण जानकारी नहीं रहती है। वह भी ठीक जवाब नहीं दे पाता है। जिसके आधार पर अनायास जांच होती है, जिससे शोषण बढ़ता है। सरकार किसी भी एक विभाग से जांच कराये। कई विभाग से जांच कराने पर शोषण बढ़ता है। कोटेदारों का लाभांश खाद्यान्न पर 90 प्रतिशत रुपये कुन्तल व चीनी पर 70 प्रतिशत रुपये कुन्तल, ही मिलता है, जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा, 200 प्रतिशत रुपये कुन्तल, गोवा में 200 प्रतिशत रुपये कुन्तल, दिल्ली में 200 प्रतिशत रुपये कुन्तल, गुजरात में 20 हजार रुपये मिनिमम गास्टी दिया जा रहा है। कोटेदारों को अन्य प्रदेश की भात्ति दिया जाये। शासनादेशानुसार डोर स्टेप डिलीवरी गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न कोटे के दुकान पर पहुंचाकर दिया जाये। पूर्व का सभी बकाया भुगतान किया जाये। कोटेदारों द्वारा वितरण ऑन लाइन किया जा रहा है, जबकि सत्यापन अधिकारी, वितरण अधिकारी व वितरण प्रमाण-पत्र व स्टॉक रजिस्टर बंद किया जाय। सरकार द्वारा पेपर लेस का आदेश दिया जाये। जनवरी 2025 का बाजरा, ज्वार का भुगतान कमीशन अति शीघ्र किये जाने की मांग की है। स्वयं सहायता समूह के दुकान संचालन के सभी जिम्मेदारी होती है, संचालक द्वारा भाड़ा, बिजली बिल, मजदूरी भी दी जाती है। कमीशन का पैसा संचालक के खाते में दिया जाये। एमडीएम और आईसीडीएस के खाद्यान्न पर भी एनएफएसए खाद्यान्न को की कमीशन दी जाये, आदि मांगें शामिल रही। ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, वेदप्रकाश, मनोरमा, सत्यभामा, विमला देवी, वीना गुप्ता, नितिश गुप्ता, राजेन्द्र दुबे, नीलेन्द्र दुबे आदि मौजूद रहे।

# बैंक में युवती ने अधेड़ के पार किये एक लाख रुपये

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बैंक से शातिर युवती अधेड़ के झोले में कट मारकर एक लाख रुपये लेकर फरार हो गयी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो युवती उसमें कैद हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारकी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव कटरा रहमत खां निवासी अंसार खां पुत्र मदार खाँ ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि दिनांक 14 जुलाई को समय लगभग 11 बजे दिन में बैंक आँफ इण्डिया कायमगंज से 1,00,000/- रुपये निकालकर झोले में रखकर अपनी बैंक की पास बुक काउन्टर पर खड़े



पीड़ित युवक तथा लाल घेरे में रुपये पार करने वाली युवती

होकर चढ़वाने लगा। इसी दौरान पास में एक युवती ने किसी धारदार चीज से झोले में कट मारकर रुपये निकाल लिये और फरार हो गयी। शिकायत पर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल में सीसीटीवी कैमरे में युवती कैद हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में क्लीनिक संचालक फांसी पर झूला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

- परिजनों ने दुकान मालिक पर लगाया हत्या करने का आरोप

संदिग्ध परिस्थितियों में क्लीनिक संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव लुखरियाई निवासी अनुज राजपूत पुत्र सुग्रीव सिंह राजपूत ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भाई गोविंद राजपूत पुत्र सुग्रीव राजपूत पड़ोस के ही गांव नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली मानपुर निवासी नीरज उर्फ जसवंत के घर के बाहर दुकान में किराए पर रहकर क्लीनिक चला रहा था। बीते दिन मकान मालिक के परिजनों से मृतक गोविंद का विवाद हो गया था। जिस पर आरोपियों ने उनके साथ किराये के पैसों को लेकर मारपीट की थी। जिसमें गोविंद के कई चोटें आयी थीं। सूचना मिलने पर पीड़ित तथा उसके परिजन जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक कुछ संभ्रांत व्यक्तियों ने मामले को रफा-दफा करा दिया।

वहीं आरोपी नीरज पुत्र जसवंत की पुत्रियां शिवानी तथा सुनामी चिल्ला-चिल्ला कर कह रही थी कि मेरे पिता तथा मेरे चाचा प्रदीप को घर आ जाने दो तुझको जान से मरवा देंगे। यह बात पीड़ित ने अपनी तहरीर में लिखी। इसके बाद पीड़ित अपने घर वापस चला गया। रात में जब पीड़ित का भाई



मृतक का फाइल फोटो

घर वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई, तो पीड़ित दुकान पर पहुंचा तथा खोजबीन के दौरान दुकान का शटर थोड़ा खुला हुआ था। जब उसको उठाकर देखा, तो पीड़ित का भाई जीने के पास पर्दे के कपड़े से फांसी के फंदे पर लटकता दिखाई दिया। यह देख पीड़ित के होश उड़ गए तथा सूचना



पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

अपने परिजनों को दी। पहुंचे सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे तथा हलका इंचार्ज दरोगा रमाशंकर पांचाल भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने सूचना उच्च अधिकारियों को दी। सूचना पाकर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की तथा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुबह थाने पहुंचे परिजनों ने घटना के संबंध में आरोपीगणों के विरुद्ध तहरीर दी। जिसकी जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक से करने पर उन्होंने बताया की मामले की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर 11 युवाओं को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में आईटीआई एवं कौशल विकास तथा पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षार्थियों द्वारा स्वनिर्मित उत्पादो की प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


सम्मानित होते युवा मौजूद जनप्रतिनिधिगण

मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत, विशिष्ठ अतिथि विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चन्द्र वर्मा ने मां सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन किया। समस्त अतिथियों ने आयोजित प्रदर्शनी का भ्रमण किया एवं प्रशिक्षर्थियों को उनके द्वारा स्वनिर्मित उत्पादो हेतु सराहना की। सांसद ने रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनायें दी तथा स्वरोजगार को और अधिक बढ़ावा देने हेतु अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया। विशिष्ठ अतिथियों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रसंशा की गयी और अतिथियों द्वारा पूर्व में प्रशिक्षण उपरान्त चयनित हुए अभ्यर्थियों को यूथ आयकन के रूप में प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जनपद में विगत 03 वर्षों में उत्कृट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाता को चयनित कर उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद के श्रेष्ठ उद्यमियों को स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। 14 जुलाई को आयोजित हुए बृहद रोजगार मेला में 11 सर्वोच्च वेतन पर चयनित युवाओ को चयन पत्र प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षथियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम के रूप में बेटी बचाओ बेटी पढाओ नामक नाटक कार्यक्रम कोनगद पुरस्कार प्रदान कर प्रशिक्षार्थियों का मनोबल बढाया गया। व्यवस्था में प्रमुख रूप से कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेन्टिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेन्ट प्रभारी सुनील, विजेन्द्र सिंह, राज किशोर महतो, शुभांग मिश्रा, बृजेश यादव आदि उपस्थिति रहे।

## केक काटकर मनाया गया उर्मिला राजपूत का जन्मदिन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जहानगंज कस्वा स्थित कैरियर डिजिटल लाइब्रेरी में संरक्षक दिनेश चन्द्र राजपूत पूर्व प्रधान एंव डायरेक्टर सन्तोष राजपूत द्वारा सपा की पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत का जन्मदिन मनाया गया। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने केक काटकर काटकर जन्मदिन मनाया तथा सभी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने उर्मिला राजपूत को जन्मदिन की शुभकामनाएं एंव बधाई दी। इस मौके पर सुनीता शाक्य, सौरभ कटियार, रामविलास राजपूत, कृष्ण गोविंद यादव, सर्वेश राजपूत, पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, अमन यादव, राहुल राजपूत, रोहित राजपूत, संदीप सिंह, भगवान सिंह, अब्दुल बारिश, मेहताब उस्मानी, दिनेश सिंह राठौर, कुलदीप शाक्य, धीरज कुमार, श्यामबाबू राजपूत, मुंशीलाल वर्मा, विमलेश राजपूत, शिवपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार ने की आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

## परिजनों ने अधिवक्ताओं के साथ नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

थाना मऊदरवाजा के हाता पीर अली निवासी नाबालिक पुत्री के पीड़ित पिता ने अधिवक्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि आरोपी शमशी, वारिस, खुशनूर व अरशद व चार व्यक्ति अज्ञात ने घर में घुसकर नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। घर में रखी भगवान की मूर्तियां फेंकी और मुस्लिम धर्म जबरदस्ती अपनाने के लिए दबाव बनाया। 2 लाख रुपये की रंगदारी के रुप में मांग की। आरोपियों ने मेरे पुत्र को झूठा फंसाकर पुलिस द्वारा चालान करवाया। इस संबंध में पुलिस


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया है और न्यायालय में भी मुकदमा डाला है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने मुझे व मेरे परिवार को घर में नहीं घुसने दिया और घर पर ताला पड़ा है। ऐसे में घर जाने पर कोई अप्रिय घटना घटने की संभावना है। पीड़ित परिवार व अधिवक्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# कमलेश गुप्ता बने लिंजीगंज भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने कमलेश गुप्ता को लिंजीगंज व्यापार मण्डल का अध्यक्ष मनोनीत किया और प्रमाण पत्र देकर उनका स्वागत किया। कमलेश गुप्ता पहले से ही उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट में युवा जिला चेयरमैन पद लिये हुए है।

उसके बावजूद भी दूसरे संगठन में पदाधिकारी बनाये गये है। तीन संगठन में पद लेने वाले कमलेश गुप्ता ने बताया कि हम व्यापारी है हम सभी के साथ है। भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता अगर चाहें तो वह भी हमें पदाधिकारी बना सकते है। हम सभी व्यापारियों के साथ रहकर काम करेंगे। जो लोग संगठन की बात करते है हमें उससे कोई लेना देना नहीं है। हम सभी संगठनों का समर्थन करते है। इस संबंध में मिश्रा गुट युवा व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता ने बताया कि कमलेश गुप्ता तीनों संगठनों के लिंजीगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष है। मेरे साथ युवा कमेटी में जिला चेयरमैन है। ऊपर से अगर कोई आदेश मिला तो कमलेश गुप्ता को युवा चेयरमैन पद


कमलेश गुप्ता को मनोनयन पत्र देते आदेश अग्निहोत्री

से हटा देंगे। अभी वह मेरे साथ पदाधिकारी है। जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने बताया कि मेरे संगठन में पहले से ही लिंजीगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अरुण गुप्ता है। हमें अपने संगठन में उन्हें पदाधिकारी नहीं बनाना है। एक व्यक्ति एक संगठन में रहते हुए दूसरे संगठन में पदाधिकारी बनना नियम के विरुद्ध है। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल, फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर्स एसो. ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रान्तीय नेतृत्व के आवाह्न पर जिला इकाई द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि फाइनेन्सियल बिल 2025 के माध्यम से पेंशनरी नियमों में किये गये बदलाव को तत्काल निरस्त कर सेवानिवृत्त होने की तिथि के आधार पर पेंशनर्स समूह में भेद न पैदा किया जाये। 8वें वेतन आयोग तत्काल गठित किया जाये। 8वें वेतन आयोग की रिपोर्ट हर हाल में 01 जनवरी 2026 से लागू किया जाये। टर्म्स ऑफरिफरेन्स जारी किया जाये। जिसमें पेंशन पुनरीक्षण का बिन्दु शामिल हो। वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में दी गई सुविधा पूर्व की भांति लागू की जाये। कोरोना काल में 18


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते एसोसिएशन के लोग

महीने का मंहगाई भत्ता लागू किया जाये। नये और पुराने पेंशनर में पेंशन पेरिटी को फाइनेन्स एक्ट 2025 को वैलीडेशन क्लॉज से पेंशनर्स को प्रोटक्शन दिया जाये। कर्मचारियों, शिक्षकों एवं पेशनरों के वेतन पुनरीक्षण की तिथि एवं वेतन निर्धारण के प्रचलित नियमों के अनुरूप ही पेंशनरों की प्रेशन के पुनरीक्षण की तिथि एवं सिद्धान्त में समानता रखी जाये। पेंशनरों की पेंशन राहत का शासनादेश कर्मचारियों, शिक्षकों के मंहगाई भत्ते के शासनादेश की तिथि को ही जारी किया जाये। मंहगाई राहत को मंहगाई भत्ते से डी-लिंक न किया जाये। देश भर में एनपीएस और यूपीएस की व्यवस्था के स्थान पर कर्मचारियों एवं शिक्षकों को परिभाषित लाभ योजना ओपीएस ही प्रदान की जाये। पेंशन की राशिकरण की हो रही कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष की जाये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बीबी कटियार, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला, प्रभूदयाल, राजीव कुमार बाजपेयी, नंदकिशोर शर्मा, विनोद कुमार उपाध्याय, सुखदेव दीक्षित, मनीष दीक्षित, सुरेशचन्द्र शर्मा, अमरनाथ कश्यप, अखिलेश मुरारी पाण्डेय, श्रीकृष्ण पाल, शिवकुमार कटियार, सुभाषचन्द्र शर्मा, रामपाल शर्मा, राजेश बंसल, रामऔतार पाठक, रामपाल शर्मा, यदुनाथ सिंह सोमवंशी, सुभाषचन्द्र शर्मा, केशव सिंह यादव, कन्हैयालाल वर्मा, प्रेमचन्द्र वर्मा, वीरेन्द भगौलीवाल आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक नेता व प्रधानाचार्य परिषद ने दिया समर्थन

फर्रुखाबाद। माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह व प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री डा0 संदीप चतुर्वेदी ने सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन को समर्थन दिया और उनकी मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठायी। मांगें पूरी नहीं हुई तो जनपद स्तर पर ज्ञापन दिया जायेगा और प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगें।

# रेजांगला अमर शहीद कृष्ण मुरारी यादव के नाती को किया गया सम्मानित


रेजांगला शहीद के नाती को सम्मानित करते पूर्व सैनिक

## सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने नाती को सौंपा रज कलश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सपा सैनिक प्रकोष्ठ टीम ने सन् 1962 भारत-चाइना युद्ध में रेजांगला में शहीद हुए स्व कृष्ण मुरारी यादव के रेजांगला शहीद रज कलश को उनके नाती परवेन्द्र उर्फ भोले यादव ग्राम पमर खिरिया थाना मेरापुर पहुंचकर सम्मानित कर सुपिरत कर दिया। यह शहीद रज कलश रेजांगला शहीद यात्रा जो पूरे देश के तकरीबन सभी जिलों से होकर गुजरी है। जो 17 जून से शुरू हुई और अगस्त में दिल्ली में सम्पन्न होगी। इस अवसर पर पूर्व कैप्टन रामाधार सिंह, कैप्टन उदय राज सिंह, कैप्टन ओम प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह, बृजेश कुमार राव, दीप सिंह, सर्वेश कुमार, भूपेन्द्र सिंह, राकेश श्रीवास्तव, राधेश्याम यादव, सीपी सिंह, राजीव सिंह, नेतृपाल सिंह, योगेश कुमार, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।


अभिभावकों को सम्बोधित करते राजकिशोर शुक्ला

# मासिक बैठक में अभिभावकों ने स्कूल मर्जर का किया विरोध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उच्च प्राथमिक विद्यालय न्यामतपुर ढिलावली में शिक्षक संकुल की मासिक बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कुमार यादव (पर्यवेक्षक) की देख-रेख में आयोजित हुई। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष ज्ञान सिंह, कमलेश, चंद्र पाल, राजेश, चांदी लाल, अमित, सोनू, रतीराम, रीना, ज्योति, शशी, मिथलेश, गीता, संगीता, अर्चना, मीरा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने स्कूल मर्जर को गरीब बच्चों शिक्षा से वंचित करने का षडयंत्र बताते हुए विरोध दर्ज कराया। अभिभावकों ने लड़कियों को चार किलोमीटर दूर भेजने से स्पष्ट मना कर दिया। स्कूल में 43 बच्चे नामांकित हैं और दो शिक्षक तैनात हैं। बैठक में निर्देश गंगवार, अश्विनी चतुर्वेदी, अमीर सिंह, राजकिशोर शुक्ल, राजेश यादव, विनोद कुमार, हरीशंकर, अनीता राठौर, अंजू, लीना, साहब सिंह, ध्रुव सिंह सहित तीन दर्जन शिक्षक उपस्थित रहे।

# आढ़ती की मनमानी के चलते मक्का किसान पर भाड़े की पड़ी डबल मार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मक्का किसान पर दोहरी मार पड़ने से मानसिक तनाव है। बदनपुर निवासी मक्का किसान एक ट्राली मक्का लेकर बेंचने के लिए मण्डी पहुंचा। आढ़ती अरुण पाल ने 2030 रुपये कुंतल रुपये के भाव से सौदा तय हुआ। बाद में आढ़ती द्वारा मक्का गिली होने की बात कहकर मना कर दिया गया। जब आढ़ती ने अपनी मक्का दोबारा लोड कराकर सुखायी और फिर मण्डी पहुंचा तो आढ़ती ने 1800 रुपये कुंतल मक्का मांगी। जिस पर नाराज होकर मक्का किसान मनोज कुमार ने दूसरे आढ़ती से 1950 रुपये कुंतल में सौदा तय किया। जब आढ़ती अरुण पाल को पता चला तो उसने मनोज कुमार की मक्का वहां बिकने नहीं दी और कहा कि 1800 रुपये कुंतल मक्का हमें दो नहीं तो बिकने नहीं देंगे। पीड़ित किसान मनोज कुमार अपनी मक्का भरकर मण्डी से चला गया। इससे उसे दोहरे भाड़े की मार पड़ी। इस संबंध में पीड़ित किसान मनोज कुमार ने भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के प्रदेश महासचिव


जानकारी देते भाकियू नेता व मक्का किसान

राजेश दीक्षित बबलू से बात की और कहा कि हमें मक्का खरीदने के नाम पर आढ़ती परेशान कर रहे है। ऐसे में भाकियू नेता राजेश दीक्षित ने मांग की है कि किसान को परेशान करने वाले आढ़ती के खिलाफ कार्यवाही की जाये। जो बिना बजह डबल मार भाड़े की किसान पर पड़ी है उसका हर्जाना दिलाया जाये। ऐसा न हुआ तो भाकियू आढ़ती के खिलाफ कार्यवाही के लिए आंदोलन करेगी।

# 17 से 19 जुलाई तक विद्युत उपभोक्ताओं के लिए मेगा कैंप का आयोजन

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निर्देशन में जनपद में 17 जुलाई से 19 जुलाई 2025 तक खण्ड स्तर पर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड कन्नौज ने दी। मेगा कैंप प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। जिसमें उपभोक्ताओं की नए कनेक्शन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने जैसी तमाम विद्युत संबंधित शिकायतों का 1912 हेल्प डेस्क के माध्यम से पंजीकरण कर निस्तारण किया जाएगा। अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथियों पर निकटतम कैंप में पहुँचकर अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें। मेगा कैंप कार्यक्रम इस प्रकार है 17 जुलाई 2025 को खण्डीय कार्यालय मकरन्द नगर के ग्राम गुलरियापुर, पोस्ट सरायप्रयाग कन्नौज, 18 जुलाई को ग्राम उदैतापुर व जलालाबाद में 19 जुलाई को उप खण्डीय कार्यालय, तिर्वा के ग्राम कसाबा बहवलपुर में होगा।

## कांशीराम कालोनी के खाली 115 आवासों को लॉटरी सिस्टम से होगा आवंटन

कालपी,जालौन। स्थानीय नगर की काशीराम आवासीय कॉलोनी के खाली पड़े 115 आवासों को आवेदकों को उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका परिषद के द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। आगामी 22 जुलाई को उप जिलाधिकारी अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लॉटरी सिस्टम से आवेदक को आवासों की उपलब्ध करा करने की प्रक्रिया कराई जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि काशीराम आवासीय कॉलोनी में 744 आवास बने हुए हैं। जिसमें 115 खाली आवासों को पात्र आवेदकों को उपलब्ध कराने के लिए प्रक्रिया अपनाई जायेगी।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## विजेताओं छात्राओं को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रखा बालिका इंटर कालेज में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा गर्ल्स के तत्वाधान में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आए हुए अतिथियों का बैच लगाकर सम्मान किया गया। डॉक्टर सूरज सिंह और बीना राठौर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में छात्र कंचन श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वैष्णवी ने


सम्मानित होती छात्रायें

द्वितीय स्थान और दीप्ति राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

स्वयंसेवक रचना और नेमा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रतिभागी बच्चों को शील्ड प्रदान की गई। एक सैकड़ा से अधिक बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस अवसर पर सभी छात्राओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को सराहा गया।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व महिलायें

## विश्व युवा कौशल दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जन शिक्षण संसथान कार्यालय नगला दीना पर विश्व युवा कौशल दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य दयाचंद्र पाण्डेय व भाजपा फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रमला राठौर एवं निदेशक नीरज पारीक ने किया। संचालक करते हुए मनोज मिश्र ने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस का उद्देश्य युवाओं को अपनी आवश्यकता के अनुसार स्किल सीखकर रोजगार एवं नौकरी प्राप्त करना चाहिए। प्रधानाचार्य दया चन्द्र पाण्डेय ने कहा की युवाओं को अपनी जरूरत के हिसाब से स्किल सीख कर काम करना चाहिए। उन्होंने बताया की स्किल से अनेकों संभावनाएं पैदा होती हैं। मण्डल अध्यक्ष रमला राठौर ने भी महिलाओं से लगातार स्किल सीख कर काम करने का आवाह्न किया और कहा कि महिला जितनी सशक्त होगी परिवार व समाज भी उतना ही सशक्त होगा। निदेशक ने कार्यक्रम में आये समस्त लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पृथ्वीराज, मंजू शर्मा, सचिन शर्मा, करन कश्यप ने व्यवस्था देखी।

## 20 जुलाई को अवकाश प्राप्त शिक्षकों का होगा जनपदीय सम्मेलन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन जिला कार्य समिति की बैठक जिला मंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में 20 जुलाई रविवार को होने वाले जनपदीय सम्मेलन पर चर्चा हुई। अवकाश प्राप्त शिक्षकों की नेशनल वेतन वृद्धि पर कोषागार में पटल सहायक द्वारा धांधली पर रोष जताया गया। उपशिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा 1 जनवरी से स्वीकृति नेशनल वृद्धि के प्रकरणों को अभी तक लंबित रखा गया है। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के अवकाश प्राप्त शिक्षक शिवकांत मिश्रा के सुविधा शुल्क न देने पर पांच महीने बाद भी उनकी वेतन वृद्धि नहीं लगायी गई है। कई अवकाश प्राप्त शिक्षकों के प्रकरणों को लंबित रखा गया है। साथ ही सम्मेलन में 85 वर्ष पूरा कर चुके सदस्यों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर अहिवरन सिंह गौर, बृजकिशोर सिंह किशोर, ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री, आनंद कुमार त्रिवेदी, सोनेलाल यादव, रामनिवास अग्निहोत्री, देवेन्द्र सिंह गौर, सेठ बहादुर मिश्रा, उमेश चन्द्र गंगवार, गंगाराम मिश्रा, बृजेन्द्र श्रीमाली, परमेश्वरीदीन वर्मा मौजूद रहे।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर हुनर का हुआ सम्मान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा हुनरमंद युवाओं का सम्मान समारोह का आयोजन जोगराज स्थित चीजी क्रेजी कैफे के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला मिशन प्रबन्धक उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबन्धक डॉ0 महेन्द्र कुमार नामदेव, अवनीश कुमार एवं निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में उन युवाओं को भी सम्मानित किया गया जो आज अपने हुनर के बल पर समाज में अपनी अलग पहचान बनाने के साथ-साथ युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। सम्मानित होने वाले हुनरमंद युवाओं में यू-ट्यूबर शिवम् मिश्रा ने फर्रुखाबाद मेरी जान चैनल के माध्यम से जनपद की पहचान को सभी तक पहुचाया है। कीरतपुर निवासी अमिता दीक्षित रेडीमेड शर्ट तैयार करके समूह की 10 अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं। नबाबगंज के सोना जानकीपुर निवासिनी गीतांजलि चौहान चूड़ी,


सम्मानित हुनरबंद युवा

कंगन, पूजा थाली, पूजा वस्त्र तैयार कर रोजगार से जुड़ी है। कुटरा कालोनी फतेहगढ़ निवासी नमृता फूल झाड़ू निर्माण व आशादीप डिटरजेंट का निर्माण कर रहीं है, इनके माध्यम से 50 महिलाये इस कार्य में लगी हैं। नमृता आज के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत बनीं हैं। संस्था ने सभी को अभिनंदन पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विश्व युवा कौशल दिवस के पर निसबड के छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए। डॉ0 महेन्द्र कुमार नामदेव ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को स्वरोजगार से जुड़कर कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

जिला मिशन प्रबन्धक अवनीश कुमार ने कहा कि आज स्वरोजगार के लिए वातावरण सब प्रकार से अनुकूल है। निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सभी को रोजगार परक शिक्षा प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने एवं उसके कौशल का विकास करने का है। इंस्टीट्यूट द्वारा 23वीं सामान्य ज्ञान परीक्षा का पोस्टर भी जारी किया गया, यह परीक्षा 24 अगस्त को 4 केन्द्रों पर आयोजित होगी। संस्थान द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमे केशव, नितिन, शुभम, यतेन्द्र, वैभव कुमार के द्वारा युवा जागरूकता पर नाट्य मंचन किया गया। केशव पाण्डेय ने नमो नमो विशम्भरा, भोले नाथ संकरा... भजन का गायन किया। अंकिता ने डांस किया विश्व युवा कौशल दिवस को सार्थक करते हुए प्रगति, याशिका व अंजलि वर्मा ने सुन्दर पोस्टर बनाये। राधिका ने कौशल दिवस के सन्दर्भ में अपने विचार व्यक्त किये। संचालन आंचल साध व फाल्गुनी भैरवानी ने किया। सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुपर्णा मिश्रा, रिया त्रिवेदी, उज्जवल पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।


## सूचना

मेरी पुत्री का नगर पालिका से दिनांक 01/10/2024 को जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया था। जिसमें उसका घरेलू नाम रीति पाल अंकित हो गया है। जबकि उसका सही नाम ऋध्वी पाल है। जिसे वह नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज कराना चाहती है और इसी नाम से उसे जाना पहचाना जाये। प्रीती पाल पत्नी राहुल कुमार निवासी 6A/323 आवास विकास कालोनी, फर्रु0

## सूचना

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम कृष्णा (Krishna) व जन्मतिथि 01/01/2008 दर्ज हो गयी है, जबकि पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व हाईस्कूल की मार्कशीट में नाम अभय पाल (Abhay Pal) व जन्मतिथि 22/08/2009 दर्ज है, जो सही है। जिसे मेरे पुत्र के आधार कार्ड में संसोधन किया जाये। सुनीता पाल पत्नी विनोद कुमार पाल निवासी ग्वालटोली, फतेहगढ़, फर्रु0।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कढ़िउली वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 15/07/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वा वित्त/मनरेगा योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत कढ़िउली द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16/07/2025 से 22/07/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/07/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कढ़िउली गौशाला में ईंट टुकड़ा व राविश भराई कार्य | 4.20 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | कढ़िउली गौशाला में वृक्षारोपण कार्य | 2 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (शैलेन्द्र यादव) ग्राम पंचायत कढ़िउली, नवाबगंज सचिव (प्रवीन कुमार)

# पीडब्ल्यूडी विभाग सुस्त, चौड़ीकरण कार्य प्रभावित, निर्माणधीन सड़क गड्ढे में तब्दील

समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर के पक्का पूल बालूघाट मार्ग के प्रस्तावित चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने में सुस्त पड़े लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एक बार पुनः फीता लेकर सड़क का नाप जोक करते दिखाई देने लगे।



बताते चले कि पक्का पूल से भरपूर तिराहा तक सवा किलो मीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है। जिसपर एक माह पूर्व लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता आर पी चौरसिया व जेई अमर नाथ व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने चिन्हित स्थानों पर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया लेकिन पूरा चिन्हित अतिक्रमण नहीं हटवा सके। ठेकेदार द्वारा आनन फानन में सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू भी कर दिया गया और बारिश होने लगा। जिससे सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए जिसका खामियाजा बालूघाट से गुजर रहे अन्य राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। जिले कि सांसद व केंद्रीय रसायन उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के समीक्षा के बाद एक बार फिर मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के एई व जेई फीता लेकर सड़क को नाप जोख करते दिखाई दिए। इस दौरान चुनार किला ढाल पर चिन्हांकन कर नापजोख की गई। विभागीय टीम में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता आरपी चौरसिया और जेई अमरनाथ शामिल रहे। चिन्हांकन के दौरान विद्युत विभाग के ठेकेदार को रास्ते में बाधक बने करीब दर्जनों बिजली खंभों को जल्द हटाने के निर्देश दिए गए। वहीं, किला मैदान से ढाल तक नाली निर्माण के लिए भी ठेकेदार को कार्य आरंभ करने को कहा गया। गंगा पुल से भरपुर तिराहा और किला चढ़ान तक सवा किलोमीटर लंबे इस मार्ग की हालत काफी जर्जर व ध्वस्त हो चुकी है। जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे, जलभराव और टूटी पटरी के कारण राहगीरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा चौड़ीकरण के लिए टेंडर काफी पहले हो चुका था। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिन्हित स्थानों से अतिक्रमण हटाने में लापरवाही बरतने कि वजह से सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। जिसका खामियाजा स्थानीय सहित दूर दराज अन्य शहरों से आने जाने वाले अन्य राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

## लेदवा में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**महराजगंज।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लेदवा में जल निकासी की समस्या गंभीर हो गई है। नालियों का पानी मुख्य मार्गों पर बह रहा है। इससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो ही रहा है साथ ही साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्कूली बच्चों समेत राहगीरों के रोजाना कीचड़ में घुस कर आने जाने में दिक्कत हो रही है लोगों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। सड़कों पर जगह-जगह जमा गंदा पानी स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है। बारिश के मौसम में यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है। ग्रामीण अवधेश भारती, राजू भारती, राजू यादव, कुलदीप यादव और विनोद गौड़ ने इस समस्या पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि गलियों में पानी जमा होने से डेंगू और मलेरिया का खतरा बढ़ गया है। बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिससे लोगों से आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है।

## मिठौरा प्राथमिक विद्यालय का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** मिठौरा क्षेत्र के ग्राम लेदवा के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की अनुपस्थिति का मामला सामने आया है। उपजिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बीते सोमवार को स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक संजय सिंह और सहायक अध्यापक जयप्रकाश राय स्कूल में नहीं मिले। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महराजगंज व बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया कि दोनों शिक्षक कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहे हैं। निरीक्षण के समय विद्यालय में मात्र 23 छात्र उपस्थित थे। स्कूल में केवल एक शिक्षामित्र और एक सहायक अध्यापक मौजूद रहे। जांच में स्कूल में लाइब्रेरी और खेलकूद का सामान भी नहीं पाया गया। एसडीएम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधानाध्यापक संजय सिंह को निलंबित कर दिया साथ ही साथ सहायक अध्यापक जयप्रकाश राय के निलंबन की सिफारिश बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी है।

# नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने आजाद नगर वार्ड का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** नगर पालिका परिषद द्वारा आज़ाद नगर क्षेत्र में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। परिषद की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल और अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा ने 15 जुलाई को संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। एंटी लार्वा छिड़काव और जनजागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। डॉ. पुष्पलता ने क्षेत्रवासियों से घर और आसपास की सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने जलभराव रोकने पर भी जोर दिया।

टीम ने महराजगंज हॉट क्षेत्र और कर पथ पार्क में भी साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को नियमित सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में सफाई लिपिक लाल बहादुर, इंद्राशन, कार्यालय सहायक संदीप सहानी, ऋषभ दुबे उपस्थित थे। सफाई नायक तुलसी, मानिकचंद, प्रदीप कुमार, संजय निषाद, सुरेश कनोजिया, दुर्गेश खरवार और सतीश चंद सहित कई नगरवासी भी मौजूद रहे।

# बिलसंडा सचिव व प्रधान ने पैसा तो निकाला, लेकिन नहीं खरीदा सामान

समृद्धि न्यूज

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत के ब्लाक बिलसंडा के ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार वर्मा के कारनामे जिला स्तर के अधिकारियों को भी ज्ञात है उसके बावजूद पंचायतों की भरमार सचिव धर्मेंद्र कुमार वर्मा के पास है।




एक तरफ योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 16 प्रकार के सामानों की किट वितरित कर रही है जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों के हालात सुधरेंगे बच्चों के खेलकूद से लेकर पढ़ाई से संबंधित उस किट में 16 प्रकार की वस्तुएं हैं सचिव धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने प्रधान के साथ मिलकर 23 दिन पूर्व 25000 रुपए का भुगतान किट के नाम पर निकाल लिया और अभी तक किट आंगनबाड़ी केंद्र तक प्रधान के द्वारा नहीं पहुंचाई गई ।

जब किट के बारे में धर्मेंद्र कुमार वर्मा से पूछा गया तो उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया कि मेरी शिकायत करो मुझसे जानकारी कुछ मत लो जो करना है वह करो। सुबह ड्यूटी आने से पहले शराब के नशे में धुत बैठते हैं सचिन धर्मेंद्र वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकत्रि रेनू गंगवार ने बताया कि हमने कई बार प्रधान को बोला है की किट आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचा दीजिए प्रधान द्वारा सिर्फ टालमटोल किया गया 23 दिन भुगतान हो जाने के बाद भी बच्चों की किट को अभी तक न ही खरीदा गया है और ना ही केंद्र तक पहुंचाया गया है./ जांच का विषय यहां है कि बिना सामान लिए बिल किसी वस्तु का अपलोड किया गया और पैसे को निकाला गया और जिस फर्म में पैसा गया वहां से किट को खरीदा गया है अथवा नहीं यह तो बंदर बात करने वाले ही जाने।

ग्राम पंचायत मानपुर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है नलों के नाम पर प्रधान व सचिव धर्मेंद्र कुमार वर्मा के साथ मिलकर सरकारी खजाना तो खाली किया लेकिन नलों की हालात जस से तस बनी हुई है।

## ग्राम विकास अधिकारी पूरे दिन रहते मदहोश

एक प्रधान ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया । ब्लाक बिलसंडा के सचिव धर्मेंद्र कुमार वर्मा क्षेत्र में पूरे दिन शराब और सुल्फा के नशे में मस्त रहते हैं कई लोगों ने बताया कि एक-एक काम के लिए कई बार ब्लॉक के चक्कर लगाने पड़ते हैं ड्यूटी के दौरान एक जिम्मेदार अधिकारी का शराब के नशे में रहना चिंता का विषय है। और आज तक उच्च अधिकारियों ने इनकी जांच तक नहीं कराई इसी चीज का फायदा धर्मेंद्र कुमार वर्मा वह खूब उठा रहे हैं। नशे में होने के बाद यह अधिकारी और अथवा अन्य आदमी को भूल जाते हैं किस तरह कि बात करनी है किस आदमी से इस बात का भी इनको ढंग नहीं रहता इनकी बोली भाषा बदल जाती है और मुंह से अब अप शब्द ही निकलते हैं इनके ऐसा उसे व्यक्ति ने बताया।

# खबरें एक नजर में

### करौदीया गांव में सर्पदंश से महिला की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करौदीया गांव में सोमवार की रात्रि में महिला को सर्प ने दंस लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए जंहा पर चिकित्सक द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया महिला के पति की सूचना पर पुलिस में महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला के परिजनों में कोहरा मच गया है आलिया थाना क्षेत्र के करौदिया गांव निवासी मुलाई पाल की 45 वर्षीय पत्नी निर्मल को सोमवार की रात्रि में लगभग 1.30 बजे कान के नीचे डांस लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल मिर्जापुर लेकर गए जहां पर चिकित्सा में महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला के पति की सूचना पर हालिया पुलिस में महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत महिला को दो पुत्र व पुत्री है। महिला की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम से महिला की मौत की सूचना मिलने पर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई आग, झुलसी

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी महिला ने मंगलवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितिओ में केरोसिन डालकर आग लगा लिया जिससे महिला गंभीर रूप से झूलस गई। महिला को बचाने के लिए पहुँचे पति भी आंशिक रूप से झूलस गया महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आया जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। महिला की हालत गंभीर बनी हई है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार की 28 वर्षीय पत्नी शिव कुमारी ने मंगलवार की दोपहर अपने पत्नी से किसी बात को लेकर कहासूनी करने के बाद अपने ऊपर केरोसिन डालकर आग लगा लिया जिससे महिला गंभीर रूप से झूलस गई। महिला को बचाने के लिए पहुंचे महिला के पति भी आंशिक रूप से झूलस गया और पत्नी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने महिला का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफ़र कर दिया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की केरोसिन से गंभीर रूप से जलकर एक महिला गंभीर रूप से झूलसकर आई थीं उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफ़र कर दिया गया है महिला की हालत नाजुक है।

### मां दुर्गा काली मंदिर पर भक्तों ने किया दर्शन पूजन

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय क्षेत्र के दुर्गा काली खोह स्थित मां दुर्गा काली मंदिर पर श्रावण मास के प्रथम मंगलवार को भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने मां का दर्शन पूजन किया। इस दौरान घंटा घड़ियाल व मां के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो। सुबह से ही श्रद्धालुओं का रेला मंदिर पर पहुंचने लगा और कुंड में नहाने के बाद मंदिर परिसर में सजाए गए दुकानों से माला फूल और नारियल चुनरी, पेड़ा, लड्डू आदि प्रसाद लेकर कतार में खड़े होकर मां का जयकारे लगाते हुए गर्भगृह में पहुंच कर मां को भोग लगाया और दर्शन पूजन कर मां के चरणों में माथा टेक आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही काली खोह स्थित दक्षिणेश्वर काली माता का दर्शन पूजन किया। गर्भगृह में मौजूद पुजारी शिवानंद पूरी,आनंद उपाध्याय ने श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन कराया।

### डीएम ने विकासखंड कोन क्षेत्र के हरसिंहपुर का लिया जायजा

**चील्ह (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने हरसिंहपुर मल्लेपुर गंगा घाट पर गंगा के बढ़ते जलस्तर की स्थिति का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन गंगा बाढ़ को देखने मंगलवार को दिन के लगभग 12 बजे विकास खंड कोन क्षेत्र के हरसिंहपुर मल्लेपुर गंगा घाट पर पहुंची। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन क्षेत्र के बाढ़ चौकी जूनियर हाई स्कूल तिलठी पर उपस्थित बाढ़ चौकी पर तैनात कर्मचारियों को गंगा बाढ़ की स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया। तत्पश्चात उन्होंने बाढ़ राहत शिविर मिश्रीलाल इंटर कॉलेज मवैया में जाकर अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

### पुलिया का अप्रोच टूटकर बहा, आवागमन बाधित

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



ड्रमण्डगंज क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह ग्राम पंचायत के मझिले नाले पर बनी पुलिया का अप्रोच बारिश में बह जाने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों हुईं तेज बारिश के कारण मझिले नाले पर आई बाढ़ से नाले का एक छोर अप्रोच पानी में बह गया बारिश के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन की समस्या को देखते हुए पंद्रह वर्ष पहले ग्रामीणों के मांग पर पूर्व विधायक सूर्यभान द्वारा पुलिया का निर्माण कार्य कराया था बाढ़ में पुलिया का अप्रोच बह जाने से ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से सम्पर्क टूट गया है। ग्रामीण अर्पित सिंह, अभिनेश प्रताप सिंह, राजेंद्र पाल, गोकुला, बिंद्रा शर्मा, मुन्नी लाल, बब्बू पाल, चिंतामणि आदि ने बताया की चार दिन पूर्व मझिला नाला में आई तेज बाढ़ से पुलिया का अप्रोच रोड़ टूटकर बह गया। इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण आवागमन करते है पुलिया का अप्रोच रोड़ बहने से ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने आवागमन में दिक्क़तो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आवागमन की समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त पुलिया के अप्रोच रोड़ का निर्माण करवाए जाने की मांग की है।

### वित्त मंत्री और महापौर ने किया पौधरोपण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मंगलवार को जोन-7 क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 13, इंदिरा नगर, मधुबन पार्क के सामने स्थित पार्क में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 103 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें औषधीय, फलदार और छायादार प्रजातियों के पौधे शामिल थे। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी एवं लखनऊ की सुषमा खर्कवाल ने स्वयं पौधे लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सावन के शुभ अवसर पर बेलपत्र का पौधा लगाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुस कहा कि पेड़ प्रकृति की सबसे बड़ी देन हैं। एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान समाज को प्रकृति से जोड़ते हैं और भावनात्मक रूप से भी हमें प्रेरित करते हैं। इस सावन में बेल का पौधा लगाकर शिव को अर्पण करना भी एक आध्यात्मिक भाव है। महापौर आदरणीय श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने सिंदूर का पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा, सिंदूर नारी शक्ति और सम्मान का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर अभियान में लखनऊ नगर निगम ने देशभर में नारी गरिमा की मिसाल पेश की। आज सिंदूर का पौधा लगाकर हम उस भावना को प्रकृति से जोड़ रहे हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद पूजा जश्वनी ने लाल चंदन का पौधा लगाया और कहा, चंदन शांति, शुद्धता और परंपरा का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि यह क्षेत्र हरियाली से भरपूर और शांतिपूर्ण बने। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार द्वारा रुद्राक्ष का पौधा तथा अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार द्वारा आम का पौधा रोपित किया गया। आज के कार्यक्रम में 103 पौधों में लाल व सफेद चंदन, आम, अमरूद, सिंदूर, बेल, आंवला, पीपल, नीम, बॉटल ब्रश, जामुन, कचनार, इमली, पाकड़, बरगद, रुद्राक्ष, पारिजात और अर्जुन जैसे औषधीय, फलदार एवं छायादार पौधे सम्मिलित रहे।

# डीएम के साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न



समृद्धि न्यूज

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। विधायक बीसलपुर द्वारा विभिन्न ग्रामों से ग्रामसभा तथा चारागाह की भूमि को कब्जा मुक्त करवाने, ललौर गुजरानपुर में पुल के निकट सड़क निर्माण हेतु मिट्टी उपलब्ध कराने, बॉसुरी चौराहे से जहानाबाद जाने वाली सड़क तथा बरहा रोड़ को अतिक्रमण मुक्त कराने, पर्यात्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने, वनों के किनारे तार फेसिंग दुरूस्त कराये जाने सहित अन्य मांगे रखी गई।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुना और शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीत प्रताप सिंह, विधायक बीसलपुर श्री विवेक वर्मा, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, विधायक बरखेड़ा प्रतिनिधि, चेयरमेन पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिला अधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव, नगर मजिस्टेªट विजय वर्धन तोमर, उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सफाई न होने और पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान

**पीलीभीत।** जिले के बिलसंडा ब्लॉक के मानपुर गांव में सामुदायिक शौचालय की स्थिति को लेकर ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है बिलसंडा मानपुर का यह शौचालय अब गंदगी का केंद्र बन गया है। शौचालय में न सफाई होती है और न ही पानी की व्यवस्था है। टोटियां भी काम नहीं कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की बयार बहाने व गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से व्यक्तिगत शौचालयों के साथ हर गांव में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। सामुदायिक शौचालयों के संचालन के लिए महिला कर्मियों की तैनाती कर उन्हें प्रति माह 6,000 रुपये मानदेय और साफ-सफाई के लिए 3,000 रुपये भी दिए जाते हैं। बावजूद इसके जिम्मेदारों की उदासीनता और कर्मियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण स्वच्छता की योजना को पंख नहीं लग पा रहे हैं। ग्राम पंचायत मानपुर बिलसंडा का सामुदायिक शौचालय खुला तो मिला, लेकिन अंदर अव्यवस्थाओं की भरमार रही।

# गड़बड़ा धाम सेवटी नदी का रपटा क्षतिग्रस्त, भक्तों को हो रही परेशानी



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया क्षेत्र गड़बड़ा धाम शीतला धाम को जाने वाले सेवटी नदी पर स्थित जिला पंचायत द्वारा निर्मित रपटा क्षतिग्रस्त होने से दर्शन पूजन के लिए आने वाले भक्तो को काफ़ी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को दर्शन पूजन के लिए कार से पहुँचे वन विभाग के दरोगा सूरज पाण्डेय ने बताया की कार से गड़बड़ा धाम दर्शन पूजन के लिए आया था की रपटा क्षतिग्रस्त होने से मेरी कार फंस गई काफ़ी प्रयास के बाद कार किसी तरह से रपटा से निकल पाई।

स्थानीय निवासी मंगलधारी मिश्र, ज्ञानेश्वर दुबे, कृष्णा दुबे आदि ने बताया है की सेवटी नदी पर जिला पंचायत द्वारा बनाया गया रपटा क्षतिग्रस्त होने से दर्शन पूजन के लिए आने वाले भक्तो को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रसत रपटे की मरम्मत कार्य कराने की मांग किया है जिससे लोगो को असुविधाओ का सामना ना करना पड़े प्रत्येक सोमवार को गड़बड़ा धाम में भक्तों कि काफ़ी भीड़ दर्शन पूजन के लिए आती है।

# राज्यमंत्री ने किया रोजगार मेले का उद्घाटन, 300 कर्मियों का चयन



समृद्धि न्यूज

**पीलीभीत।** जनपद में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आयोजित रोजगार मेला उप्र कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पीलीभीत के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया।

आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उप्र संजय सिंह गंगवार द्वारा द्वीप प्रज्जलन कर किया गया। रोजगार में 15 निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, डाटा आपरेटर, टैक्निशियन, मार्केटिंग एण्ड सेल्समेन, फिटर, बैकिंग सेक्टर, मशीन आपरेटर, टेक्नी आपरेटर आदि सेक्टर के रिक्तियां अधिसूचित की थी। उक्त रोजगार मेले में 652 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया, जिसके सापेक्ष 300 अभ्यर्थियों को कम्पनियों द्वारा मौके पर ही चयन किया गया।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उप्र संजय सिंह गंगवार, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग केन्द्र संजय कुमार एवं नोडल प्रधानाचार्य/जिला समन्वयक शरदचन्द्र सागरवाल के द्वारा सेवायोजित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र व स्मृति चिन्ह सम्मानित/वितरण किया गया। राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनायें दी तथा सभी अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाऐं की।

# स्मार्ट गन्ना किसान अपना रहे फसल सुरक्षा के स्मार्ट तरीके

समृद्धि न्यूज

**पीलीभीत।** गन्ना विकास विभाग पीलीभीत द्वारा गन्ना किसानों को घातक कीटनाशकों के विकल्प के रूप में जैविक कीट नियंत्रण की विधियों को अपनाने के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है। किसानों के खेतों पर ही इन तकनीकों का प्रदर्शन कर लाभ बताए जा रहे हैं। जैविक कीट नियंत्रण न केवल रसायनों पर होने वाले खर्च को कम करता है, बल्कि पर्यावरण और मृदा स्वास्थ्य के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित है।



इसी क्रम में गन्ना विकास परिषद द्वारा अब तक विभिन्न विकास क्षेत्रों में किसानों को बड़ी संख्या में जैविक साधन वितरित किए गए हैं। जैविक कीट नियंत्रण की मुहिम के तहत कुल 800 ट्राईकोकार्ड 415 कृषकों को वितरित किए गए, जिससे करीब 240 एकड़ गन्ने की फसल को जैविक तरीके से कीटों से सुरक्षा मिली।

गन्ना विकास परिषद बरखेड़ा एवं चीनी मिल बरखेड़ा द्वारा 450 फनेल फेरोमोन ट्रैप 50 किसानों में वितरित किए गए, जिनसे 100 एकड़ गन्ने की रक्षा हुई। गन्ना विकास परिषद बरखेड़ा द्वारा अतिरिक्त 100 ट्राईकोकार्ड 55 किसानों में वितरित कर 50 एकड़ फसल को सुरक्षित किया गया। गन्ना विकास परिषद बीसलपुर द्वारा 200 ट्राईकोकार्ड 80 किसानों को वितरित किए गए, जिनसे 100 एकड़ गन्ना जैविक पद्धति से सुरक्षित हुआ। इस तरह कुल मिलाकर जनपद पीलीभीत में अब तक 600 एकड़ से अधिक गन्ना फसल को बिना किसी रासायनिक कीटनाशक के जैविक साधनों से सुरक्षित किया जा चुका है। गन्ना किसानों द्वारा भी इन प्रयासों की सराहना की जा रही है। किसानों ने बताया कि ट्राईकोकार्ड, लाइट ट्रैप, इंटेलिजेंट लाइट ट्रैप और फेरोमोन ट्रैप के उपयोग से फसल पर कीटों का प्रकोप घटा है, लागत घटी है और मिट्टी की उर्वरकता बनी रहती है। खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किसानों से लगातार अपील की जा रही हैं कि अधिक से अधिक किसान रसायन मुक्त और टिकाऊ खेती की दिशा में आगे बढ़ें तथा अपने खेतों को प्राकृतिक संरक्षण दें। इन विधियों से केवल हानिकारक कीट आकर्षित होकर मरते है, लेकिन मित्र कीटो को कोई नुकसान नहीं होता है। गन्ने की फसल के प्रमुख मित्र कीट है-लेडी बर्ड बीटल, क्राइसोपिला, सिरफिड मक्खी, और विभिन्न प्रकार की मकड़िया। इसके अलावा कुछ परजीवी मित्र कीट भी होते है जैसे ट्राईकोग्रामा वास्प, ब्रेकॉन वास्प, एपिरीकैनिया आदि स जैविक विधियों से पर्यावरण संरक्षण के साथ फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है। कीटनाशकों पर होने वाला खर्चा बच जाता है। जनपद के प्रगतिशील गन्ना किसान डॉ हरमीत सिंह ने बताया कि जैविक कीट नियंत्रण की विभिन्न विधियों को अपनाने के साथ ही वह जंगली जानवरो से फसल सुरक्षा के लिये आर्टिफिशल इंटेलिजेंट आधारित साउंड लाइट सिस्टम का उपयोग करते है। यह सिस्टम सोलर से रिचार्ज होता है तथा सेंसर लगे होने के कारण रात होते ही सक्रिय हो जाता है। इसमें गन्ने मे लगने वाले बोरर कीटो के नियंत्रण के लिये लाइट ट्रैप लगा है। साथ ही साउंड सिस्टम भी है जो जंगली जानवर जैसे सियार, जंगली सूकर, स्याही, आवारा पशुओ को दूर भगाता है। विगत दिनों जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर, मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर चीनी मिल द्वारा डॉ. हरमीत सिंह के कृषि फार्म का विजिट किया गया। डॉ सिंह के स्मार्ट कीट नियंत्रण की विधियों को देखा और इसकी सराहना की। ऐसे किसान उन किसानों के लिये प्रेरणा का काम करते है जो कीट नियंत्रण के लिये महगे एवं घातक रसायनो का प्रयोग करते है।